आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024

वर्ष 4, अंक 222, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा 14

फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 13

## एक नजर

### केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का एक और मामला सामने आया है। भारत में एमपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। बताया जा रहा है कि उसे तेज बुखार था और जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मरीज का कोच्चि के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। जांच के बाद पता चलेगा कि मरीज एमपॉक्स के खतरनाक और तेजी से फैलने वाले क्लैड-1बी स्ट्रेन से संक्रमित है या नहीं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली अग्रणी कंपनी है। कंपनी के एक आदेश में कहा गया है कि तकनीकी और सामान्य प्रशासन में कम से कम 15 प्रतिशत रिक्तियां अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी।

# दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ युवती को देखने पर हुआ हंगामा

## दुकान में की तोड़फोड़, बाइक में लगाई आग, मकान किया गया सील

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मुखानी क्षेत्र के छड़ायल इलाके में मॉड्यूलर किचन की दुकान चलाने वाले दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ दुकान में काम करने वाली युवती को लोगों ने देख लिया। इससे भड़के हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दुकानदार पर कार्रवाई की मांग करते हुए उसकी दुकान में तोड़फोड़ की और बाइक को आग लगा दी। हालांकि पुलिस को मामले में तहरीर नहीं मिली है लेकिन प्रशासन ने ऐहतियातन संबंधित व्यक्ति के मकान-दुकान को सील कर दिया है।

छड़ायल क्षेत्र में गैस गोदाम रोड के पास समुदाय विशेष के व्यक्ति का घर है उसमें ही उसकी हिंदुस्तान मॉड्यूलर किचन के नाम से दुकान है। उसकी दुकान में दो युवतियां काम करती हैं। गुरुवार रात दुकान स्वामी दुकान में काम करने वाली एक युवती के दमुवाढूंगा स्थित घर पहुंचा था। जहां लोगों ने उसे देखकर हंगामा कर दिया। इस मामले को लेकर लोगों ने शुक्रवार को उसकी दुकान के पास पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। जिसमें भाजपा, हिंदूवादी संगठन के लोग भी लोग थे। प्रदर्शनकारियों ने दुकान में तोड़फोड़ की और घर के अंदर खड़ी तीन मोटर साइकिलों में आग लगा दी। जिसमें एक बाइक पूरी तरह से जल गई। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को अलग हटाया।



प्रदर्शनकारियों से वार्ता करते एसपी सिटी प्रकाश चंद। ● अमृत विचार

हंगामा कर रहे प्रदर्शनकारियों ने मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उधर, दुकान स्वामी घर व दुकान को बंद कर रात में ही वहां से निकल गया था। इस बीच पहुंची प्राधिकरण की टीम ने मकान-दुकान का निरीक्षण किया तो मकान में दुकानें, बेसमेंट और मार्गाधिकार का उल्लंघन जैसी कमियां मिलीं। साथ ही मकान का नक्शा भी नहीं मिला। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि खामियों के चलते मकान को सील कर दिया गया है। इधर, एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि युवती की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# हरिद्वार में मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, छर्रे लगने से कई घायल

- बदमाशों ने गुरुवार देर रात दवा फैक्ट्री में फायरिंग कर मचाई थी दहशत

ब्यूरो, हरिद्वार

**अमृत विचार :** गुरुवार रात सिडकुल क्षेत्र स्थित दवा फैक्ट्री में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। वहीं दवा फैक्ट्री में फायरिंग में कई लोग छर्रे लगने से घायल हुए। उनका निजी अस्पताल में उपचार कराया गया है।

शिवालिक नगर क्षेत्र में गुरुवार की रात राहुल, धनुष, मोहित, विकास अंबरीश आदि कुलदीप बिश्नोई व आयुष तोमर के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। उसी दौरान इनके बीच किसी बात पर झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ने लगा तो राहुल व उसके साथी वहां से चले गए लेकिन आयुष व कुलदीप के ग्रुप ने पीछा कर प्रमुख दवा फैक्ट्री के गेट के पास उन पर फायर कर दिया। छर्रे लगने से घायल हुए तो वे लोग खुद को बचाने के लिए फैक्ट्री के गेट के अंदर चले गए।



मुठभेड़ में घायल बदमाश से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

आयुष व कुलदीप आदि ने गेट के घुसकर भी फायरिंग जारी रखी, जिससे बीच बचाव कर रहे कई फैक्ट्री कर्मियों को भी छर्रे लग गए। इसके बाद हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। हमलावरों के जाने पर सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने तत्काल हमलावरों को तलाशने के निर्देश दिए। इसी के साथ जिले भर में नाकेबंदी कर पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई। इधर, शुक्रवार सुबह करीब 07:30 बजे हर्बल चौक पर सिडकुल पुलिस को बुलेट मोटर साइकिल पर 03 संदिग्ध आते दिखाई दिए। उन्हें रुकने को कहा गया तो बाइक सवार वहां से भाग खड़े हुए। आगे जाकर पुलिस ने बाइक सवारों को घेर लिया। घिरने पर बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में आयुष तोमर व कुलदीप बिश्नोई पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उसका तीसरा साथी मौके से फरार हो गया। कुलदीप बिश्नोई (24) रोशनाबाद का और आयुष तोमर बागपत जिले के ग्राम सिलसली का रहने वाला है। वह वर्तमान में रामधाम कालोनी सिडकुल में रहता है। उसका लंबा-चौड़ा आपराधिक इतिहास है।

# पत्नी की हत्या कर काटा खुद का गला

- घायल नेपाली मजदूर की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर
- नशे की हालत में दिया वारदात को अंजाम, वाहनों के शीशे भी तोड़े

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** कपकोट थाना अंतर्गत गैरखेत गांव में मजदूरी कर रहे एक नेपाली मजदूर ने बीती मध्य रात्रि अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने तीन मासूम बच्चों के सामने टाइल कटर से अपना गला काट लिया। इससे पहले नशे में धुत मजदूर ने घर के सामने खड़े वाहनों के शीशे भी तोड़ डाले।

गैरखेत में कुछ नेपाली मजदूर अपने परिवार के साथ रहते हैं। जिनमें से नेपाल के मोहू जिले का मूल निवासी 35 वर्षीय सगुने कामी पुत्र अमरेक कामी पत्नी शारदा कामी (32) तथा अपने तीन बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता है। गुरुवार रात सगुने कामी ने अन्य दिनों की तरह नशा किया तथा फिर अपने परिवार के साथ बैठकर खाना खाया। बच्चों ने बताया कि खाने के दौरान किसी प्रकार का झगड़ा नहीं हुआ था। खाना खाकर सभी लोग सो गए।

आधी रात में मजदूर सगुने ने अचानक गहरी नींद में सो रही अपनी पत्नी शारदा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसके बाद वह बाहर आया तथा हंगामा मचाते हुए वहां खड़े वाहनों के शीशे तोड़ दिए। उसका शोर सुनकर पड़ोसी अन्य नेपाली भी वहां पहुंचे परंतु वह कुछ समझ नहीं सके।

इसी दौरान वहशी बना मजदूर घर के अंदर गया और टाइल कटर मशीन से अपना गला काट दिया। इसके बाद अन्य नेपाली साथियों ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी तथा उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर दिया गया।

# अगले साल सशक्त भू-कानून लाएगी सरकार : मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अगले बजट सत्र में हम राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप सशक्त भू-कानून लाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भू कानून एवं मूल निवास के मुद्दे को लेकर संवदेनशील है और हम चाहते हैं कि सबकी भावनाओं के अनुरूप भू-कानून बने, सरकार इसके लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री धामी शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड में नगर निकाय क्षेत्र से बाहर ढाई सौ वर्ग मीटर भूमि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति खरीद सकता है, परंतु ऐसा संज्ञान में आया है कि एक ही परिवार में अलग-अलग नामों से भूमि क्रय करके उक्त प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इसकी जांच कराएंगे और जिन भी व्यक्तियों ने ऐसा किया है उनकी भूमि राज्य सरकार में निहित की जाएगी।



- राज्य स्थापना दिवस से पहले यूसीसी लागू हो पाना संभव नहीं

पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में जिन भी व्यक्तियों ने पर्यटन, उद्योग आदि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अनुमति लेकर भूमि क्रय की है, परंतु उस भूमि का उपयोग इस प्रयोजन हेतु नहीं किया, ऐसी जमीनों का विवरण तैयार करा रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी संज्ञान में आया है कि भूमि क्रय संबंधी नियमों में वर्ष 2017 में जो बदलाव किए गए थे, उनका परिणाम सकारात्मक नहीं रहा है। ऐसे प्राविधानों की समीक्षा की जाएगी और आवश्यक हुआ तो उन्हें समाप्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बचाने के उद्देश्य से उठाए जा रहे इन कदमों से किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्थाओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, जिनके निवेश से उत्तराखंड में पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, व्यापार आदि विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन होता है तथा अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है।

समान नागरिक संहिता के कब तक लागू होने संबंधी सवाल पर सीएम धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने की समय सीमा नौ नवंबर तय की हुई थी। समिति पूरी कोशिश में जुटी है। लेकिन अभी कुछ प्रावधान हैं जो करने हैं। इसलिए इसमें देरी हो रही है। अक्तूबर के पहले सप्ताह में समिति की बैठक होगी। तब साफ हो जाएगा कि यूसीसी कब लागू होगा।

## जमीन घोटाला मामला

# सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

**मैसूरू।** लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में अदालत के आदेश के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने बुधवार को इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत का यह आदेश हाईकोर्ट द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है।

# तेलंगाना के मंत्री के परिसरों पर ईडी का छापा

- धनशोधन के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

हैदराबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तस्करी गिरोह से संबंधित लगभग 100 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े कई परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद समेत राज्य में करीब पांच स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

धन शोधन का यह मामला राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा पी. श्रीनिवास रेड्डी के बेटे हर्ष रेड्डी के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। हर्ष रेड्डी पर आरोप है कि उन्होंने सात करोड़ रुपये की पांच घड़ियां खरीदी हैं, जिनके भुगतान क्रिप्टो करेंसी और हवाला गिरोह से जुड़े हैं और ए नवीन कुमार नामक व्यक्ति इस मामले में निदेशालय की जांच के दायरे में है। कांग्रेस नेता पी. श्रीनिवास रेड्डी तेलंगाना सरकार में राजस्व, आवास, सूचना और जनसंपर्क मंत्री हैं।

### जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली/जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जून में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले की जांच के तहत शुक्रवार को राजौरी और रियासी जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए अधिकारी जम्मू-कश्मीर में सात स्थानों पर छापे मार रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा नौ जून को श्रद्धालुओं की बस पर की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के बाहर के सात तीर्थयात्रियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। गृह मंत्री ने इस आतंकवादी हमले की जांच का जिम्मा 17 जून को एनआईए को सौंपा था। इस मामले में अब तक राजौरी के एक व्यक्ति हाकम खान को गिरफ्तार किया गया है, जिसने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद मुहैया कराई थी।

# प्रसाद विवाद: जांच के लिए एसआईटी गठित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पूर्ववर्ती सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं। मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने गुरुवार देर रात जारी आदेश में कहा कि सरकार ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की पवित्रता की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरे मामले की विस्तृत जांच करने के लिए एक एसआईटी गठित किया है।

# यूपी में भारी बारिश से खेत में खड़ी धान मक्का व गन्ने की फसलें गिरीं

- उत्तर प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश कर लौट रहा मानसून
- पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश से मानसून कई जिलों में झमाझम बारिश करते हुए वापसी कर रहा है। 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई है। गरज-चमक के साथ हुई भारी बरसात ने उमस से राहत तो दी, लेकिन धान, मक्का और गन्ने आदि की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गईं। इसका बड़ा कारण बारिश के दौरान तेज हवाओं का चलना भी रहा। अयोध्या, अमेठी, अंबेडकर नगर, बहराइच आदि जिलों में खड़ी फसलों के गिरने से किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है।

राज्य के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। शुक्रवार को कानपुर, कन्नौज, बांदा ,गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली आदि में अच्छी बरसात हुई।

राजधानी लखनऊ में भी गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से शहर सराबोर दिखा। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश ने बताया कि शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने की संभावना है।



बारिश के बाद खेत में गिरी धान की फसल।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुधार नहीं

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं है। प्रमुख नदियां उफनाई हुई हैं। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान लगाया है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी और गोंडा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तो वहीं हरदोई, बस्ती, लखनऊ और सिद्धार्थनगर में ऑरेंज अलर्ट लागू है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

फिलिप कैपिटल इंडिया में कमोडिटीज रिसर्च के वाइस प्रेसीडेंट अश्विनी बंसोड़ का तर्क है कि सितंबर के चौथे सप्ताह और अक्टूबर की शुरुआत में भारी बारिश के कारण अगैती फसलों की बोआई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसका असर बारिश की मात्रा व अवधि पर निर्भर होगा। अगर अक्टूबर के शुरुआती 15 दिन तक बारिश होती है तो खेतों में पानी जमा होने से फसलों को ज्यादा पहुंच सकता है।

## सजगता ही सेहत

### स्वास्थ्य सचिव ने पेश किए आंकड़े, इस गंभीर समस्या को लेकर जताई चिंता

# हर दस में से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर सचेत किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को देश में बढ़ती इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) रोग तेजी से प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरती समस्या है।

युवाओं में इसका खतरा और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कि भारत में 10 में से एक से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग पाया जा रहा है और मोटापे तथा मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकारों से जुड़ी यह बीमारी तेजी से एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है।

अपूर्व चंद्रा ने यहां गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग से जुड़े संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किए। उन्होंने कहा कि भारत ने इसे एक प्रमुख गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) के रूप में पहचानने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'एनएएफएलडी तेजी से एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रहा है, जो मोटापे, मधुमेह और हृदय रोगों जैसे चयापचय संबंधी विकारों से निकटता से जुड़ा है। 10 में से एक से तीन लोगों में एनएएफएलडी हो सकता है, जो बीमारी के प्रभाव को उजागर करता है।' चंद्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी करना बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे महत्व को दर्शाता है।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि ये दस्तावेज सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों से लेकर चिकित्सा अधिकारियों तक सभी स्तरों पर स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेंगे।

उन्होंने एनसीडी से पीड़ित लोगों के लिए देखभाल की निरंतरता के महत्व पर भी जोर दिया और एनएएफएलडी के प्रसार को कम करने के लिए जीवनशैली में संशोधन की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेष कार्याधिकारी पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इन दिशा-निर्देशों को जमीनी स्तर के कर्मियों तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि बीमारी का जल्द पता चल सके और एनएएफएलडी का बोझ कम हो सके।



### भारत में बिना मोटापे वाले लोग भी चपेट में

गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग उन लोगों को प्रभावित करता है, जो शराब कम पीते हैं या बिल्कुल नहीं पीते हैं। इसमें लिवर में बहुत अधिक वसा जमा होने लगती है, जिससे इस अंग का सामान्य कार्य प्रभावित होने लग जाता है। विशेषज्ञों को ठीक से पता नहीं है कि लिवर में वसा बनने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं। हालांकि जीवनशैली के कारक इसका खतरा बढ़ाने वाले माने जाते हैं। पश्चिमी देशों में एनएएफएलडी के ज्यादातर मामले मोटापे के शिकार लोगों में देखे जाते रहे हैं। हालांकि भारत में देखा जा रहा है कि बिना मोटापे वाले करीब 20 प्रतिशत लोग भी इस रोग की चपेट में हैं।

## सार-संक्षेप

### भीमताल में 108 बेसिक शिक्षकों की काउंसलिंग हुई

**भीमताल :** नैनीताल जनपद के लिए बेसिक शिक्षा में 108 रिक्त पदों की भर्ती के लिए काउंसलिंग की गई। मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय में इससे पूर्व इससे पूर्व में 70 अतिथि शिक्षकों की ओर से प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्ति हो चुकी है। जिला प्रारंभिक शिक्षाधिकारी एचबी चंद ने बताया कि जिले में बेसिक शिक्षा में 190 पद खाली थे, लेकिन पूर्व में 70 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। बताया कि 120 पदों पर 17 पद बैक लाग में थे और शुक्रवार को शेष 108 पदों पर काउंसलिंग पूरी कर ली गई है।



नैनीताल में पोस्टर का विमोचन करतीं दुर्गा पूजा कमेटी की महिलाएं और सदस्य।

### दुर्गा पूजा कमेटी ने किया पोस्टर का विमोचन

**नैनीताल :** नैनीताल में 68 वां दुर्गा पूजा महोत्सव 8 से 12 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मां नयना देवी मंदिर परिसर में मां दुर्गा की मूर्ति का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा जाएगा। शुक्रवार को सेवा समिति हॉल में दुर्गा पूजा कमेटी और नगर की विभिन्न संगठनों से पहुंची महिलाओं के साथ बैठक की गई। बताया कि दुर्गा महोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिलाएं उत्तराखंड की सांस्कृतिक परिधान में मौजूद रहेगी। साथ ही महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम ओर पूजा में सभी लोग बढ़ चढ़ कर हिसा लेंगे। मेला परिषर व मंदिर परिषर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन फर्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, पीके शर्मा, दिनेश भट्ट, सुरेश चौधरी, डॉली भट्टाचार्या, सुमन शाह मंजू रौतेला, अमिता शाह, सुमन शाह, लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल, मीनू बुधलाकोटी, डॉ. सरस्वती खेतवाल, मंजू बिष्ट, भावन भट्ट, जीवंती भट्ट, सावित्री सनवाल, कविता गंगोला, रचना साह, रेशम टंडन, कंचन जोशी, वंदना, मीनाक्षी शाह आदि लोग मौजूद रहे।

### क्वैराला गांव में हो रहे भूस्खलन से बढ़ा खतरा



**भीमताल :** सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह ऐरी ने ओखलकांडा ब्लॉक के क्वैराला गांव में लगातार हो रहे भूस्खलन एव भू-धंसाव की भू- गर्भीय जांच कराने की मांग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र में बताया गया है कि क्वैराला गांव में बारिश के दौरान लगातार भू-स्खलन एव भू-धंसाव बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों जुलाई और सितंबर माह में हुई तेज बारिश में टीकम सिंह ऐरी का मकान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया और आसपास के बहुत से मकानों में दरारें आ गई हैं। उस दौरान सभी लोगों ने गांव के अन्य घरों में शरण ली। मकान से 200 मीटर ऊपर से ही जमीन खिसकने लग गई, जो यहां रह रहे सभी 12 परिवारों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। देवेंद्र सिंह ऐरी ने मांग की कि क्वेराला गांव में भू-गर्भ विभाग द्वारा सर्वे कराया जाए।



दुर्गा महोत्सव के दौरान लगने वाली दुकानों की टेंडर प्रक्रिया कराते अधिकारी।

### वंदना अग्निहोत्री के नाम खुला दुकानों का टेंडर

**नैनीताल :** आगामी 8 से 12 अक्टूबर तक प्रस्तावित दुर्गा देवी महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर पालिका की ओर से महोत्सव आयोजन के लिए दुकान व झूला निर्माण का टेंडर किया गया। 23 .51 लाख में टेंडर वंदना अग्निहोत्री के नाम रहा। नगर पालिका में प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व अन्य समिति सदस्यों की मौजूदगी में झूला व दुकान निर्माण का टेंडर आयोजित किया गया। टेंडर के लिए चार लोगों ने आवेदन किया था। जिसमें से दो आवेदक वंदना अग्निहोत्री व ठाकुरजी इंटरप्राइजेज ही तकनीकि बिट में पास हो सके। जिसमें 23 .51 लाख की धनराशि में ठेका वंदना अग्निहोत्री के नाम रहा। एसडीएम ने बताया कि बिजली व्यवस्थाओं व टेंट निर्माण का टेंडर शुक्रवार को खुलेगा। इस दौरान ईओ पूजा चंद्रा, संजय कनवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



पुस्तिका का विमोचन करते पर्यटन अधिकारी और होटल एसो. के पदाधिकारी।

### विश्व पर्यटन दिवस पर नैनीताल में आयोजित हुई ट्रैकिंग

**नैनीताल :** विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर शुक्रवार को पर्यटन विभाग ने ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। जो नैनीताल से शुरू होकर कैंची धाम में समाप्त हुई। ट्रैकिंग दल को नैनीताल होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला पर्यटन अधिकारी और होटल एसोसिएशन ने पर्यटन पर आधारित चार बुकलेट का विमोचन भी किया। जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया ट्रैकिंग में करीब 100 छात्र छात्राएं मौजूद रहे। ट्रैकिंग के दौरान बर्ड वाचिंग और स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टांकी बेंड स्थित एक निजी रिजॉर्ट से टीम को स्नो व्यू, बिड़ला चुंगी, और दुनिखाल होते हुए कैंचीं धाम ले जाया गया। जहां से शाम को वाहनों से नैनीताल वापस लाया गया। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया ट्रैकिंग की थीम टूरिज्म एंड पीस रखी है। बुकलेट्स में नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों की जानकारी, झीलों और झरनों का विवरण, वन्यजीवों और पक्षियों की जानकारी, और ऐतिहासिक भवनों की जानकारी शामिल है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने कहा कि पर्यटन और शांति की थीम के तहत, युद्ध और पर्यटन एकसाथ नहीं चल सकते। उन्होंने इस ट्रेकिंग रूट के सफल होने पर रोप वे (रज्जू मार्ग) की मांग की संभावना भी जताई।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488

### टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**टनकपुर :** पांचवे उत्तराखंड राज्य खेलों में स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर के एथलीटों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रशिक्षक मुकेश शर्मा ने बताया कि बालक वर्ग अमित रेसवाल ने हाई जंप में गोल्ड मेडल, मिथिलेश सिंह ने वॉक रेस में सिल्वर मेडल व पवन रेसवाल ने ब्रॉंज मेडल और सोहेल ने ट्रिपल जंप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। बालिका ओपन वर्ग अंकित बोहरा ने 800 मीटर में गोल्ड मेडल व 1500 मीटर में सिल्वर मेडल, भगवती ने लॉन्ग जंप में गोल्ड व ट्रिपल जंप में सिल्वर मेडल जीता।

# पाइप लाइन बिछाने का काम रोका

## एसडीएम ने बल्यूटी में जल जीवन मिशन के तहत घटिया कार्य को देखते हुए दिए निर्देश

▸▸ कम मोटाई और निम्न गुणवत्ता के लगा दिए गए पेयजल पाइप

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** उप जिलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार ने धारी विकास खंड के अन्तर्गत ग्रामसभा बल्यूटी का निरीक्षण किया।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए गए कार्य को देखा। निरीक्षण में पता चला कि संबंधित ठेकेदार द्वारा जो पाइप बिछाया जा रहा है उसकी क्वालिटी अच्छी नहीं है और मोटाई भी कम है। इस पर एसडीएम ने तुरंत काम रुकवाने के निर्देश सहायक अभियंता को दिए। इधर एई ने अवगत बताया कि ठेकेदार को जेई के द्वारा भी सही गुणवत्ता के पाइप लगाने के संबंध में नोटिस दिया गया है। लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य सुधारा नहीं गया है। पाइप को लेकर ग्रामवासियों में काफी आक्रोश भी है।



बल्यूटी ग्रामसभा का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार।



जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करते विधायक प्रतिनिधि विकास भगत।

बताया गया कि ग्रामवासियों द्वारा पाइप लाइन के अलाइनमेंट को लेकर भी शिकायत की गई है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि ठेकेदार द्वारा बार- बार गधेरे के आरपार पाइप लाइन को ले जाने से पाइप लाइन के आपदा से क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। इस संबंध में सहायक अभियंता को ग्रामवासियों की मौजूदगी में सही अलाइनमेंट के संबंध में निर्देशित किया गया। सहायक अभियंता को कार्य को रुकवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### जल जीवन मिशन के कार्यों पर विकास भगत ने जताई नाराजगी

**कालाढूंगी :** शुक्रवार को विधाकय प्रतिनिधि विकास भगत ने ग्राम चांदनी चौक में संस्थान के अधिशाषी अभियंता रवि शंकर लोसाली के साथ ग्राम सभा मे चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य कोआधा-अधूरा बताने के साथ कार्य में लीपापोती का आरोप लगाया। जिस पर विधायक प्रतिनिधि विकास ने नाराज प्रकट करते हुए पेयजल किल्लत पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता को जल्द से जल्द इसके समाधान के लिए निर्देशित किया। अधिशासी अभियंता लोशाली ने एक सप्ताह में पेयजल किल्लत का समाधान करने का आश्वासन दिया। यहां जल संस्थान के एई हरिश्चंद्र पंत, खगेंद्र जोशी, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह जंतवाल, महामंत्री विनोद बुढलाकोटी, नवीन, तारा दत्त रखोलिया, जगदीश बुढलाकोटी, केवलानंद आदि रहे।

# एरीज, डीएसटी के अफसरों ने दिया स्वच्छता का संदेश



पौधा रोपते एरीज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष ए एस किरण। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत एरीज व डीएसटी के आला अधिकारियों ने स्वच्छता का संदेश दिया। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज व प्रौद्योगिकी विभाग के विज्ञानियों ने शुक्रवार को गांधी गांव ताकुला में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

14 सितंबर से जारी स्वच्छता पखवाड़े के तहत क्षेत्र में सफाई का जायजा भी लिया। एरीज गवर्निंग बॉडी व इसरो के पूर्व अध्यक्ष एएस किरण की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर एरीज परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौध रोपा गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग निदेशक प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता राष्ट्रीय अभियान है। इसमें सभी को भाग लेना चाहिए। उन्होंने गांधी ग्राम ताकुला का भ्रमण किया। निदेशक प्रो. दीपांकर बनर्जी ने कहा कि एरीज सामाजिक क्षेत्र में दायित्व निभाता आ रहा। यहां डॉ. बृजेश कुमार, रजिस्ट्रार रजनीश मिश्रा, इंजीनियर मोहित जोशी व हंसा कार्की शामिल थे। भरत सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### अग्निवीर बनने का तरीका बताया

**नैनीताल :** युवाओं को वायुसेना से जोड़ने के लिए जिले में शिविर और प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती की जानकारी देने हेतु वायुसैनिक चयन केन्द्र, रेस कोर्स नई दिल्ली की टीम ने प्रशिक्षण के अंतिम दिन राजकीय इंटर कालेज खैरना, राजकीय इटंर कालेज रातीघाट और जीबीपंत इंटर कालेज भवाली के छात्र छात्राओं को अग्निवीर भर्ती की पूरी प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मापदंड और अग्निवीर के रूप में मिलने वाले लाभ की जानकारी दी। इस दौरान चार साल बाद किस तरह अग्निवीरों के लिए घोषित आरक्षण का लाभ मिलेगा उसकी जानकारी भी दी गई। इस दौरान सार्जेंट दीपक केशरी, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, नवीन पंत, सीमा बर्गली रहे।

# हल्द्वानी के युवक का शव नैनी झील में मिला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में झील में उतराता शव देख लोगों में हड़कंप मच गया। शव की शिनाख्त हल्द्वानी निवासी सौरभ भट्ट के रूप में हुई। पंचायतनामा भरने के बाद पुलिस की ओर से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे तल्लीताल डांठ के पास में लोगों को एक अधेड़ का शव झील में उतराता दिखाई दिया। झील में शव को देख क्षेत्र में लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद एसआई भावना बिष्ट व चीता कांस्टेबल अमित गहलोत मौके पर पहुंचे। उन्होंने नाव चालक व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव को झील से बाहर निकाला। हालांकि दो घंटे तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं शाम को ठंडी सड़क से एक व्यक्ति ने पुलिस को किसी व्यक्ति का बैग मिलने की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसमें एक मोबाइल, बैंक पासबुक, पर्स व पास में जूते मिले। डैड मोबाइल को चार्ज कर पुलिस ने मोबाइल की जांच की तो उसमें 75 मिस कॉल आई हुई थी। पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क किया तो मृतक की पुष्टि कुसुमखेड़ा हल्द्वानी निवासी सौरभ भट्ट के रूप में हुई है।

# कुमाऊं विवि में चैटबॉट लॉंच

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने महत्वपूर्ण तकनीकी पहल के तहत एआई-संचालित चैटबॉट 'विद्यामित्र' का उद्घाटन किया। यह चैटबॉट शैक्षणिक प्रश्नों, प्रवेश प्रक्रियाओं, परीक्षा कार्यक्रमों और कैंपस गतिविधियों में त्वरित सहायता प्रदान करेगा। जिससे छात्रों, शिक्षकों और आगंतुकों को 24 घंटे सहायता मिल सकेगी।



एआई संचालित चैटबॉट विद्यामित्र का शुभारम्भ करते कुलपति डीएस रावत।

विद्यामित्र का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में संचार को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना है। चैटबॉट विद्यामित्र को लांच करते हुए कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि हमारा लक्ष्य उन्नत प्रौद्योगिकी के माध्यम से संवाद को बढ़ावा देना और सेवाओं को अधिक कुशल बनाना है। विद्यामित्र के लॉन्च के साथ कुमाऊं विश्वविद्यालय ने एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है। जो तकनीकी नवाचार के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार को सुनिश्चित करेगा। छात्रों और शिक्षकों के लिए यह एक सरल और सहज अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रश्नों का समाधान त्वरित रूप से प्राप्त कर सकेंगे। विवि के कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मन्द्रवाल ने इस नई पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस चैटबॉट के माध्यम से विश्वविद्यालय ने न केवल तकनीकी रूप से खुद को सशक्त किया है बल्कि यह छात्र समुदाय की आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दी है।

# बहुउद्देशीय शिविर में आई समस्याओं का निदान किया

संवाददाता, भीमताल

▸▸ विकासखंड रामगढ़ के मौना में आयोजित हुआ बहुउद्देशीय शिविर

**अमृत विचारः** विकासखंड रामगढ़ के मौना के रामलीला ग्राउंड में नोडल अधिकारी सहायक परियोजना अधिकारी चंदा फर्त्याल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ग्रामीण और जनता को संबोधित करते हुए सहायक निदेशक ने विभिन्न विभागों की सरकारी योजनाओं की जानकारी जनता को दी।

जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में कई विभगों द्वारा अपने- अपने विभागों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में उपस्थित लोगों को दी गई। शिविर में 103 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का निराकरण कर दिया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 8, चिकित्सा विभाग द्वारा 25 व्यक्तियों को स्वास्थ्य परीक्षण/दवा वितरण, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 12 बीपीएल प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग द्वारा 7 दाखिल- खारिज और एक हैसियत प्रमाण पत्र और एक अनाथ प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा 38 राशन कार्ड में मॉडिफिकेशन/वैलीडेशन संबंधी कार्य करते हुए योजनाओं की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग द्वारा 9 पशुओं हेतु दवा वितरित की गई। पंचायत राज विभाग और बाल विकास विभाग द्वारा भी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा 2 किसान सम्मान निधि और उद्यान विभाग उद्यान कार्ड बनाया गया।

# व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जल रहे घरेलू गैस सिलेंडर

▸▸ क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने क्षेत्र के औचक निरीक्षण में पकड़ा मामला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की टीम ने धारी स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने बताया कि अंकुर रेस्टोरेंट में एक घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर इस घरेलू सिलेंडर को जब्त किया गया इसके अतिरिक्त रेस्टोरेंट में उचित साफ सफाई नहीं पाए जाने पर प्रतिष्ठान के प्रबंधक को फटकार लगाई। इसके पश्चात बिष्ट रेस्टोरेंट में भी एक घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर मौके पर ही इस घरेलू गैस सिलेंडर को जब्त किया गया। जब्त किए सिलेंडर सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर ही प्रबंधक भवाली गैस सर्विस भवाली की सुपुर्दगी में दिए गए। तथा उन्हें निर्देश दिए कि इसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें और न्यायालय अथवा उच्च अधिकारियों के मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे। यद्यपि अधिकांश प्रतिष्ठानों में व्यवसायिक सिलेंडरों का ही उपयोग होना पाया गया। सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को रेस्टोरेंट में उचित साफ सफाई का ध्यान देने की हिदायत दी गई। इस मौके पर उनके साथ पूर्ति निरीक्षक धारी सुनीति रावत भी थी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने के लिए जांच अभियान चलाया जाएगा।



धारी में निरीक्षण करते क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी।



### रीडिंग लेने आने वाले ऑपरेटरों के सिस्टम में भी है विकल्प, उपभोक्ताओं की मांग पर बिल वितरण कर्मी उपलब्ध कराएगा बिल

# अब उपभोक्ताओं को राजभाषा हिंदी में भी मिलेगा बिजली का बिल

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बिजली का बिल अंग्रेजी भाषा में होने को लेकर अक्सर शिकायतों का सामना करने वाले उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। ऊर्जा निगम ने अंग्रेजी के बाद अब हिंदी में भी बिजली बिल देने का फैसला लिया है। इसके लिए शहर में बिल वितरण का कार्य करने वाली एजेंसी टीडीएस को भी निर्देशित किया जा चुका है। यदि उपभोक्ता बिजली का बिल हिंदी में मांगता है तो उसे बिल हिंदी में प्रिंट करके दिया जाएगा।

वर्षों से अंग्रेजी में आ रहे बिजली के बिल को अब हिंदी भाषी उपभोक्ता भी आसानी से समझा सकेगा क्योंकि अब उपभोक्ताओं बिजली का बिल हिंदी में भी दिया जाएगा। बता दें कि अंग्रेजी भाषा में बिजली बिल को समझने में परेशान झेलनी पड़ती हैं ऐसे में अब अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी बिजली बिल दिया जाएगा। लोगों को हिंदी बिल मिलने से समझने में परेशानी नहीं होगी। इसके लिए उपभोक्ताओं कों रीडिंग लेने पहुंचने पर ऑपरेटर से हिंदी में बिल देने की मांग करनी होगी। अप्रैल से बिलों को हिंदी में जनरेट करने का विकल्प दिया जा चुका है। इसका लिए उपभोक्ताओं से किसी तरह का कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं मांगा जाएगा।



- अप्रैल से शुरू हो चुकी है बिलों को हिंदी में देने की सुविधा
- उपभोक्ताओं की मांग पर तुरंत मुहैया कराए जाएगा बिल

### 50 फीसदी मिलेगी सब्सिडी

**हल्द्वानी :** अब एक किलोवॉट के कनेक्शन पर 100 यूनिट से कम बिजली खर्च करने पर उपभोक्तओं को 50 फीसदी सब्सिडी मिलेगी। इसके तहत ऐसे उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा जिनके पास एक किलोवाट तक का बिजली कनेक्शन है। इसके साथ ही हर महीने सिर्फ 100 यूनिट तक ही बिजली खर्च करते हैं। इस छूट का लाभ एक सितंबर 2024 से ही मिलना शुरू हो जाएगा। ये 50 प्रतिशत सब्सिडी की छूट सिर्फ बिजली खर्च पर मिलेगी।

> अब बिजली का बिल उपभोक्ताओं को हिंदी में भी मिल सकेगा, पहले बिल जनरेशन के दौरान यह विकल्प नहीं मिल पाता था लेकिन अब घरों में रीडिंग लेने पहुंच रहे एजेंसी ऑपरेटरों के सिस्टम में भी यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके तहत उपभोक्ता के मांगे जाने पर हिंदी में बिजली का बिल मिल सकेगा।
> **-प्रदीप कुमार बिष्ट**, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड नगर हल्द्वानी।

### प्रीपेड मीटर की कैंप लगाकर दें जानकारी: व्यापार मंडल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की जानकारी शिविरों के माध्यम से देने की मांग की है। शुक्रवार को परीक्षण खंड ईई डीडी पांगती को को सौंपे ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि बिना पूर्व सूचना के मीटर बदलने के लिए घर और प्रतिष्ठानों का सर्वे किया जा रहा है। इससे उपभोक्ता गलतफहमी का शिकार हो रहे है। बिना उपभोक्ता को भरोसे में लिए कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। हल्द्वानी मे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 1.88 लाख मीटर बदले जाने हैं। ऊर्जा निगम ने बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अनुबंधित एजेंसी ने सर्वे भी शुरू कर दिया है। इस दौरान प्रीपेड मीटर के काम करने के तरीके पर जानकारी मांगी गई। व्यापारियों ने मांग उठाई की लोगों को जानकारी देने के जागरुकता कैंप लगाए जाएं। इस पर ईई पांगती ने जल्द ही कैंप आयोजित किए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, नगर महामंत्री राजीव जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगमीत सिंह, नगर उपाध्यक्ष परविंदर सिंह प्रिंस, जसविंदर सिंह भसीन, राजेंद्र बमेठा, प्रेम चौधरी, लक्ष्मीनारायण मौजूद रहे।



ईई परीक्षण डीडी पांगती से मिलते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### आज का मौसम

हल्की धूप के साथ बारिश की भी संभावना

| 27.0° | 22.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.04 | सूर्यास्त 18.01 |

### एक नजर

#### हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 को

**हल्द्वानी :** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कृष्णा हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर में हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रमनदीप सिंह के नेतृत्व में शिविर लगेगा। डॉ. रमनदीप की ओपीडी के परामर्श शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। इसके लिए पूर्व में ही पंजीकरण कराना होगा। शिविर में ईसीजी, सीरम सोडियम, सीरम पोटैशियम और क्रिएटिनिन जांचों के शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट होगी। ब्लड शुगर और पेसमेकर मूल्यांकन निशुल्क होगा। हृदय रोग की रोकथाम के लिए ऑडियो-वीडियो के माध्यम से शैक्षिक कार्यक्रम मरीजों को दिखाए जाएंगे। हमारी कोड ब्लू टीम बुनियादी जीवन रक्षक सत्र आयोजित करेगी।

#### बारिश से तापमान में आई गिरावट

**हल्द्वानी :** मानसून की विदाई अब शुरू हो जाएगी। विदाई से पहले नैनीताल जिले में झमाझम बारिश हुई। मैदानी इलाकों में लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। अनुमान है कि शनिवार से मौसम साफ हो जाएगा। गुरुवार की रात हल्द्वानी में मूसलाधार बारिश हुई थी। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आ गई लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। शुक्रवार को भी दिन भर बादल छाए रहे। बादल छाए रहने के बाद शाम के समय कठघरिया, लामाचौड़, फतेहपुर आदि स्थानों में काफी अच्छी बारिश हुई। शाम के समय हल्द्वानी में भी हल्की बारिश हुई। बारिश की वजह से हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अब कुछ दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। दिन के समय तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। करीब एक सप्ताह बाद मौसम में बदलाव होने लगेगा। दिन और रात दोनों के ही तापमान में गिरावट आना शुरू हो जाएगी।

# जिला विकास प्राधिकरण ने सील किए दुकान- मकान

### प्रदर्शनकारी आरोपी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे, मौके पर लोगों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महिला कर्मचारी के साथ संप्रदाय विशेष के कारोबारी को देखने के बाद हिंदूवादी संगठनों का आक्रोश भड़क उठा। उन्होंने कारोबारी की दुकान व मकान के बाहर इकट्ठा होकर हंगामा काटा। प्रदर्शनकारियों ने दुकान में तोड़फोड़ के साथ अंदर रखीं तीन मोटर साइकिलों में आग लगा दीं। इनमें एक जलकर खाक हो गई जबकि दो को पुलिस ने बचा दिया। इस बीच प्रदर्शनकारियों की पुलिस से भी झड़प हुई।

प्रदर्शनकारी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। वहीं, उन्होंने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। हंगामे की सूचना पर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र व सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी मौके पर पहुंचे और प्रर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शनकारी बार-बार आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करते रहे। गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। बाद में धार्मिक नारे लगाते हुए दुकान व भवन में तोड़फोड़ की और भीतर खड़े वाहनों में आग लगा दी। पुलिस ने किसी तरह आग पर काबू पाया तब तक एक बाइक जलकर नष्ट हो चुकी थी। इस बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करने की बात की लेकिन खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था। उधर, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव बाजपेयी ने टीम के साथ भवन का निरीक्षण किया। इसमें आवासीय भवन में व्यवसायिक दुकान चलाई जा रही थी जबकि कोई भी प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शा नहीं दिखा सका। इस पर उन्होंने दुकान व भवन को सील कर दिया है। साथ ही भवन स्वामी को नोटिस भेजा जा रहा है। इस दौरान गजराज बिष्ट, विपिन पांडे, सीओ नितिन लोहनी, काठगोदाम एसओ विमल मिश्रा, मुखानी एसओ विजय मेहता, दरोगा फिरोज आलम, प्रवीण तेवतिया रहे।



छड़ायल में दुकान के सामने लगी आक्रोशित लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

#### महिलाओं का आरोप, माहौल बिगाड़ रहा कारोबारी

**हल्द्वानी :** प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि कारोबारी ने पूरी कॉलोनी का माहौल खराब कर रखा था। इसकी दुकान के सामने जाने से महिलाओं को असहज होता था। लोगों ने बताया कि आरोपी ने अभी चार से पांच साल पहले ही यह जमीन खरीदी थी और बाद में यहां मकान बनाया था। प्रदर्शन करने वालों में भाजपा के भी कई बड़े नेता शामिल थे। माहौल को देखते हुए आसपास के लोगों ने दुकानें बंद कर दीं। शाम तक कॉलोनी में हंगामा होता रहा।




दुकान का तोड़ा गया शीशे का दरवाजा। ● अमृत विचार



हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

#### माहौल बिगाड़ने वालों को नहीं बख्शा जाएगा: एसएसपी

**हल्द्वानी :** एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि युवती की ओर से कोई भी तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है। युवती ने दूसरे समुदाय के कारोबारी से पुरानी पहचान होने की बात कही है। शहर का माहौल बिगाड़ने वाले या शांति व कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पुनर्परिसीमन की आपत्तियां निस्तारित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि क्षेत्र एवं जिला पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों का पुर्न परिसीमन पर 13 से 17 सितंबर आपत्तियां मांगी गई थीं। इनके अनन्तिम प्रकाशन पर कोटबाग ब्लॉक से एक आपत्ति प्राप्त हुई। इसका परीक्षण के बाद समिति ने निस्तारण कर दिया है इसलिए अनन्तिम प्रकाशन में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

डीएम ने बताया कि शहरी विकास विभाग ने ग्राम पंचायत कालाढूंगी बन्दोबस्ती के गांव कालाढूंगी बन्दोबस्ती एवं छोटी हल्द्वानी को नगर पंचायत कालाढूंगी में शामिल किया है। इसके परिणाम स्वरूप छोराजाली को ग्राम पंचायत गुलजारपुर बंकी और चांदनी चौक व झलुवाझाला बन्दोबस्ती को ग्राम पंचायत देवलचौड़ में शामिल किया है। इसके बाद ग्राम पंचायत गुलजारपुर बंकी तथा ग्राम पंचायत देवलचौड़ का पुनर्गठन कर अन्तिम प्रकाशन 22 अगस्त को किया गया था। इनके पुनर्गठन से क्षेत्र पंचायत सीटें गुलजारपुर बंकी और रतनपुर और जिपं सीट गुलजारपुर बंकी प्रभावित हुई है। इस वजह से अनन्तिम प्रकाशन कर आपत्तियां मांगी गई थीं जिनका निस्तारण हो गया है।




हिमालय एफपीओ की वार्षिक आम सभा में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### हिमालय एफपीओ की वार्षिक आम सभा संपन्न

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हिमालय कृषक उत्पादक संगठन की द्वितीय आम सभा शुक्रवार को फत्ताबंगर के पंचायत घर में की गई। बैठक में वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर बताया गया कि संगठन ने पूरे वर्ष में 2169263 का टर्न ओवर किया जबकि 42365 का शुद्ध लाभ अर्जित किया। वार्षिक आम सभा में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरमवाल, विशिष्ठ अतिथि हल्द्वानी ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी, इफको के जिला प्रबंधक दीपक आर्या, आईएफएफडीसी से सोशियल एक्सपर्ट यशोद मेहरा, कृषि वैज्ञानिक आकाश राणा, प्रबंधक वराह क्लाइमेट कम्पनी धीरज भट्ट, मोहित बुडलाकोटी फील्ड असिस्टेंट इफको, पूनम दुर्गापाल, देवभूमि एफपीओ से विकास दुबे, हिमालय संगठन अध्यक्ष मोहन लोशाली, प्रकाश तिवारी, योगेश बेलवाल, बिशन लोशाली और अनिल पांडे सहित बोर्ड के मेंबर और शेयर धारक सम्मलित रहे।

# नदी-नालों में मलबे से बचाव को प्रोजेक्ट बनाएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक की। आपदा के लिहाज से संवेदनशील नदियों-नालों के चैनलाजेशन, ड्रेजिंग को लेकर मंथन किया गया।

डीएम ने कहा कि ड्रेजिंग वगैरह में वन और केंद्र सरकार की अनुमति के प्रावधानों के कारण समय लगता है, इसकी प्रक्रिया अभी से शुरु की जाए ताकि समय से अनुमतियां मिल सके। उन्होंने बारिश में नदी-नालों में आए मलबे से उत्पन्न खतरे को देखते हुए चैनेलाइजेशन व सुरक्षा कार्यों का सर्वे कर डिटेल प्रोजेक्ट बनाने को कहा। गौला, नंधौर, रकसिया-कलसिया, देवखड़ी, निहाल आदि नाले वन विभाग के दायरे में हैं। सभी संबंधित विभाग इन नदियों, नालों की वास्तविक चौड़ाई का सर्वे कर रिपोर्ट दें ताकि आगामी सीजन के लिए तैयारी की जा सके। इसके लिए जिला स्तरीय सर्वे टीम गठित की है जिसमें एसडीएम संयोजक, भू-वैज्ञानिक, खनन, वन राजस्व, सिंचाई और लोनिवि के अफसर संयुक्त निरीक्षण के बाद आगामी आपदा से बचाव का प्रस्ताव तैयार करेंगे। इन प्रस्तावों को अनुमति के लिए को केंद्र के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भेजे जाएंगे और रिवर ड्रेजिंग कराई जाएगी। इधर, डीएम वंदना सिंह ने जिला खनन समिति की बैठक की। इसमें आगामी खनन सत्र की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि गौला, नंधौर, कोसी व कैलाश नदियों से जो भी खनन होगा, बीचोबीच में ही होगा। प्रतिबंधित क्षेत्रों में खनन नहीं किया जाएगा। इसके लिए टास्कफोर्स व तकनीकी टीम नियमित तौर पर चेकिंग करेगी। नदियों से जिन सड़कों एवं गांवों में भूस्खलन व भूकटाव होता है, खनन समिति की ओर से संयुक्त निरीक्षण कर रिवर ड्रेजिंग नीति में प्रस्ताव बनाए जाए ताकि नदियों को चैनेलाइज कर संवदेनशील क्षेत्रों का भूकटाव रोका जा सके। खनन सत्र से पूर्व सीमांकन पिलर्स, आन्तरिक मार्ग, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था भी की जाए। वन निगम के अधिकारियों ने बताया कि नदी का जलस्तर कम होते ही सर्वे होगा। डीएम ने कहा कि सरकार की खनन नीति के अनुसार ही प्लान बनाए। अवैध खनन की रोकथाम को खनन, वन विकास निगम, वन, राजस्व विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स बनाई जाए। खनन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जाए। इस दौरान डीएफओ चंद्रशेखर जोशी, दिंगथ नायक, कुंदन कुमार, एसडीएम परितोष वर्मा एवं रेखा कोहली, केएन गोस्वामी, राहुल साह, आरटीओ संदीप सैनी, एसपी सिटी हरबंश सिंह मौजूद रहे।



कैंप कार्यालय में बैठक करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी में एक ही दिन में डेंगू के तीन रोगी मिले

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एक ही दिन में डेंगू के तीन रोगी मिलने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। ये तीनों रोगी ओपीडी में अपनी जांच कराने आए थे। बाद में एलाइजा जांच में तीनों में डेंगू की पुष्टि हुई।

शहर की निजी अस्पतालों में बुखार रोगी आ रहे हैं। डेंगू का संदेह होने पर मरीजों की जांच कराई जा रही है। विगत दिनों शहर के निजी अस्पतालों की ओपीडी में आए मरीजों की एलाइजा जांच कराई गई। जांच में तीनों ही रोगी डेंगू पॉजिटिव निकले। सरकारी अस्पतालों में इस समय डेंगू का कोई भी मरीज भर्ती नहीं है। एसटीएच और बेस अस्पताल में डेंगू का कोई भी मरीज नहीं है। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने बताया कि इस साल अभी तक डेंगू के 28 एलाइजा पॉजिटिव रोगी मिले हैं, इनमें 21 माइग्रेटेड हैं जबकि सात जिले के हैं। स्थानीय रोगियों के घरों में सोर्स रेडक्सन का काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने हल्द्वानी के वार्ड नंबर 9, 10, 36, 55, 56 और बिठौरिया नंबर 1, लालडांठ, अमरावती कॉलोनी, नारायण नगर, लामाचौड़ और कुसुमखेड़ा चौराहा क्षेत्र में सोर्स रिडकसन का काम किया। साथ ही नगर निगम की टीम ने फॉगिंग भी की।



**राजनीति**

### प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला भी होंगी शामिल, महिला स्वयं सहायता समूहों से पुष्टाहार वितरण छीनने के विरोध में फूंका बिगुल

# 30 सितंबर को आक्रोश रैली निकालेगी महिला कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य में बढ़ते महिला अपराध और उत्पीड़न के विरोध में महिला कांग्रेस 30 सितंबर को जन आक्रोश रैली निकालेगी। इसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला करेंगी।

शुक्रवार को एक निजी होटल में हुई बैठक में महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ महिला सशक्तिकरण का दावा करती है, दूसरी तरफ महिला स्वयं सहायता समूहों पुष्टाहार राशन वितरण छीनकर केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले एनसीसीएफ से वितरित कराने की योजना बना रही है, जो कि इन समूहों से जुड़ी महिलाओं के बेरोजगार पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को राशन वितरण का काम देकर रोजगार देने का काम किया था। उन्होंने कहा कि राज्य में 10 हजार महिला स्वयं सहायता समूह वर्ष 2013 से आंगनबाड़ी केंद्रों से गर्भवती महिलाओं, 6 माह से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण कर रहे हैं। इस से प्रदेशभर में 9 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं, टीएचआर योजना से 2 लाख महिलाएं जुड़ी हुईं हैं। लगभग 250 करोड़ की लागत का यह काम महिलाओं से छीनकर बिना निविदाओं के केंद्रीय एजेंसी एनसीसीएफ को देने के लिए मंत्रिमंडल में प्रस्ताव पास करने की योजना बनाई है। जबकि इसी काम के लिए दो अन्य संस्थानों नैफेड एवं केन्द्रीय भंडारण से भी आवेदन मांगे गए लेकिन विचार केवल एनसीसीएफ पर हुआ है। नैफेड की ओर से भी स्थानीय स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर काम करता है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार की महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की बात महज एक दिखावा है। यदि सरकार ने अन्य राज्यों की भांति महिला स्वयं सहायता समूहों का सहयोग नहीं लिया गया तो महिला कांग्रेस राज्य सरकार की इस महिला विरोधी नीतियों के विरोध में पूरे राज्य में आन्दोलन करेगी। इस दौरान भागीरथी बिष्ट, शोभा बिष्ट, शशि वर्मा, रत्ना श्रीवास्तव, पुष्पा नेगी, जया पाठक, मीमांशा आर्या, नीलू नेगी, लता पांडे, माया वर्मा, मुन्नी पंत मौजूद रहीं।



एक निजी होटल में बैठक करतीं महिला कांग्रेस की नेत्रियां। ● अमृत विचार

# एसटीएच में न्यूरोसर्जन नहीं, ओपीडी बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में दो वरिष्ठ न्यूरोसर्जन अवकाश पर होने की वजह से न्यूरोसर्जरी की ओपीडी बंद है। मरीज परेशान हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार डॉक्टरों के आने के बाद ही मरीजों को देखना शुरू किया जाएगा।

एसटीएच में न्यूरोसर्जन डॉ. अभिषेक राज और डॉ. अमित देवल अवकाश पर चल रहे हैं। ये दोनों ही अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन हैं। हालांकि दोनों ही इस समय किन्हीं कारणों से अवकाश पर चल रहे हैं। दोनों के ही अवकाश पर जाने की वजह से न्यूरोसर्जरी की ओपीडी बंद है। रोजाना ओपीडी में आ रहे मरीज परेशान हो रहे हैं। लोगों को निजी अस्पताल में जाना पड़ रहा है। जहां सामान्य तौर पर न्यूरोसर्जन की ओपीडी का शुल्क 500 से 800 रुपये तक होता है। इस वजह से अस्पताल में न्यूरोसर्जरी विभाग में ऑपरेशन भी नहीं हो रहे हैं। मरीजों को आगे की तिथि दी गई है। साथ ही मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर भी किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि सोमवार से न्यूरोसर्जरी की ओपीडी शुरू हो जाएगी। इधर, एसटीएच के ओपीडी काउंटर में लगे सिस्टम का सॉफ्टवेयर बदला जाएगा। हालांकि बिलिंग काउंटर के सॉफ्टवेयर की वजह से मरीजों की लंबी कतार लगना जारी है।

#### यूरोलॉजी विभाग में एक ही ओपीडी से मरीज परेशान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में में पथरी के ऑपरेशन के लिए मरीजों को दो महीने आगे तक की तारीख मिल रही है। यूरोलॉजी विभाग में एक ही ओटी है। जिस वजह से सप्ताह में दो ही दिन ऑपरेशन होते हैं। यूरोलॉजी विभाग में दो ऑपरेशन थियेटर हैं, इनमें से एक ओटी को बंद किया गया है। केवल एक ही ओटी में ऑपरेशन होते हैं लेकिन वह भी सप्ताह में केवल दो ही दिन होते हैं। अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग में रोजाना ही 100 से ज्यादा मरीज आते हैं लेकिन ऑपरेशन की नौबत आने पर उन्हें प्रतिक्षा करनी पड़ रही है। यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मण पाल ने दोनों ओटी शुरू करवाने की मांग को लेकर प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को भी पत्र लिखा है। कहा कि यूरोलॉजी में पथरी और प्रोस्टेट के ऑपरेशन के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। विभाग में एक और डॉक्टर और आ गए हैं ऐसे में ऐसे में ओपीडी और ऑपरेशन दिवस बढ़ाने से मरीजों को लाभ होगा।

## सार-संक्षेप



पीरूमदारा में आयोजित शिविर में बच्चों की जांच करते दंत चिकित्सक।

### डेढ़ सौ से अधिक बच्चों के दांतों में मिली दिक्कत

**रामनगर :** अखिल भारतीय पायनियर क्लब की पीरूमदारा शाखा ने किसान इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित निशुल्क दंत शिविर में डेढ़ सौ से ज्यादा बच्चों के दांतों में कीड़ा लगने व पायरिया की दिक्कत पाई गई। शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय पायनियर के शाखा अध्यक्ष दीवान कटारिया ने वैदिक मंत्रोचार के बीच में रिबन काटकर किया। शिविर में मेट्रो अस्पताल हरिद्वार के पूर्व दंत चिकित्सक रोहित बंसल और पूर्व दंत चिकित्सक सरकारी अस्पताल कोटद्वार की विदुषी अग्रवाल ने 200 छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया। जिसमें 160 छात्र-छात्राओं के दातों में पायरिया और कीड़ा लगने की शिकायत पाई गई। सभी को प्रशिक्षण के उपरांत निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर के संचालन में विद्यालय प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस दौरान दीवान कटारिया, पूरन शर्मा, संदीप अग्रवाल, हरीश सनवाल और हरीश खंतवाल मौजूद रहे।



कोटाबाग में राम- दशरथ संवाद का मंचन करते कलाकार।

### राम वनवास का प्रसंग देखकर भावुक हुए दर्शक

**कालाढूंगी :** आदर्श रामलीला कमेटी कोटाबाग के तत्वाधान में हो रही रामलीला के छठे दिन भगवान श्रीराम के वनवास का मंचन देखकर भक्तों की आंखों में आंसू आ गये। कलाकारों द्वारा राम वनवास के साथ केवट, कैकई दशरथ के संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया। कोटाबाग मुख्य बाजार सिंचाई बंगले में आयोजित रामलीला में विगत पांच साल से बेटियां राम-लक्ष्मण सहित अनेक किरदार निभा रही हैं। शुक्रवार को राजा दशरथ से कैकेयी ने भरत को राजगद्दी व राम को 14 वर्ष का वनवास, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता ने भी वनवास जाने का मंचन किया गया। इसके बाद केवट प्रसंग, भरत-राम मिलाप की लीला का मचंन किया गया। राम का किरदार चन्द्र कला बजवाल, लक्ष्मण पूजा बधानी, सीता भूमिका जोशी, भरत निधि रस्तोगी, शत्रुघन प्रियंका, हनुमान किरन रस्तोगी के साथ ही निकिता अग्रवाल, मीनू ढोंडियाल भी किरदार निभा रही हैं। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चन्द ढोंडियाल, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बुधलाकोटी, सचिव मनोज डांगी रहे।

### दवा फैक्ट्री बेचकर लोगों के मुंह से रोटी छीन रही सरकार



रणजीत रावत।

**रामनगर :** पूर्व विधायक रणजीत रावत ने सरकार पर मोहान स्थित आईएमपीसीएल फैक्ट्री को निजी हाथों में बेचने का आरोप लगाते कहा कि केंद्र सरकार इसे निजी हाथों में देकर लोगों के मुंह से रोटी छीनना चाहती है। कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक रावत ने कहा कि दवा फैक्ट्री से करोड़ों का कारोबार हो रहा है। सैकड़ों लोगों की रोजी रोजी चल रही है। लेकिन सरकार इसे एक बड़े ग्रुप को रिजॉर्ट बनाने के लिए बेच रही है। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार जनहित में काम नहीं कर रही है। सालों पहले मोहान में दवा फैक्ट्री लगाकर पहाड़ से लेकर तराई तक के लोगों को रोजगार से जोड़ा गया। जंगलों में जड़ी बूटी बीनने वालों को भी मोहान फैक्ट्री में काम मिला और महिलाएं भी काम के लिए आगे आईं। बताया कि अब सरकार फैक्ट्री को निजी हाथों में बेच रही है।

### सीटीआर ने शुरू की वन्य प्राणी सप्ताह की तैयारियां



साकेत बडोला।

**रामनगर :** वन्य प्राणी एवम पर्यावरण संरक्षण को लेकर कॉर्बेट प्रशासन 1 से 7 अक्टूबर तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने पत्रकारों को बताया कि 1 अक्टूबर को सीटीआर परिसर से 15 किलोमीटर की साइकिल रैली निकाली जाएगी। जिसमें कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन कर्मी, स्कूली बच्चे, स्थानीय लोगों की भागीदारी होगी। वहीं रामनगर महाविद्यालय में साइकिल रैली का समापन होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा क्लीन कॉर्बेट, ग्रीन कॉर्बेट थीम पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। 7 अक्तूबर को कार्यक्रम का समापन होगा। सीटीआर निदेशक ने बताया कि पर्यटन सीजन शुरू हो रहा है, ऐसे में तैयारियों को पूर्ण किया जा रहा है। पर्यटकों को नए सत्र में कोई दिक्कत न हो इसके लिए नेचर गाइडों, वन कर्मियों, जिप्सी चालको की बैठक बुलाई जाएगी।

### प्रो. नंद गोपाल दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल



**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर नंद गोपाल साहू वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 16 सितंबर 2024 को यूनाइटेड स्टेट्स की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी डेटा के अनुसार, प्रोफेसर साहू को दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। यह तीसरी बार है जब उनका नाम इस सूची में आया है। प्रो. नंद गोपाल साहू डी.एस.बी. परिसर के रसायन विज्ञान विभाग में प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं और पॉलीमर तथा नैनो साइंस के क्षेत्र में उन्होंने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने पॉलीमर के क्षेत्र में विश्व स्तर पर 909वां और नैनो साइंस एवं नैनोटेक्नोलॉजी में 999वां स्थान प्राप्त किया है। प्रोफेसर साहू वर्तमान में कुमाऊं विश्वविद्यालय के रिसर्च सेल के डायरेक्टर भी हैं और उन्होंने इससे पहले 2021 एवं 2023 में भी इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान पाया था। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने प्रो. साहू की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।

# मालिकाना हक मिलने की जगी आस

## सीएम ने डीएम ने मांगे पंपापुरी, भरतपुरी, दुर्गापुरी एवं कौशल्यापुरी कालोनी के दस्तावेज

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में चार कालोनियों की घनी आबादी का दृश्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट द्वारा नगर की चार कालोनियों पंपापुरी, भरतपुरी, दुर्गापुरी एवं कौशल्यापुरी के नियमितीकरण के विषय में दी गई प्रतिक्रिया के बाद यहां काबिज निवासियों को मालिकाना हक देने की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकती है। खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संदर्भ में जिलाधिकारी नैनीताल से आख्या मांगी है।

बता दें कि लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष गणेश रावत के मांग पत्र पर कार्यवाही करते हुए सीएम धामी ने जिलाधिकारी को शीघ्र इस मामले से जुड़े तथ्य उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि इसे कैबिनेट प्रस्ताव के रूप में लाया जा सके। उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने चारों कालोनियों के बारे में सभी जानकारियों के साथ नियमितीकरण का प्रस्ताव जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह को भेज दिया है, जिस पर शासन द्वारा सकारात्मक निर्णय लिए जाने की आशा है। अब चारों कालोनियों के लोगों में उम्मीद की किरण जगी है। गौरतलब है कि चारों कॉलोनियां वर्ष 2008 में नगरपालिका क्षेत्र में शामिल की गई थी। यहां की जमीन नजूल न होकर राजस्व श्रेणी की है। लिहाजा यहां के क्षेत्रवासियों को मालिकाना हक देने की कोई भी नीति न होने से नियमितीकरण नहीं हो पा रहा था। इसके लिए वर्ष 2017 में बंदोबस्ती के तहत सर्वेक्षण के आदेश भी हुए थे, किंतु बाद में इस क्षेत्र को आबादी बताते हुए सर्वेक्षण कार्य रोक दिया गया। हालांकि अब सर्वे के लिए आधुनिक प्रणालियों का इस्तेमाल किया जा सकता है, प्रस्ताव में यह उल्लेख किया गया है। इस मांग को लंबे समय से उठा रहे लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष गणेश रावत ने जिला प्रशासन की कार्यवाही पर संतोष जताते हुए कहा कि इस संदर्भ में शीघ्र ही एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलेगा।

### 14 सौ परिवार हैं काबिज

**रामनगर :** चारों कालोनियों में काबिज परिवारों की संख्या करीब 14 सौ है और यह मध्यमवर्गीय, नौकरीपेशा, रिटायर अथवा गरीब पृष्ठभूमि के हैं। इनके द्वारा समय-समय पर नियमितीकरण की मांग उठाई जाती रही है। यहां राजस्व की विभिन्न श्रेणियों की जमीनें हैं, जिन्हें वर्ग दस क, बारह क, पंद्रह दो के नाम से जाना जाता है। यह कभी लखुआ गांव के रूप में दर्ज है। इन्हें नजूल को फ्रीहोल्ड करने की नीति का लाभ नहीं मिलता है। चूंकि यह कभी नजूल नहीं रहा है।

### बिजली, पानी, सड़क सारी सुविधाएं मौजूद

**रामनगर :** चारों कालोनियों में करीब दस हजार आबादी विगत चार दशक से निवासरत हैं। यहां बिजली, पानी, पक्की सड़कें, गैस पाइप लाइन, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। पालिका द्वारा भवन कर लिया जा रहा है। सभी चुनावों में वोटर हैं। नियमितीकरण से घनी आबादी में बड़े लोगों को लाभ मिलेगा।

# कालाढूंगी में विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया



कालाढूंगी आयरन फाउंड्री पहुंचे पर्यटक व कॉर्बेट समिति के लोग।

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी में विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार को कॉर्बेट ग्राम विकास समिति व पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए गए नेचर गाइड और हेरिटेज गाइडों ने उत्तर भारत की पहली आइरन फाउंड्री का भ्रमण किया। जहां पर्यटकों का सत्कार कर पर्यटन दिवस मनाया गया।

आयरन फाउंड्री का विकास उत्तराखंड पर्यटन विभाग के माध्यम से सौन्दर्यकरण कराया जा रहा है जो कि एक विरासत के रूप में है। इसका कार्य अंतिम चरण में है। जिसके बाद पर्यटक नेचर गाइड के साथ इस विरासत का दीदार कर सकेंगे। कॉर्बेट ग्राम विकास समिति छोटी हल्द्वानी द्वारा पर्यटकों को आयरन फाउंडी का भ्रमण कराया जाता है। समिति के अध्यक्ष राजकुमार पांडे व मोहन पांडे ने बताया कि आयरन फाउंड्री का दीदार पर्यटक गाइड के माध्यम से करेंगे। जिसमें स्थानीय नेचर गाइड व स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस दौरान दलीप नेगी, राकेश बेलवाल, संतु भंडारी, गणेश मेहरा, रोहित बुढलाकोटी, पप्पू गोस्वामी, इन्द्र सिंह, दीपक शर्मा, जगदीश, विक्रम सिंह, पंकज, योगेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, दिनेश भंडारी, पुष्पा देवी, नीमा देवी रहे।

### स्टेंडर्ड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कालाढूंगी:** राजकीय पॉलिटेक्निक कोटाबाग में भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार पांडे रहे, जिन्होंने छात्रों को मानक ब्यूरो और उसके कार्यों की जानकारी दी।

प्रधानाचार्य सुमित कुमार सिंह ने बच्चों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन राजेश कोहली ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दीपक नेगी के ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार साहिल कुमार के ग्रुप, तृतीय पुरस्कार कमल कुमार के ग्रुप को मिला। मनीष बिष्ट के ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर राजकीय पॉलिटेक्निक कोटाबाग के स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

# डॉक्टर 4 अक्तूबर से करेंगे कार्य बहिष्कार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** प्रांतीय चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर प्रदेश भर के चिकित्सक 4 अक्तूबर से कार्य बहिष्कार करेंगे। यह निर्णय उनकी लंबित मांगों के संदर्भ में लिया गया है।

कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर भी पिछले 15 दिनों से काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जता रहे हैं। उनकी मांग है कि विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) और राज्य स्तरीय विभागीय समिति (एसडीएसीपी) के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए प्रोत्साहन राशि पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों के समकक्ष 50 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाए। पीजी कर रहे डॉक्टरों को उनकी पढ़ाई के दौरान पूरा वेतन दिया जाए। दंत चिकित्सकों का समायोजन किया जाए। डॉक्टरों का कहना है कि वो 6 महीनों से अपनी मांग करते आ रहे हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब अगर 3 अक्तूबर तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता है तो 4 अक्तूबर से कार्य बाहिष्कार किया जाएगा।

# वन्यजीव संरक्षण जरूरी: रजवार

संवाददाता, रामनगर




रामनगर में पर्यटन दिवस पर बोलते वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार।

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यटन दिवस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर दीप रजवार ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण के बिना पर्यटन अधूरा है।

रजवार ने कहा कि जंगलो में बढ़ता मानव दवाब की वजह से जल जंगल जमीन को नुकसान होता जा रहा है। इस दिशा में भी सरकार को गहन चिंतन की जरूरत है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने छात्र- छात्राओं को पर्यटन के विषय में गहनता के साथ जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने पर्यटन में रोजगार अपार संभावनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि नियमों का पालन करते हुए प्रकृति का आनंद लिया जा सकता है। मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के डॉ. नरेश कुमार ने पर्यटन एवं रोजगार को बढ़ाने पर बल दिया। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के मुख्य संयोजक डॉ. सुमन कुमार ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। भूगोल विभाग के डॉ. डीएन जोशी ने पर्यटन के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। समाजशास्त्र विभाग की डॉ. अल्का ने संस्कृति को साझा करने की बात कही। डॉ. जेपी त्यागी ने अतिथियों का आभार जताया।

कार्यक्रम में डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. नीमा राणा, डॉ. सिराज, डॉ. दीपक खाती रहे। संचालन डॉ. लोतिका अमित ने किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में क्यारी, छोई ने जीते मैच



रामनगर में क्रिकेट मैच के दौरान शॉट लगाता बल्लेबाज।

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** राइका छोई में संकुल छोई के माध्यमिक विद्यालयों के अंडर 14 और अंडर 17 आयु वर्ग बालकों के मैच खेले गए। पहला मुकाबला अंडर 14 वर्ग में राइका क्यारी और सरस्वती विद्या मंदिर छोई के बीच हुआ। जिसमें पहले खेलते हुए विद्या मंदिर की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में सभी विकेट खोकर 38 रन बनाए। जवाब में राइका क्यारी ने 8 विकेट खोकर 39 रन बनाकर मैच जीत लिया।

दूसरा मैच अंडर 14 में राइका छोई और राउमावि टेड़ा के बीच खेला गया। जिसमें राइका छोई ने पहले खेलकर 10ओवरों में 5 विकेट पर 64 रन बनाए। जवाब में राउमावि टेड़ा की टीम मात्र 15 रन पर आउट हो गई। राइका छोई के सचिन खैरिया ने हैट्रिक सहित 4 और इशांत खैरिया ने 3 विकेट लिए। तीसरा मुकाबला अंडर 17 वर्ग में राइका छोई और विद्या मंदिर छोई के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या मंदिर की टीम 11ओवरों में 55 रनों पर सिमट गई। राइका छोई के उदय मेहरा ने 4 विकेट और रोशन कुमार ने 2 विकेट लिए। राइका छोई ने आठवें ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 57रन बनाकर मैच जीत लिया। क्रीड़ा प्रभारी राइका छोई नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि अंडर 14 का फाइनल मैच और अंडर 19 के मुकाबले रविवार को खेले जायेंगे। इससे पूर्व सुरेश चंद्र जोशी, प्रधानाचार्य राइका छोई ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। अंपायर वीरेंद्र बोहरा, दिव्यांशु, यश तिवारी, अमित बिष्ट थे।

29 SEP
WORLD HEART DAY

विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष में सभी के स्वास्थ्य की मंगल कामना करते हुये

रविवार, दिनांक 29 सितम्बर, 2024 को

साँई हॉस्पिटल, हल्द्वानी के हृदय विभाग द्वारा

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर

डॉ. प्रमोद जोशी
M.B.B.S, M.D. (Medicine), DNB (Cardio)
FNIC, FSCAI (USA), MAPVS, MNAMS
SR. INTERVENTIONAL CARDIOLOGIST &
DIRECTOR - CARDIOLOGY

डॉ. मुनीश तोमर
DIRECTOR - Paediatric Cardiology
MAX HOSPITAL, SAKET DELHI

के द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा (समय- प्रातः 10 से 1 बजे तक)

- निःशुल्क परामर्श
- निःशुल्क ई.सी.जी. E.C.G.
- निःशुल्क फेफड़ों की जाँच PFT
- निःशुल्क पेसमेकर क्लीनिक एवं पेसमेकर की जाँच मशीन द्वारा

स्पेशल जाँच विशेष छूट के साथ
- Echo / TMT (50% off)
- Anglography (20% off)
- Angioplasty Procedure (20% off)

हृदय रोग के लक्षण
- छाती का दर्द होना
- घबराहट होना
- उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) होना
- बहुत जल्दी थकना व सांस फूलना
- डायबिटिज (शुगर), हाई कोलेस्ट्रोल
- बच्चों के दिल में जन्मजात छेद

उपलब्ध उपचार एवं जाँचें
- एन्जियोग्राफी (Angiography)
- छल्ला प्रत्यारोपण (Angioplasty)
- बाईपास सर्जरी
- पेस मेकर/I.C.D. (हृदय गति कम होना/हृदय गति तेज होना का उपचार)
- BMV सिकुड़े वाल्व का उपचार
- नवजात बच्चों के हृदय के छेद का उपचार
- Device Closure-ASD/VSD/PDA

आयुष्मान कार्ड व गोल्डन कार्ड से छल्ला कैसलैश उपचार की सुविधा

ऐसे मरीज जिनकी पहले Angiography व Angioplasty हार्ट में छल्ला व बाईपास सर्जरी हुई हो, व बच्चों के हृदय में रोग हो, सम्पर्क करें।

स्थान- साँई हॉस्पिटल Multi Speciality Hospital
मुखानी चौराहा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें:-
(05946) 263323, 262950, 9634730258, 9690125779

# सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

संवाददाता, हल्दूचौड़



हल्दूचौड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. एचसी पंत।

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसी पंत ने सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र हल्दूचौड़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां पाई गईं। जिनका उनके द्वारा मौके पर निराकरण कराया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के फार्मासिस्ट ने अवगत कराया कि दवाओं की कमी है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने दवाइयां पोर्टल के माध्यम से सीएमएसडी से मंगाने हेतु निर्देशित किया। प्रसव कक्ष में अति आवश्यक बेबी वार्मर नहीं था, जिसे चिकित्साधीक्षक को तुरंत मंगाने के निर्देश दिए।

चिकित्सालय के रिकार्ड देखने पर ज्ञात हुआ कि लगभग 200 रोगी प्रति माह चिकित्सालय में भर्ती होते हैं। रोगियों एवं उनके तीमारदारों द्वारा शौचालयों का प्रयोग किया जाता है। जिनके रखरखाव व सफाई के लिए तुरंत ही कर्मचारी भेजे जाएंगे। प्रयोगशाला सामाग्री एवं आवश्यक मशीनों को तुरंत भेजा जाएगा। चिकित्साधीक्षक ने सोनोलॉजिस्ट की आवश्यक्ता के बारे में बताया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को अल्ट्रासाउंड के लिए 1 सोनोलॉजिस्ट को भेज दिया जाएगा, जिससे गर्भवती माताओं को कोई परेशानी न हो। चिकित्सालय परिसर में रखी एम्बुलेंस की सही रख रखाव कर उसे रोगियों हेतु संचालन के लिए चिकित्साधीक्षक को निर्देशित किया गया। रिकार्डों के आधार पर पाया गया कि चिकित्सालय में प्रत्येक दिन 200 से 250 रोगी आते हैं जिनके बैठने के लिए उचित मात्रा में बैंच शीघ्र ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट से भेंट कर उनसे स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की। साथ ही उनके द्वारा चिकित्सालय को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# गौला से तीन घंटे नहीं मिला पानी, आपूर्ति रही प्रभावित

## सिल्ट आने के कारण दोपहर 12 बजे तक पानी की आपूर्ति नहीं हुई

- ठोकर बस्ती के पास नहर से मलबा निकालने से भी हुई देरी
- जल संस्थान ने शहर में 16 टैंकरों से बांटा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला से शोधन के लिए पानी नहीं मिलने से शुक्रवार को दूसरे दिन भी शहर की पेयजल सप्लाई प्रभावित रही। इस दौरान बैराज गेटों में फंसी सिल्ट को साफ करने के लिए सिंचाई विभाग ने दोपहर तक शीशमहल फिल्टर प्लांट के लिए सप्लाई बंद रखी। इस दौरान जल संस्थान ने प्रभावित इलाकों तक 16 टैंकरों के माध्यम से पानी बांटकर लोगों की प्यास बुझाई।

गौला में हर रोज आ रही सिल्ट ने शहर की पेयजल व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। इस दौरान शुक्रवार को भी सिंचाई विभाग बैराज गेटों की सफाई में जुटा रहा। वहीं ठोकर बस्ती के पास पोकलेंड मशीन से नहर की दीवार के क्षतिग्रस्त होने से पड़े मलबे को भी हटाया गया। इससे 10 बजे से 12 बजे गौला से सप्लाई बंद रही।

दोपहर एक बजे बाद सप्लाई सामान्य हो पाई लेकिन पर्याप्त पानी शोधित नहीं हो पाने के कारण फिल्टर प्लांट से शाम की सप्लाई प्रभावित रही। जल संस्थान के सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि गौला नदी से पर्याप्त पानी नहीं मिल पाने के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है।

इस दौरान दमुवाढूंगा, मुखानी बसंत विहार, लालडांठ, कुसुमखेड़ा और नारायण नगर आदि इलाकों में टैंकरों से पानी बांटा गया है। इधर सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मनोज तिवारी ने बताया कि बैराज में जमा सिल्ट को साफ करने और ठोकर बस्ती के पास नहर में पड़े मलवे को हटाने के लिए तीन घंटे सप्लाई बंद रखा गया था। इसके बाद सप्लाई सामान्य करा दी गई थी।

### गौला से आज पूरे दिन नहीं आएगा पानी

हल्द्वानी : गौला नदी से शनिवार को पूरे दिन पानी नहीं मिल पाएगा। बैराज से शोधन के लिए शीशमहल फिल्टर प्लांट को पेयजल उपलब्ध कराने वाले पाइप के क्षतिग्रस्त होने से शनिवार को फिल्टर प्लांट सुबह से शाम तक ठप रहेगा। इसके चलते लोगों को सुबह और शाम दोनों ही समय गौला से पानी नहीं मिल पाएगा। अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि शनिवार को निर्मला स्कूल के पास फिल्टर प्लांट को आने वाली क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराई जानी है। इसके लिए उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर दौड़ रहे दोपहिया वाहन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर दोपहिया वाहन धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे हैं लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आरटीओ कार्यालय में गुरुवार को इस तरह का आश्चर्यजनक मामला देखने को मिला। यहां एक व्यक्ति अपना ऑनलाइन चालान लेकर पहुंचा जिसमें गुरुवार को उसके दोपहिया वाहन जिसका नंबर यूके04 एक्स 8288 का ऑनलाइन चालान काठगोदाम के पास दिखाया गया है जबकि उसकी स्कूटी घर में खड़ी थी।

चालान होने पर वाहन के स्वामी के पास एसएमएस पहुंचा जिसे देखकर वह भौंचक्का रह गया। वाहन के स्वामी ने बताया कि यूके 04 एक्स 8288 नंबर की उसकी स्कूटी घर में खड़ी थी लेकिन हैरानी की बात है कि काठगोदाम में उसके वाहन का ऑनलाइन चालान दिखाया गया है। स्कूटी स्वामी चालान की जानकारी लेने के लिए बहुत देर तक आरटीओ कार्यालय में भटकता रहा है जिसके बाद वह एआरटीओ बीके सिंह के पास पहुंचा। जिस पर एआरटीओ ने भी आश्चर्य जताया। उन्होंने बताया कि स्कूटी के नंबर से बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगायी गई हो सकती है।

### पहले भी आया था आश्चर्यजनक मामला

आरटीओ कार्यालय में पहले भी वाहन के चालान से संबंधित एक आश्चर्यजनक मामला सामने आया था। कुछ माह पूर्व पीलीभीत निवासी एक युवक के बाइक का चालान एक ही समय में सीपीयू और परिवहन विभाग की ओर से किया गया था और चालान संख्या भी एक ही थी। जब युवक चालान भुगतने के लिए आरटीओ कार्यालय पहुंचा तो उसे बताया गया कि परिवहन विभाग की ओर से किये गए चालान का भुगतान हो चुका है और सीपीयू की ओर से किये गए चालान का भुगतान होना है। वहीं, सीपीयू ने वाहन स्वामी को चालान का भुगतान लेने से यह कहकर मना कर दिया कि यह उसका चालान है ही नहीं। इस कारण युवक अपने वाहन को दूसरे व्यक्ति को नहीं बेच पाया और दर-दर भटकने के बाद भी उसके चालान का निस्तारण नहीं हुआ।

# मेन लाइन में गिरी टहनी, आपूर्ति ठप

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** कठघरिया बिजलीघर की मेन लाइन में शुक्रवार शाम पेड़ की टहनी गिरने से पांच फीडरों में सप्लाई व्यवस्था चार घंटे ठप रही। इस दौरान पांच फीडरों से जुड़े 15 हजार उपभोक्ताओं को अंधेरे और उमस में रात बितानी पड़ी। शुक्रवार को देर शाम छह बजे बारिश के दौरान कठघरिया बिजली घर की मेन लाइन में पेड़ की टहनी टूट कर गिर गई। इससे क्षेत्र के पांच फीडरों को जाने वाली लाइन के तार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान ब्लॉक, बिठौरिया, दमुवाढूंगा, फतेहपुर और बसानी फीडरों में शाम छह बजे से रात 10 बजे तक 15 हजार उपभोक्ताओं को सप्लाई नहीं मिल पाई। परेशान हो रहे उपभोक्ता इस दौरान ऊर्जा निगम के अफसरों को कॉल करते रहे। इधर देर रात 10 बजे लाइन की मरम्मत हो पाई जिसके बाद सप्लाई को सामान्य किया जा सका। एसडीओ वीबी जोशी ने बताया कि देर शाम बारिश के दौरान मेन लाइन में टहनी गिरने से सप्लाई प्रभावित हुई। इसे ठीक करने के लिए शाम से ही कार्य शुरू कराया गया।

# दक्षता आधारित प्रश्नपत्रों के निर्माण व मूल्यांकन पर जोर



रामनगर बोर्ड कार्यालय में बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद कार्यालय में दक्षता आधारित मूल्यांकन विषय पर विषय विशेषज्ञों की एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसमें नैनीताल, अल्मोड़ा व बागेश्वर के विभिन्न विषयों के 72 विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया।

कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने कहा कि वह बच्चों को दैनिक जीवन से जुड़े व्यवहारिक प्रश्नपत्रों के निर्माण व मूल्यांकन को लेकर पठन-पाठन करवाने का वातावरण तैयार करें। एनईपी 2020 के आलोक में विभिन्न गतिविधियां के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत ने दक्षता आधारित मूल्यांकन पर विचार रखे। उन्होंने देश भर के सभी बोर्डों की समतुल्यता व एक समान पाठ्यक्रम, प्रश्नपत्र व एक समान मूल्यांकन के संबन्ध में अवगत कराया। शोध अधिकारी डॉ. नन्दन बिष्ट ने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर 'विषय संयोजन' विषय पर जानकारी दी। इस दौरान संयुक्त सचिव डॉ. एसपी सिंह, एसएस बिष्ट, शोध अधिकारी दरपान सिंह रौतेला, डॉ. रामचन्द्र पाण्डेय, याचना उपाध्याय, कृपाशंकर पाण्डेय, सोनम शर्मा, अरविन्द कुमार, पंकज जोशी रहे।

# आईटीआई में भवन निर्माण की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

संवाददाता, हल्द्वानी/बाजपुर

**अमृत विचार :** अपर निदेशक प्रशिक्षण कौशल विकास एवं सेवायोजन ऋचा सिंह ने शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाजपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में एक कार्मिक को छोड़कर समस्त स्टाफ और प्रधानाचार्य उपस्थित पाए गए और विभिन्न व्यवसाय में प्रशिक्षार्थी भी प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए मिले।

प्रशिक्षण के दौरान पाया गया कि नए प्रवेशित शिक्षार्थियों की उपस्थिति पंजिका बना ली गई है और संस्थान में साफ सफाई की भी उचित व्यवस्था है लेकिन संस्थान में रुद्रपुर मंडी की ओर से बनाए जा रहे भवन निर्माण की प्रगति बहुत धीमी चल रही है। जिस पर बताया गया कि निर्माण संबंधी कुछ कार्यों पर फिलिप्स मशीन टूल्स की ओर से मशीनों के इंस्टॉलेशन के बारे में जानकारी देनी है जिस कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य को फिलिप्स इंडिया, मंडी परिषद के साथ वीसी के माध्यम से या भौतिक रूप से संयुक्त स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए जिससे नवंबर से प्रशिक्षण की शुरुआत की जा सके। इस दौरान प्रभारी संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, सर्वेयर बसंत बल्लभ जोशी और आईटीआई काशीपुर के प्रधानाचार्य जगप्रीतम उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह।

# धूमधाम से मनाई जाएगी गांधी जयंती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिला कार्यालय सभागार में गांधी जयंती समारोह के कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई। इस दौरान एडीएम शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि 2 अक्टूबर को जिले के समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं, राजनैतिक, धार्मिक समाजिक संस्थाओं आदि द्वारा सुबह 6:30 बजे से 7:30 तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

सुबह 8 बजे से राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फरहाना साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर अनावरण एवं माल्यापर्ण किया जाएगा। विद्यालयों में गीत नाट्य, सफाई अभियान, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, साधा जीवन उच्च विचार, पंथ निरपेक्षता, गांधी जी सिद्धांत, साक्षरता को बढ़ावा आदि पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने जिले भर में कार्यक्रमों को देखते हुए गांधी जयंती के दिन पुलिस प्रसाशन से कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था देखते हुए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। बताया कि नैनीताल में प्रभात फेरी मल्लीताल पंत पार्क से तल्लीताल गांधी चौक पर समाप्त होगी। उसके पश्चात 2 बजे से नैनीताल नगर में जलुस, झांकी और नगर पालिका में आम सभा और प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नैनीताल सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश देते हुए कहा कि गांधी जी की भव्य झांकियां जुलूस में लाने की बात कही। बताया कि उत्कृष्ट झांकी को पुरुस्कृत किया जाएगा।

# मैथ्स विजार्ड में आवेश व स्पैल जीनियस में रिया ने मारी बाजी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हीरानगर स्थित सीआरसी में शुक्रवार को समग्र शिक्षा के तहत जिला स्तरीय मैथ्स विजार्ड और स्पैल जीनियसर प्रतियोगिता हुई।

मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में बेतालघाट के आवेश बिष्ट प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय थपलियांगांव, भीमताल के मोहित नेगी दूसरे और राजकीय प्राथमिक घंघरेटी, बेतालघाट के गौरव सिंह तीसरे स्थान पर रहे। स्पैल जीनियस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौजाजाली की रिया प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाखली गजार, धारी के प्रियांशु द्वितीय और राजकीय प्राथमिक गिन्तीगांव, कोटाबाग की गायत्री जोशी तृतीय स्थान पर रही। विजेता अगले माह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीईओ पुष्कर लाल टम्टा ने कहा कि इस तरह के नवाचारी प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा की पहचान होती है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के प्रवक्ता डॉ. विमल किशोर थपलियाल ने इस तरह के कार्यक्रमों की उपयोगिता और दूरगामी परिणामों के बारे में बताया। संचालन समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक गणेश चंद्र पांडे ने किया। निर्णायक मंडल में गीता उपाध्याय, प्रीति जोशी, संतोष कुमार, अंबिका मणि पंत, रुचिता पांडे और रवींद्र तिवारी रहे।



मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता के विजयी बच्चों के साथ सीईओ टम्टा।

## सार-संक्षेप



क्रांति डिस्ट्रीब्यूटर्स की बैठक में मौजूद व्यापारी।

### क्रांति डिस्ट्रीब्यूटर्स संगठन की वार्षिक बैठक संपन्न

**हल्द्वानी :** क्रांति डिस्ट्रीब्यूटर्स संगठन उत्तराखंड की वार्षिक बैठक ऋषिकेश में हुई। इसमें हल्द्वानी से संजय राजपूत ने हिस्सा लिया। बैठक में डिस्ट्रीब्यूटर्स की ओर से एग्रीमेंट नीति बनाने, पिछले टारगेट पूरे नहीं होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के डिस्ट्रीब्यूटर नहीं बदलने की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष होली ने कहा कि कंपनी यदि किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर का उत्पीड़न करेगी तो डिस्ट्रीब्यूटर्स उन कंपनियों का बहिष्कार करेंगे। डिस्ट्रीब्यूटर को कंपनी मासिक सेल का 15 दिन का ही स्टॉक देगी। यदि कंपनियों ने अधिक स्टॉक रखने का दवाब बनाया तो ऐसी कंपनियों के खिलाफ एग्जिट होकर विरोध किया जाएगा। बैठक में नितिन शर्मा, धैर्य सेल पाटिल, डॉ. पीएम गणेश राम, प्रशांत शिंदे, प्रकाश मिश्रा, जितेंद्र भसीन, राकेश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अमित आर्य, राकेश तनेजा, आशीष, सतीश अनेजा मौजूद रहे।


विभिन्न मांगों को लेकर ईपीएफ दफ्तर के बाहर बैठे पेंशनर्स।

### पेंशनर्स ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने शुक्रवार को जजी कोर्ट के पास स्थित ईपीएफ कार्यालय के बाहर धरना दिया और ईपीएफ आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांगों को लेकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से पेंशन में वृद्धि और महंगाई भत्ते देने की मांग कर रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में वे प्रधानमंत्री को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई। प्रांतीय समन्वयक जगत सिंह डोभाल ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, वे अपनी लड़ाई लड़ते रहेंगे। जल्द ही देशव्यापी आंदोलन होगा। इस दौरान राजेंद्र वालिया, मधुसुदन लोहनी, बृजमोहन सिजवाली, देवेंद्र पांडे, भूपेंद्र अधिकारी, पान सिंह नेगी, सत्य प्रकाश गोस्वामी रहे।

### 825 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**हल्द्वानी :** नगर निगम सभागार में शुक्रवार को निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसमें शुगर की जांच, नाड़ी परीक्षण, हीमोग्लोबिन और हृदय संबंधित जांचें की गई। कुल 825 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। नाड़ी परीक्षण के दौरान स्वास्थ्य की जांच करते हुए डाबर के आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप चौहान ने कहा कि अत्यधिक मानसिक तनाव के चलते लोग शुगर, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और मोटापे से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तनाव के लक्षण आपके शरीर के साथ ही व्यवहार को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, संदीप कोली रहे।

## छात्राओं को दी सुरक्षा की जानकारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एसकेएम स्कूल में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से कार्यशाला हुई, जिसमें छात्राओं को महिला शिक्षा, सुरक्षा और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इस दौरान शारीरिक स्वच्छता एवं सुरक्षा, घर और घर से बाहर प्रताड़ना से सुरक्षा, अनाथ एवं लावारिस बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान की सूचना, बालिकाओं के लिए पौष्टिक खान- पान की जरुरत आदि की जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं से असुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर उसका समाधान करने का आश्वासन देते हुए अनेक मुद्दों की जानकारी और उस पर बातचीत करते हुए उनके सवालों का जवाब भी दिया। छात्राओं ने भी कई नई योजनाओं और महत्वपूर्ण बातों को आत्मसात किया। प्रधानाचार्य मोनिका शर्मा ने विभाग के अधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।


कार्यशाला में बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए। ● अमृत विचार

# ढंग से सर्वे करें ताकि सही मतदाता सूची बने

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य निर्वाचन विभाग ने आगामी निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए के लिए एआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर्स, आशाओं के साथ बैठक की।

शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थियेटर में हुई समीक्षा बैठक में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तूदास ने कहा कि सभी सुपरवाइजर्स व आशाएं क्षेत्रों में मतदाताओं का सर्वे ढंग से करें ताकि सूची सटीक बने। 18 वर्ष से अधिक आयु के युवक-युवतियां हैं, उनका नाम अनिवार्य ढंग से मतदाता सूची में जोड़ा जाए। सर्वे से पूर्व क्षेत्र में दिव्यांग, बुजुर्गों की सूची जरूर बनाएं। ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं लेकिन अब अन्यत्र रह रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची जरूर हटाया जाए। इसी तरह दिवंगत हो गए मतदाताओं के नाम भी सूची से हटाए जाएं। यह भी जांचा जाए कि किसी मतदाता के नाम अलग-अलग बूथों में दर्ज नहीं हो, यदि ऐसे कोई मतदाता हैं तो उनका नाम भी हटाए। उन्होंने वेयरहाउस का भी स्थलीय निरीक्षण किया और वहां सीसीटीवी कैमरा, लाइट्स, सुरक्षा, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान एडीएम फिंचाराम चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, सचिन कुमार मौजूद रहे।


लेक्चर थियेटर में हुई वर्कशॉप में मौजूद एआरओ, सुपरवाइजर्स व आशाएं।

### बूथों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें : डीएम

**हल्द्वानी :** डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को आगामी निकाय चुनाव को लेकर बैठक की। उन्होंने बताया कि नगर निगम हल्द्वानी में 60 वार्ड, 96 मतदान केंद्र एवं 278 बूथ व 2,41,247 मतदाता हैं। नगर पालिका नैनीताल में 15 वार्ड, 20 मतदान केंद्र एवं 32 बूथ 25,484 मतदाता हैं। नगर पालिका रामनगर में 20 वार्ड, 20 मतदान केंद्र एवं 40 बूथ, 43613 मतदाता हैं। नगर पालिका भवाली में 7 वार्ड, 7 मतदान केंद्र व 7 बूथ और 35,480 मतदाता हैं। नगर पालिका भीमताल में 9 वार्ड, 8 मतदान केंद्र एवं 10 बूथ, 10,000 मतदाता हैं। नगर पालिका कालाढूंगी में 7 वार्ड, 6 मतदान केंद्र एवं 10 बूथ 8,633 मतदाता हैं। नगर पंचायत लालकुआं मे 7 वार्डों में 7 मतदान केंद्र एवं 8 बूथ, 5631 मतदाता हैं।

# संगीतांजलि-2024 में बड़े व नन्हे कलाकारों ने बिखेरी सुर की छटाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्वर संगम संगीत संस्थान हीरानगर की ओर से शुक्रवार को भारतीय संगीत के मनीषी पं. विष्णु नारायण भातखंडे की स्मृति में संगीतांजलि -2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान के उदीयमान बाल-युवा प्रतिभाओं ने शास्त्रीय गायन, भजन, वायलिन, की-बोर्ड, बांसुरी और तबला वादन की एकल, युगल और सामूहिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम संचालक मोहनवीणा वादक दिनेश चंद्र पंत ने बाल प्रतिभाओं के राग भूपाली में सामूहिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर स्पर्श जैन और पंकज पांडे के युगल बांसुरी वादन, अंजना भट्ट के भजन के बाद शास्त्रीय गायन में आहना तिवारी ने राग यमन, तनिष्क भट्ट ने राग बिहाग की प्रस्तुति दी। वायलिन और की- बोर्ड की युगल बंदी राग भूपाली में कौशल और नवल ने दी। इस मौके पर उभरते वायलिन वादक विशेष तिवारी ने राग बिहाग में मध्य लय और अतिद्रुत में दो रचनायें प्रस्तुत की। प्रभु नारायण सिंह ने राग मालकौस, हिमानी बिष्ट ने राग तिलक कामोद, विक्रम सिजवाली ने राग यमन, युगल गायन के अन्तर्गत हेमा तिवारी और दीपांशी जोशी ने राग शुद्ध कल्याण, दिव्यांशी, कशिश और श्रेया ने राग हम्मीर, कैलाश गुरुरानी और नीरज पडलिया ने मालकौंस प्रस्तुत किया।



संगीतांजलि कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

# पिक एंड ड्रॉप कर किया निस्तारित

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को एनसीसी, एनएसएस और नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जागरूक रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

रैली शहीद पार्क से शुरु होकर विशाल मेगा मार्ट पहुंची जिस दौरान सड़क पर पड़े कूड़े और प्लास्टिक को पिक एंड ड्रॉप कर निस्तारित किया गया। कॉलेज की एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. रेखा जोशी ने बताया कि एनसीसी इकाई ने विश्व पर्यटन दिवस पर कॉलेज परिसर में पोस्टर प्रतियोगिता और कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने पर्यटन के बारे में विभिन्न जानकारी दी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम होंगे।



अभाविप प्रत्याशी के लिए समर्थन की अपील करते कार्यकर्ता।

## छात्रसंघ चुनाव में विद्यार्थियों से मांगा समर्थन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नवाबी रोड स्थित एक बैंक्वट हॉल में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का नूतन विद्यार्थी अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने नए प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया और अभाविप की सदस्यता लेने की अपील की। एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज सिंह रमोला ने अभाविप की कार्य पद्धति के बारे में बताया और आगामी छात्रसंघ चुनाव में परिषद को समर्थन देने की अपील की। बताया कि विद्यार्थी परिषद कॉलेज में 365 दिन छात्र हित और सामाजिक कार्यों के लिए लगातार कार्य करता है। उन्होंने अभाविप के अध्यक्ष प्रत्याशी आयुष सत्याल को वोट देने की अपील की। कहा कि अभाविप के प्रत्याशी के जीतने पर कॉलेज में विकास और अनुशासन का माहौल रहता है। बताया कि इस बार भी हजारों नए प्रवेशित विद्यार्थियों ने अभाविप की सदस्यता ली है जिसमें कई विद्यार्थी कॉलेज में नेतृत्व देने के लिए तैयार हैं। इस दौरान विभाग संयोजक कौशल बरखानी, प्रांत शोध छात्रा प्रमुख शिप्रा बसेरा रहे।

# युवक की मौत के बाद पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## ठाकुरद्वारा क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर ट्राली का पीछा कर रहे थे पुलिस कर्मी, चालक की मौत पर भड़का गुस्सा, पथराव किया

संवाददाता, मुरादाबाद/जसपुर

**बवाल**

- ग्रामीणों ने दो घंटे किया बवाल तनाव बरकरार, सुरक्षा बल तैनात
- चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज



लोकेश उर्फ मोनू।

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर ट्राली का पीछा कर रही पुलिस को चालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ग्रामीण उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो घंटे तक ग्रामीणों और पुलिस में जमकर संघर्ष हुआ। लाठी-डंडे लेकर गुस्साई भीड़ पुलिस के पीछे पड़ गई, जमकर पथराव किया। पानी से भरे धान के खेत से भागकर पुलिस कर्मियों ने जान बचाई। उग्र भीड़ ने कुछ पुलिस कर्मियों को बंधक बनाकर वर्दी फाड़ दी और जमकर पिटाई की। सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पीएसी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। जैसे-तैसे ग्रामीणों को शांत किया। मृतक के पिता ने दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। तनाव को देखते हुए गांव में सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालने का काम करता है। लोकेश शुक्रवार तड़के 3 बजे ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खेत पर गया था। अवैध खनन की आशंका में पुलिस वालों ने अपनी गाड़ी से उसका पीछा कर लिया। पुलिस से बचने के लिए लोकेश ट्रैक्टर भगाने लगा। इसी दौरान मोनू की ट्रैक्टर के पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। सुबह तक मोनू घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान रोड से नहर वाले रास्ते से 50 मीटर दूर खेत में ट्रैक्टर के टायर से कुचला हुआ मोनू का शव मिला। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के टायर से दबे शव को निकालकर पास ही सड़क पर रख दिया और पुलिस वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हगामा शुरू कर दिया। सुबह 8:00 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीण अवैध खनन को लेकर वसूली का पैसा नहीं देने पर सिपाही अनीस और नरेश समेत गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों पर मोनू की हत्या का आरोप लगाने लगे। धीरे-धीरे बेकाबू हुई भीड़ पुलिस वालों पर हमलावर हो गई। उग्र ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को लाठी-डंडों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अनीस समेत कुछ पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर वर्दी फाड़ दी।



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पुलिस वालों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाते ग्रामीण।



ग्रामीणों की पिटाई के बाद बेहोश साथी को उठाकर ले जाते पुलिसकर्मी।

सिपाही अनीस को टारगेट करके ग्रामीणों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। दो घंटे तक पुलिस और ग्रामीणों में जमकर संघर्ष हुआ। बवाल के बीच पानी से भरे धान के खेत से भागकर पुलिसकर्मियों ने जान बचाई। वारदात में कई लोग जख्मी हुए है। घायल सिपाही अनीस की हालत नाजुक बताई जा रही है। बवाल बढ़ने पर जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल अन्य अधिकारियों के साथ भारी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जैसे-तैसे उग्र भीड़ को शांत किया। कड़ी सुरक्षा में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक मोनू के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अनीस, नरेश और दो अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की देर शाम अंत्येष्टि कर दी गयी।

## सार-संक्षेप

### दाखिल खारिज वादों का निस्तारण न होने पर गुस्सा

**काशीपुर :** काशीपुर की नायब तहसीलदार कोर्ट व चकबंदी न्यायालय में दाखिल खारिज वादों का निस्तारण न होने से परेशान अधिवक्ताओं ने तहसीलदार का घेराव किया। उन्होंने पत्रावलियों का समय से निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। शुक्रवार को दर्जनों अधिवक्ताओं ने दाखिल खारिज की पत्रावलियों का निस्तारण न करने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार पंकज चंदोला का घेराव किया। उनका कहना था कि नायब तहसीलदार व चकबंदी न्यायालयों में लंबे समय से दाखिल खारिज वादों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। वादों की पत्रावलियां बीते आठ-नौ माह से लंबित हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसीलदार चंदोला ने इस संबंध में कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। घेराव करने वालों में बार एसो. के पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, सुधीर चौहान, अयूब चौधरी, रोहित अरोड़ा, उस्मान मलिक, राजकुमार सोनू, अलीम खां, संतोष श्रीवास्तव, सलीम एडवोकेट, प्रदीप कुमार आदि थे।

### तराई में बारिश से पांच डिग्री सेल्सियस गिरा तापमान

**रुद्रपुर :** विगत रात्रि तराई में हुई झमाझम बारिश के बाद तापमान में गिरावट आ गयी है। बारिश के बाद तापमान पांच डिग्री सेल्सियस कम हुआ है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार और रविवार को भी हल्की बारिश की संभावना जतायी है। पिछले कई दिनों से तराई में 33 से 34 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच गया था। इससे दिन में तेज धूप के साथ उमस हो रही थी और लोग परेशान नजर आ रहे थे।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी

**गदरपुर :** विदेश भेजने के नाम पर 11 लाख रुपये ठगने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें पीड़ित युवक ने कोर्ट का सहारा लेते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। अब पुलिस कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। मनराज सिंह निवासी गणेशपुर थाना केलाखेड़ा के मनराज सिंह ने शिकायती पत्र में बताया कि उसकी मुलाकात बलवंत कबोज निवासी राजपुरा नंबर दो गदरपुर से हुई थी। इसमें बलवंत कंबोज ने बताया कि उसकी विदेश मंत्रालय व भारतीय एंबेसी में अच्छी जान पहचान है और कई लोगों को वह विदेश में भेज कर सेटल कर चुका है। मनराज ने बलवंत कंबोज की बातों में आकर यूरोप का वीजा दिलाने एवं वहां नौकरी देकर सेटल करने के लिए हामी भर दी। बलवंत ने यूरोप भेजने का लगभग 14 लाख रुपये खर्च बताया। मनराज सिंह का आरोप है कि बलबंत कंबोज ने अपने साथी के खाते एवं अपने घर पर कुल मिलाकर 11 लाख रुपये ले लिए। अब बलबंत न तो यूरोप का वीजा दिलवा रहा है और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**गदरपुर :** थाना क्षेत्र के गांव महतोष की रहने वाली एक युवती अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर युवती की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश की जा रही है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महतोष के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री 11 अगस्त को बिना बताए घर से कहीं चली गई थी जो आज तक घर वापस नहीं पहुंची है। उनके द्वारा अपनी पुत्री की रिश्तेदारी और अन्य जगहों पर काफी खोजबीन की गई परंतु आज तक उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया।



शांतिपुरी ढ़ाकानी में दुग्ध संघ अधिकारियों से वार्ता करते दुग्ध उत्पादक।

### उत्पादकों ने उठाए दुग्ध भुगतान व चारे की गुणवत्ता पर सवाल

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो ढाकानी स्थित महिला दुग्ध समिति में शुक्रवार को हुई बोर्ड की बैठक में दुग्ध उत्पादकों ने संघ के पदाधिकारियों व अधिकारियों के सम्मुख दूध के बकाया भुगतान को जल्द से जल्द करने व पशु आहार में लगातार घट रही गुणवत्ता की मांगों को प्रमुखता से उठाया। दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि उन्हें संघ से बीते अगस्त माह से दुग्ध भुगतान नहीं हुआ है। इससे उन्हें आर्थिक तंगी के कठिन दौर से गुजरना पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि दुग्ध संघ द्वारा निर्मित पशु आहार की गुणवत्ता दिन प्रतिदिन घट रही है। इसके कारण मजबूरन पशु पालकों को प्राइवेट से पशु आहार खरीदना पड़ रहा है। इसके बाद बैठक में मौजूद संघ पदाधिकारियों ने उत्पादकों के बकाया दुग्ध भुगतान को जल्द से जल्द जारी करने तथा पशु आहार की गुणवत्ता में सुधार हेतु उच्चाधिकारियों से वार्ता करने का भरोसा दिया। इस मौके पर राजेंद्र शर्मा, दुग्ध निदेशक इन्दर सिंह, राधा कोरंगा, हयात सिंह कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

### तालाब के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी में एक स्कूल के तालाब के किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। विद्युत करंट लगने से उसकी मौत होने की आशंका जताई गई है। कुंडेश्वरी निवासी मोहित चौधरी (24) पुत्र मुकेश चौधरी गुरुवार दोपहर बाद से गायब था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार दोपहर एक व्यक्ति ने किसान इंटर कॉलेज के तालाब के पास मोहित चौधरी का शव पड़ा देखा। उसने प्रधानपति संजय चौधरी को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली से एसएसआई सतीश शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसआई सतीश शर्मा ने बताया कि मृतक अपने परिवार में इकलौता पुत्र था। वह मजदूरी कर अपने परिवार का हाथ बंटाता था। तालाब के किनारे बिछाए गए तारों की चपेट में आकर करंट लगने से उसकी मौत हुई है।



मोहित चौधरी।

### जेवरात सहित विभिन्न कागजात चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** पुलिस ने घर से चोरी हुए सोने के जेवरात व अन्य दस्तावेज के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोहियाहेड रोड निवासी ऋचा मनोला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह दिल्ली में नौकरी करती है और उसकी मां सावित्री मनोला घर पर अकेली रहती है। यह भी कहा कि बीमारी के कारण उनको ठीक से दिखाई नहीं देता है। 23 सितंबर को उसकी मां का फोन आया कि घर से एक टिन का बक्सा चोरी हो गया है। काफी ढूंढने पर भी नहीं मिल रहा है। जिसमें उसने अपने जेवरात, भूमि संबंधित कागज, बैंक पासबुक, स्कूल के कागजात आदि रखे हुए थे। 26 सितंबर को जब वह घर पर आई और घर की अच्छे से तलाशी ली लेकिन बक्सा कहीं नहीं मिला शायद चोरी हो गया है। यह भी बताया है कि बक्से में कागजात, पासबुक, कान के कुंडल, गलोबन्द, मंगलसूत्र, दादा के मेडल और कुछ रूपये चोरी हो गए हैं।

# राशन माफिया की दबंगई, विरोध

**हंगामा**

- जबरन अपने ट्रक में राशन करवाने लगा लोड
- आरएफसी गोदाम में दोनों पक्ष आमने-सामने

संवाददाता, रुद्रपुर



आरएफसी गोदाम के बाहर खड़े वाहन। ● अमृत विचार

> जबरन राशन लोड करने का मामला संज्ञान में आते ही एआरओ को मौके पर भेजा गया। इसके बाद अब कोई भी गल्ला विक्रेता या फिर संबंधित व्यक्ति आरएफसी गोदाम जाकर राशन को लोड नहीं कराएगा और किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होने दिया जाएगा। किसी को कोई समस्या है और वह कार्यालय में आकर मिल सकता है। **-विपिन कुमार**, डीएसओ, ऊधमसिंह नगर

**अमृत विचार:** राशन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब छोटे सस्ता गल्ला विक्रेताओं को दबंगई के बल पर दबाने की कोशिश भी करने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला आरएफसी गोदाम परिसर में हुआ। जहां राशन माफिया अपनी टीम के साथ पहुंचा और दबंगई के बल पर राशन भरने को खड़े अपने ट्रकों को आगे करवाने लगा। जब छोटे सस्ता गल्ला विक्रेता ने इसका विरोध किया तो घेराबंदी कर धमकाने के आरोप लगने लगे। मामला बिगड़ता देख सूचना मिलने पर एआरओ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वितरण व्यवस्था नियमानुसार बनाने का आदेश दिया।

सस्ता गल्ला विक्रेता नरेश सागर नियमानुसार कानपुर हाईवे स्थित आरएफसी गोदाम पहुंचा और निर्धारित नंबर के आधार पर गल्ला वितरण राशन ट्रकों में लोड करवा ही रहा था। अचानक राशन माफिया के नाम से चर्चित दबंग माफिया आया और गाड़ियों के काफिले से उतरते ही वहां तैनात एसएमओ को उसके ट्रकों में पहले राशन लोड कराने को कहने लगा। यह देख जब गल्ला विक्रेता ने विरोध किया तो मौके पर बखेड़ा खड़ा हो गया। दोनों पक्षों के आमने-सामने होने के बाद मामले की जानकारी आरएफसी बीएस फिरमाल ने डीएसओ विपिन कुमार को मामले को देखने का आदेश दिया। मौके पर एआरओ मंजीत सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे और अव्यवस्था पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने आदेशित किया कि अब राशन वितरण के ट्रक नियमानुसार बारी-बारी से सस्ता गल्ला विक्रेताओं की दुकानों पर जाएगी। कोई भी गल्ला विक्रेता या फिर संबंधित व्यक्ति गोदाम पर आकर दबंगई नहीं दिखाएगा। आदेशों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई होगी। सवाल यह उठता है कि आखिर कौन है ये राशन माफिया जो लगातार हो रही शिकायतों के बाद खुलेआम अपना रौब दिखाता है।

# वैश्विक मानकों पर खरा उतर रहा भारत

संवाददाता, रुद्रपुर





कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर व अन्य।

**अमृत विचार:** विश्व मानक दिवस श्रृंखला के तहत रुद्रपुर में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें उद्योगों के प्रतिनिधियों, ज्वैलर्स, स्कूली छात्रों व जनसामान्य ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में मानक संवर्द्धन में बेहतर कार्य करने वाले मेंटर, उद्योग, ज्वैलर्स, रिसोर्स पर्सन आदि को सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित एक एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर ने कहा कि भारत आज अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतर रहा है। तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए उद्योगों को अपने उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर के बनाने चाहिए। बीआईएस देहरादून शाखा के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने विश्व मानक दिवस की इस बार की थीम एसडीजी-9 उद्योग, नवाचार व अवसंरचना विषय में जानकारी दी। कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि बिना मानकों के सामान्य दिनचर्या चलाना मुश्किल है। मानकीकरण हर जगह जरूरी है। सिडकुल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा ने कहा कि बिना मानकों के कोई भी उद्योग काम नहीं करता। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपिन कुमार ने कहा कि केंद्र की टीम भारतीय मानक ब्यूरो की इस मुहिम को आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के विशाल अग्रवाल, वोल्टाज लिमिटेड के धर्मेंद्र, ग्रीन पैनल के पुरुषोत्तम, बीआईएस के वैज्ञानिक सचिन चौधरी ने तकनीकी सत्र में जानकारियां साझा की।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम सिंचाई खण्ड नैनीताल**

पंत्राक : 305/स०अ०प्रथम/नि०प्र०/ दिनांक : 27-09-2024

**अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या-01/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित नीलामी हेतु खुली बोली सिंचाई खण्ड नैनीताल के प्रथम उपखण्ड परिसर में दिनाक 05-10-2024 के अपराहन् 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नीलामी हेतु इच्छुक बोली द्वाता 100 रु० के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प के साथ अपना आधार कार्ड एवम् पेन कार्ड दिखा कर बोली में भाग स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से ले सकते है। नीलामी सम्बन्धी विवरण नीलामी आमंत्रण की तिथि से दिनांक 04-10-2024 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 5:00 बजे तक उपखण्डीय कार्यालय में देखी जा सकती है। नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | न्यूनतम बोली | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | भीमताल झील के चारो और सूखे गिरे पड़े एवं जीर्ण वृक्षों के पातन एवं नीलामी। | रू. 25000.00 | 02 माह |

सहायक अभियन्ता प्रथम
सिंचाई खण्ड नैनीताल

# सीआरपीएफ जवान ने किया दुष्कर्म

**मामला**

- दूसरी युवती से जवान ने की शादी
- डेढ़ साल तक शारीरिक शोषण किया, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार:** युवती ने पुलिस को तहरीर देकर जम्मू कश्मीर में तैनात सीआरपीएफ के जवान के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि संजय सिंह राणा निवासी कोदा खेड़ा थाना नानकमत्ता से डेढ़ वर्ष पूर्व मोबाइल से उसका सम्पर्क हुआ था। संजय सिंह राणा ने युवती से अपना रिश्ता कर जल्द शादी कर लेने की बात कही। उसने खुद को जम्मू-कश्मीर में तैनात सीआरपीएफ का जवान बताया। आरोप लगाया कि जवान ने 31 अगस्त 2023 व 12 दिसम्बर 2023 को जबरन अवैध संबंध बनाए और अश्लील वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 9 मार्च 2024, 6 जून 2024 को भी धमकी देकर सम्बन्ध बनाए। गत 14 जून को संजय सिंह ने युवती के घर पर पहुंचकर अवैध संबंध बनाने का प्रयास किया। शादी की बात कहने पर जवान ने उसके साथ मारपीट की और वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

जवान संजय सिंह ने छुट्टी पर आकर अपनी मां से सांठगांठ कर एक अन्य युवती से गत 21 जून को रजिस्टार कार्यालय में शादी कर ली। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया युवती की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कपड़े सुखाने गई किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश

**रुद्रपुर :** कोतवाली इलाके की रंपुरा बस्ती की रहने वाली एक किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। रंपुरा बस्ती निवासी एक युवक ने बताया कि 26 सितंबर को 11 बजे उसकी 18 वर्षीय बहन छत पर कपड़े सूखा रही थी। तभी किराए पर रहने वाला पड़ोसी जहीर अहमद छत से कूदकर आया और बहन के साथ जबरदस्ती करने लगा। आरोप था कि युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की कोशिश की और अमर्यादित व अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया। जब चीखने की आवाज सुनकर वह दौड़कर छत पर पहुंचा तो आरोपी युवक छत कूदकर फरार हो गया और बहन रोने-बिलखने लगी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मां की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

**परेशानी** सड़क पर पानी बहने से सिडकुल कुर्मियों, स्कूली बच्चों व लोगों को हो रही परेशानी

# दो घंटे की बारिश से दिनेशपुर में जलभराव

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर वार्ड- एक गांधीनगर के मुख्य सड़क पर बहता बारिश का पानी।

**अमृत विचार:** नगर में प्रातः दो घंटे हुई बारिश से सभी वार्डों की पानी निकासी की नालियां चोक होने पर नगर पंचायत की पोल खुल गई। सभी वार्डों के मार्गों पर जलभराव हो गया। लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना उठाना पड़ा।

शुक्रवार की प्रातः तीन से पांच बजे से हुई बारिश से हालत बदतर हो गई। वार्ड- एक गांधीनगर में बारिश का पानी सड़क से घरों में घुसने लगा है। वहीं सिडकुल व स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वार्ड एक गांधीनगर की सड़क वार्ड-आठ से होते हुए दिनेशपुर-गदरपुर मुख्य मार्ग से मिलती है। समाजसेवी जगमोहन पंत ने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़क पर गहरे गड्ढे होने से बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी सरोज गौतम के एक अगस्त से मातृत्व अवकाश पर जाने के बाद गदरपुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजीव मल्होत्रा ने चार्ज संभाला है। उनका आरोप था कि सड़क व घरों में बारिश का पानी रुकने की लिखित व मौखिक शिकायत देने के बाद भी ईओ मल्होत्रा निरीक्षण के लिए आज तक मौके पर नहीं आए। सप्ताह में तीन दिन ऑफिस में बैठकर गदरपुर चले जाते हैं। इस मौके पर पंडित अनिल मिश्रा, तारक मंडल, सुभाष मजूमदार, तपन साना, अशोक राय, विजय बढ़ई, केडी जोशी आदि थे।

### नगर प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यानः सरकार



**दिनेशपुर :** वार्ड-एक गांधीनगर निवर्तमान सभासद सुकुमार सरकार ने कहा 2 दिसंबर 2023 को नगर पंचायत बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर के विकास में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हर बारिश में जल भराव की स्थिति बनी रहती है।

### घर के आगे खड़ी बाइक ले उड़े चोर

**गदरपुर :** बराखेड़ा निवासी मुकुल कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 23 सितंबर की रात्रि वह अपनी स्पेलन्डर बाइक को लॉक करके अपने घर के गेट के बाहर खड़ी कर सो गए थे। घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0133830 की अंक तालिका व प्रमाणपत्र एवम इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 14101666 के प्रमाण पत्र एवम अंक पत्र वास्तव में खो गए है। **- मुकेश रावत पुत्र मोहन सिंह रावत, ग्राम चोरपानी, तहसील रामनगर (नैनीताल)**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम सिंचाई खण्ड नैनीताल**

पंत्राक : 303/स०अ०प्रथम/नि०प्र०/ दिनांक : 27-09-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-03/2024-25**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04.10.2024 के अपराहन् 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन दिनांक 04.10.2024 को अपराहन् 3.30 बजे सार्वजनिक रुप से सिंचाई खण्ड नैनीताल परिसर में स्थित सहायक अभियन्ता प्रथम के कार्यालय में टेन्डर समिति अथवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री निविदा आमंत्रण की तिथि से दिनांक 03.10.2024 तक इस कार्यालय में कार्य दिवसों में प्रातः 11.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक की जायेगी। प्रस्तावित कार्यों से सम्बन्धित विवरण / तकनीकी जानकारी एवं निविदा की शर्तें निविदा जमा करने से पूर्व दिनांक 03.10.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक उपखण्डीय कार्यालय में देखी जा सकती है। विभागीय पंजीकृत ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि पंजीकरण प्रमाणपत्र दिखाकर एवं निविदा प्रपत्रों का शुल्क देकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। समस्त निविदाओं अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। तकनीकी जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भीमतात बाँध के डाउन स्ट्रीम में हो रहे भू-कटाव को रोकने हेतु सुरक्षात्मक कार्य (रींच-भीमताल नाला किमी. 0.00 से किमी. 0.250)। | 29600.00 | Rs. 1000.00+ 180 | 03 माह | डी एवं उच्चतर |

सहायक अभियन्ता प्रथम
सिंचाई खण्ड नैनीताल

ब्याज सहित बैंक का बना 5 करोड़ 39 लाख से अधिक बकाया, एजीएम ने कराया दंपति पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

# फर्जी रजिस्ट्री दिखाकर बैंक को लगाया चार करोड़ का चूना

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचारः** अल्मोड़ा अर्बन कोआपरेटिव बैंक में फर्जी रजिस्ट्री को बंधक बनाकर करोड़ों का चूना लगाने का मामला सामने आया है। आरोप था कि दंपति ने जिन संपत्ति को दिखाकर लोन लिया था। उन संपत्तियों में उनका नाम ही दर्ज नहीं है। पुलिस ने सहायक महाप्रबंधक की दायर याचिका पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अल्मोड़ा अर्बन कोआपरेटिव बैंक शाखा के सहायक महाप्रबंधक संजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2016 को रामजी बिहार कॉलोनी देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी दंपति विशाल सिंह व स्वीटी सिंह बैंक शाखा में आए। इस दौरान उन्होंने पंतनगर में मैसर्स ऑल नाम की फर्म का पार्टनर बताते हुए कारोबारी के लिए एक हॉल खरीद के लिए लोन का आवेदन किया। जिसमें दंपति ने अपनी संपत्ति को भी दर्शाया। आवेदन व दस्तावेजों के आधार पर दंपति ने चार करोड़ रुपये का लोन भी प्राप्त कर लिया और उसके बाद बैंक किश्त नहीं दी।

31 जुलाई 2024 तक लोन धारक व आरोपी दंपति पर 5 करोड़ 39 लाख 17 हजार 846 रुपये की देनदारी हो गई। 29 जुलाई को जब अधिवक्ता के माध्यम से दस्तावेजों की पड़ताल की तो पाया कि ग्राम कोठा में खेत संख्या 231 में दंपत्ति का नाम दर्ज नहीं है और बैंक में बंधक रजिस्ट्री भी फर्जी है। जिसमें दंपत्ति का नाम निष्पादित है। कई बार कोतवाली पुलिस व एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर सहायक महाप्रबंधक संजय बिष्ट ने कोर्ट में याचिका दायर की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजनेस पार्टनर बता कर हड़पे साढ़े तीन करोड़

संवाददाता, रुद्रपुर

धोखाधड़ी
- बंधक रजिस्ट्री, दिखाई संपत्ति निकली फर्जी
- अल्मोड़ा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक से लिया था लोन

**अमृत विचारः** इंस्पिरेशन सर्विस का पार्टनर बताकर लोन के नाम पर करोड़ों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि बंधक रजिस्ट्री से लेकर दशाई गई दंपति भी फर्जी निकले। जिसके बाद पुलिस ने सहायक महाप्रबंधक द्वारा याचिका व न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

अल्मोड़ा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक शाखा के सहायक महाप्रबंधक संजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्ष 2015 में छड़ायल नयागांव बद्री विशाल कॉलोनी हल्द्वानी निवासी जीवन चंद्र और आइडिया कॉलोनी किच्छा रोड ग्राम कोठा निवासी शुचि भारद्वाज बैंक में आए और मैसर्स इंस्पिरेशन सर्विसेज का पार्टनर बताते हुए कारोबार के लिए भवन खरीद पर ऋण देने का आवेदन किया। इस दौरान शर्तों अनुसार आवेदनकर्ता पार्टनर ने साढ़े तीन करोड़ रुपये का लोन प्राप्त कर लिया और बैंक में भवन रजिस्ट्री व संपत्तियों का ब्यौरा भी दे दिया। बंधक बनी दंपति के आधार पर प्राप्त लोन पर किश्त नहीं दी। 31 जुलाई 2024 तक ब्याज सहित बैंक की धनराशि 4 करोड़ 17 लाख 88 हजार 254 रुपये हो चुकी थी। जब अधिवक्ता के माध्यम से रजिस्ट्री व संपत्ति की जानकारी जुटाई गयी तो सभी दस्तावेज फर्जी निकले। आरोपियों ने सोची समझी साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंक को करोड़ों का चूना लगाने का कार्य किया है। जब इस संबंध में पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद सहायक महाप्रबंधक संजय बिष्ट ने न्यायालय में याचिका डाली। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भूरारानी गोलीकांड प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

- हिस्ट्रीशीटर सहित कई हमलावर हुए चिह्नित
- 25 सितंबर की रात को हुई थी फायरिंग की घटना

**अमृत विचारः** शाम के वक्त गांव भूरारानी में टहल रहे युवक पर हुए फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोप था कि बाइक सवार युवकों ने जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी, लेकिन गनीमत रही कि युवक बच निकला।

वार्ड-32 भूरारानी निवासी कन्हैया उर्फ गोलू ने बताया कि 25 सितंबर की रात साढ़े दस बजे वह खाना खाकर बाहर टहल रहा था। रंजिश रखने वाला संजीत साहनी का साला आशु साहनी व राज साहनी निवासीगण तेल मिल डिबडिबा थाना बिलासपुर रामपुर और आलोक साहनी, निवासी भूरारानी, विशाल साहनी निवासी सत्यनारायण कॉलोनी भूरारानी, संजीत साहनी व उसका संजय व जीजा राहुल साहनी ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से सीधे फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बचा। शोर शराबा सुनकर गांव के लोग एकत्रित होने लगे तो बाइक सवार सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से कारतूस बरामद करने के बाद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पूरा परिवार हिस्ट्रीशीटर है और कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। ऐसे में उसकी जान का खतरा बना हुआ है।

## एक नजर

### पुलिस ने पकड़ी 8.46 ग्राम स्मैक, दो गिरफ्तार

**सितारगंज :** सिडकुल चौकी का कार्यभार संभालते ही प्रभारी दीपक कौशिक ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोका। दोनों की तलाशी लेने पर 21 वर्षीय जोगेंद्र गंगवार निवासी किच्छा के पास से 4.24 ग्राम व 25 वर्षीय टीकम पाण्डे निवासी कुंवरपुर चोरगलिया के पास से 4.23 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटी गिरफ्तार

**सितारगंज :** पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। गठित टीम ने वरुण शर्मा निवासी पूरनपुर उत्तरप्रदेश, सुरबीन सिंह निवासी थारू तिसौर सितारगंज व राम औतार उर्फ कल्लू निवासी नबाबगंज उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है।

### दो पक्षों में मारपीट

**बाजपुर :** देर रात्रि बाइक सवार दो युवकों का एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बाइक सवार दोनों युवकों ने रामराज रोड स्थित सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के सामने पैदल जा रहे युवक को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बाद में वह उसे गंभीर अवस्था में सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान काफी घंटे तक घायल तड़पता रहा। वहां से गुजर रहे लोगों ने युवक को अस्पताल में पहुंचाया।

# प्रांतीय मंत्री को हत्या की धमकी देने पर भड़के गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता

कोतवाली में प्रदर्शन कर सौंपी तहरीर, जल्द कार्रवाई नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी, फोन पर दी गई धमकी, पुलिस ने प्रकरण की शुरू की जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** गौ रक्षा दल के प्रांतीय मंत्री यशपाल राजहंस को फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इसकी भनक लगते ही गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान विहिप के प्रखंड मंत्री सुदेव दास गुप्ता ने तहरीर देते हुए बताया कि दो माह पहले गौ रक्षा दल के प्रांतीय मंत्री यशपाल राजहंस द्वारा रुद्रपुर निवासी सिद्धांत जोशी के खिलाफ देवी-देवताओं के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी किए जाने का मुकदमा पंजीकृत करवाया था। 26 सितंबर को आरोपी सिद्धांत ने गौ रक्षा दल के प्रांतीय मंत्री राजहंस को फोन कर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों के अलावा गौ रक्षा दल कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है।

उन्होंने कोतवाल को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आगाह किया कि यदि जल्द ही पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। विश्वेंद्र सिंह जिला धर्म प्रचार प्रमुख, जोगिंदर सिंह चौहान प्रखंड अध्यक्ष, सुदेव दास गुप्ता प्रखंड मंत्री, आदित्य धीमान, अखिलेश अग्रवाल, यश चौहान, सुधीर देवल, अजय पाल, मनीष कश्यप, इंद्रजीत सिंह, अनमोल त्रिपाठी, नागेंद्र गंगवार, मोहित आर्य, गौरव शर्मा, मनीष कोली, अनुभव पाल, सचिन वर्मा, आशीष गंगवार, सतीश दिवाकर हरीश यादव आदि मौजूद रहे।



कोतवाली में सांकेतिक प्रदर्शन करते गौरक्षा दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



बाजपुर में पेशकार को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### नामजद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बाजपुर :** विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस को मिली जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने तहरीर में नामजद आरोपित रुद्रपुर निवासी सिद्धांत जोशी के विरुद्ध एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। वहीं आक्रोशित समाज के लोगों ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर आरोपी को बिना किसी देरी के गिरफ्तार करने की मांग की है।

# विहिप नेता को मिली धमकी से आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

रोष
- लोगों ने ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई करने की मांग
- वाल्मीकि समाज व हिंदू संगठन के लोगों में खासा आक्रोश

**अमृत विचारः** बीती दिनों गौरक्षा विभाग के प्रान्तमंत्री व विश्व हिंदू परिषद के नेता यशपाल राजहंस को एक युवक द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इससे वाल्मीकि समाज व हिंदू संगठन के लोगों में खासा आक्रोश है। शुक्रवार को काफी संख्या में लोग उत्तराखण्ड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के नेतृत्व में एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन पेशकार को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि बीते दिनों विहिप नेता यशपाल राजहंस के पास एक रुद्रपुर निवासी युक्क की फोन कॉल्स आई। फोन पर युवक ने यशपाल राजहंस को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का कार्य किया है। स्थानीय पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। परंतु ऐसे असामाजिक तत्व के खिलाफ केवल सामान्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करना ही काफी नहीं होगा ऐसी मानसिकता वाले व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर, विनोद, प्रमोद राजहंस, अमित, सतीश, अर्जुन, मुकेश कुमार, रोहित, मुनीष कुमार, राकेश कुमार, सुरेश कुमार, जोनी राजहंस, सूरज सागर, संजीव आदि मौजूद थे।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

कार्रवाई
- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा
- हत्या की आशंका जताई, कुछ युवकों से हो रही पूछताछ

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** एक युवक का शव जैतपुर रोड पर लीची के बाग में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का शक जताया है। पुलिस इस मामले में कुछ युवकों से पूछताछ कर रही है।

कुंडेश्वरी निवासी विकास उर्फ भूरा (20) पुत्र दीपक सिंह गुरुवार रात से गायब था। शुक्रवार की सुबह कुंडेश्वरी के कुछ लोग टहलने के लिए जैतपुर रोड स्थित लीची के बाग की तरफ गए तो वहां एक बाग में विकास उर्फ भूरा का शव पेड़ से टी शर्ट के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अविवाहित बताया गया है। परिवार में उसके पिता दीपक के अलावा मां धर्मवती व दो भाई है। विकास हलवाई का काम करता था। गुरुवार को वह कुछ युवकों के साथ देखा गया था। पिता दीपक ने संदेह व्यक्त किया है कि उसके पुत्र की हत्या कर उसी की टी शर्ट से टांगा गया है। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट का कहना है कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



काशीपुर में घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

## अधेड़ का मिला शव

**रुद्रपुरः** रंपुरा पुलिस चौकी इलाके में एक अधेड़ का शव मिला है। सूचना पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अधेड़ की शिनाख्त की कोशिश शुरू कर दी है।

गुरुवार की देर शाम रंपुरा पुलिस को सूचना मिली कि दूधिया नगर स्थित एक धार्मिक स्थल के समीप अधेड़ का शव पड़ा हुआ। सूचना मिलने पर रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। अधेड़ की उम्र 65 साल से अधिक थी।

पूछताछ में पता चला कि अधेड़ अक्सर सड़कों पर कूड़ा बीनता हुआ दिखाई देता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस अज्ञात शव की शिनाख्त की कोशिश कर रही है।

# हनी ट्रैप में फंसाकर युवक से मांगी पांच लाख की रंगदारी

संवाददाता, रुद्रपुर

मामला
- युवती से कराई दोस्ती, फिर बना डाली वीडियो
- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके के रहने वाले एक युवक को हनी ट्रैप में फंसाकर लाखों की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि दंपति ने युवती से मुलाकात कराने के बाद चोरी छिपे वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मॉडल कॉलोनी के रहने वाले एक युवक ने बताया कि 15 दिन पहले उसकी मुलाकात एक दंपति से हुई थी। जहां आरोपी राहुल उर्फ सूरज ने धोखे से काली नगर स्थित एक घर पर बुलाया। जहां दंपति ने उसकी मुलाकात एक युवती से करवाने के बाद कमरे में बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि युवती ने रजामंदी से शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन दंपति ने कमरे में कैमरा लगाकर वीडियो बना ली। इसके बाद से ही आरोपी दंपति वीडियो भेजकर बदनाम करने और झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देने लगे। आरोप था कि दंपति ने पांच लाख नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देनी शुरू कर दी। आरोप था कि दंपति ने सांठगांठ कर युवती के साथ मिलकर हनी ट्रैप में फंसा कर रंगदारी और बदनाम करने की धमकी देनी शुरू कर दी है। साजिश के बाद से ही वह मानसिक अवसाद से गुजर रहा है और आर्थिक स्थिति भी मजबूत नहीं होने के कारण पांच लाख रुपये भी देने में सक्षम नहीं है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आपसी विवाद में युवक पर झोंका फायर

**काशीपुर :** आपसी विवाद में मामूली कहासुनी के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर फायर झोंक दिया। लेकिन सौभाग्य से वह बाल-बाल बच गया। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मानपुर निवासी राजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 सितंबर की रात करीब 9.30 बजे के आसपास वह बिजली हाइडिल के पास खड़ा था। वहां एक पुराने विवाद को सुलझाने के लिए 30-40 लोग एकत्र थे। इसी बीच जंगा रोड, मानपुर, निवासी लखविंदर मेहरा उर्फ लवी अचानक वहां आकर उससे उलझने लगा। उसने लवी को बहस नहीं करने से मना किया तो लवी ने जान से मारने की नीयत से अपनी कमर से तमंचा निकालकर उस पर फायर कर दिया, लेकिन गोली उसके बगल से निकल गयी। जिससे वह बाल-बाल बच गया। फायर करने के बाद लवी फरार हो गया। सूचना पर प्रतापपुर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। राजा की तहरीर पर पुलिस ने लखविंदर मेहरा के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी लखविंदर को गिरफ्तार कर लिया।

कार्रवाई | मृतक की चाची ने दर्ज कराया मुकदमा, लोहे की कमानी सिर पर मारकर व गला घोट कर बेटे को मार दिया था

# नाबालिग बेटे की हत्या का आरोपी पिता किया गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नाबालिग बेटे की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की चाची की तरफ से प्राथमिकी पंजीकृत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहल्ला गांधीनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी आशा पत्नी स्व. सुरेंद्र सिंह ने गुरुवार की देर रात पुलिस को बताया कि उसके जेठ प्रेमशंकर ने अपने बड़े लड़के 13 वर्षीय विवेक की हत्या कर दी और घर में गड्ढा खोदकर उसे दफनाने की फिराक में था। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक विवेक का शव घर के अंदर चारपाई पर लहूलुहान स्थिति में पड़ा हुआ था और प्रेमशंकर भी मौके पर मौजूद मिला। आरोपी ने पूछताछ करने पर बताया कि उसने अपने लड़के विवेक को लोहे की कमानी व गला घोट कर मार दिया। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त लोहे की कमानी, गला घोटने में प्रयुक्त गमछा, फावड़ा आदि बरामद कर लिया।

घटनास्थल का फॉरेंसिक टीम ने निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने हत्यारोपी पिता प्रेमशंकर को गिरफ्तार कर लिया जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया है। पुलिस टीम में कोतवाल नरेश चौहान, एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, एसआई संदीप शर्मा, एसआई रमेश चंद्र बेलवाल, एसआई कविंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल प्रताप सिंह, कांस्टेबल रणवीर चौहान, जरनैल सिंह, कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर कोतवाली में पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी पिता। ● अमृत विचार

### काशीपुर वापस जाने से मना करने पर की बेटे की हत्या

**बाजपुर :** पुलिस के अनुसार मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि प्रेमशंकर शराब पीने का आदी है। इसकी वजह से उसकी पत्नी करीब 3 साल पहले छोड़कर कहीं चली गई। तीनों बच्चे बिश्नोई सभा काशीपुर में रहते हैं। बड़ा लड़का मृतक विवेक एक माह पहले ही घर आया था। आरोपित ने बताया कि पत्नी के जाने के बाद वह काफी परेशान रहने लगा था। बच्चे भी बिश्नोई सभा काशीपुर में पढ़ते-लिखते थे। मेरा बड़ा लड़का विवेक घर वापस आया था। उसे वापस जाने के लिए कहा तो वह मना करने लगा जिस पर गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी।

# नेपाल से लाए जा रहे लाइटर पकड़े

दो आरोपी गिरफ्तार
- बरामद कार और तस्करी का सामान कस्टम को सौंपा
- एक हफ्ते पहले भी पकड़े थे 10 हजार लाइटर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** थाना झनकईया की पुलिस ने नेपाल से तस्करी कर कार में लाइटर ला रहे दो तस्करों को धर दबोचा। कार में लदी 10 पेटी लाइटर में कुल 10 हजार लाइटर बरामद किए गए। पुलिस ने गत सप्ताह भी इतने ही लाइटर बरामद किए थे। पुलिस ने बरामद कार और सामान को कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

झनकईया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन चेकिंग के दौरान कार संख्या यूपी 26एफ 3570 को रोका और इसमें पेटियां भरी हुई थीं। पेटियों में नेपाली लाइटर भरे थे। पुलिस ने कार पर सवार जनपद पीलीभीत के नौजलिया, नौकरा, बंदरभोज निवासी अमित कुमार और सिसैया मेलाघाट निवासी गगन यादव सहित कार और तस्करी के सामान को कब्जे में ले लिया। टीम में उपनिरीक्षक मनोज देव, प्रदीप शर्मा, लक्ष्मण दत्त जोशी, ताजुद्दीन आदि शामिल रहे।



नेपाल से तस्करी कर लाए गए लाइटर से भरी पेटियों के साथ पकड़े गए आरोपी।

यद्यत्संद्दश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मानुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै ॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है, कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की धमकी

यूक्रेन पर रूस के युद्ध का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इस हमले के बाद यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा संघर्ष शुरू हो गया। तब से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां जारी की हैं। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन और नाटो देशों को परमाणु बम की धमकी दी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु सिद्धांत में बदलाव के लिए कहा है। इससे रूस अब गैर परमाणु हथियार संपन्न देश के खिलाफ भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। यही नहीं अगर रूस पर भीषण हवाई हमला होता है तो रूस परमाणु हमला कर सकेगा। रूस की इस धमकी से एक बार फिर से दुनिया में चिंता बढ़ गई है। क्योंकि रूस के परमाणु सिद्धांत में संशोधन यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के मामले में पश्चिम को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।

गुरूवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने परमाणु निरस्त्रीकरण को एक वैश्विक प्राथमिकता बताया है और इसके लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि शीत युद्ध के बदतरीन दिनों के बीत जाने के बाद अब फिर परमाणु हथियारों की स्याह छाया नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने चिंता जताई कि परमाणु मुद्दे पर तनातनी और बयानबाज़ी हो रही है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए धमकियां दी जा रही हैं। हथियारों की होड़ फिर से भड़कने की आशंका है। 20 देशों के समूह ने 2022 और 2023 में संयुक्त बयानों में खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों का उपयोग और उपयोग की धमकियां अस्वीकार्य हैं। ऐसे में भू-राजनीतिक तनावों के विशेष संदर्भ में वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण प्रयासों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा आवश्यक है। साथ ही भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को वैश्विक निरस्त्रीकरण लक्ष्यों के साथ संतुलित करना चाहिए। सभी देशों को इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझना होगा। अमेरिका और नाटो देशों को परमाणु प्रतिशोध की धमकी देने और उत्तेजक परमाणु अभ्यासों से बचना चाहिए। चूंकि अमेरिका और यूरोपीय नेता यूक्रेन को रूस को पीछे हटाने के लिए जरूरी हथियार मुहैया करा रहे हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से अपने सैन्य समर्थन को संतुलित करना चाहिए और तनाव बढ़ने से बचने के लिए समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी खाद्यान्न खरीद में पारदर्शिता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं?

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान /बाजरा /ज्वार/मक्का की खरीद प्रारंभ होने वाली है। वस्तुतः न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में हमेशा से किसानों की मांगें उठती रही हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में निरंतर परिवर्तन और सुधारकर उन्हें अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है। यहां यह बताना श्रेयस्कर होगा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराने के उद्देश्य से खरीफ और रबी सीजन में कुल 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसा पर आधारित होता है।

केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग का गठन किया गया था। भारत में सर्वप्रथम 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। तबसे हरेक साल इसमें सुधार और विस्तारीकरण के उपाय किए जाते रहे हैं। हालांकि उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की अल्पता थी और भारत खाद्यान्न आयातक देशों में गिना जाता था, परंतु आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हैं और कई खाद्यान्नों का निर्यात करता है। ओपन मार्केट पॉलिसी आने के बाद किसानों को सीधे बाजारों में अपनी उपज बेचने का मौका मिला है। आज ई-नाम मंडी व्यवस्था के अंतर्गत पूरे देश के व्यापारी कहीं भी किसी भी मंडी के खाद्यान्न की खरीद बिक्री कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ हुआ है।

जाहिर है कि एमएसपी योजना की महत्ता के दृष्टिगत ही बदलते समय के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से किए खाद्यान्न की खरीद विभाग के कंप्यूटरीकरण के साथ सबकुछ ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो गया है। इस योजना से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। पहले जिनके जमीन भी नहीं थे या जो किसान नहीं थे, वे भी किसी और की जमीन के कागज लगाकर और किसी दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजकर योजना का गलत लाभ लेने की कोशिश करते थे। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसको लक्षित करते हुए ऑनलाइन ई उपार्जन सिस्टम लागू किया गया, जो एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के मामले में देशभर में एक प्रकार का यूनिक सिस्टम बनकर उभरा है। इसके लिए सर्वप्रथम किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई और उनके पंजीकरण को राजस्व विभाग के भू लेख पोर्टल से लिंक किया गया। इससे किसानों के जमीन की सत्यता प्रमाणित होने लगी और फर्जीवाड़ा और बिचौलियों पर रोक लग गई। हालांकि गन्ना विभाग से डाटा शेयरिंग का कार्य अभी भी किया ही जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण को किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से करा सकता है, जिस पर ओटीपी के माध्यम से वेरीफिकेशन की व्यवस्था है। ऑनलाइन सिस्टम से पहले किसानों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था, जो बियरर होता था। इसे पहले एकाउंट पेयी सिस्टम में लाया गया फिर आरटीजीएस के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाता मे भेजा जाने लगा, लेकिन सबसे फूल प्रूव सिस्टम तब लाया गया, जब भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पीएफएमएस के माध्यम से एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया) मैप्ड और वेरीफाइड बैंक एकाऊंट में किसानों को उनकी उपज के मूल्य की धनराशि भेजी जाने लगी। यह ऐतिहासिक कदम था, देश में पहली बार किसी राज्य में किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पीएफएमएस सिस्टम से दिया जाने लगा है। अन्य राज्यों ने भी अब इसी को अपनाने का निश्चय किया है। क्रय केंद्रों पर भी वास्तविक किसानों से खरीद हो यह सुनिश्चित करने के लिए ई पाप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन की व्यवस्था की गई है, जिस पर किसान अपना बायोमेट्रिक करने के बाद ही अपनी उपज बेच सकता है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों की ऑनलाइन टैगिंग एवं जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण करने की व्यवस्था लागू की गई है, जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग भी हरेक स्तर से की जा सकती है।

> उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है।

पूरे सरकारी खरीद सिस्टम का एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से ई उपार्जन सिस्टम बनाया गया है, जिसमें किसानों से खाद्यान्न खरीद के ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम से लेकर टोकन जेनरेशन, तयशुदा तिथि को क्रय केंद्र पर खरीद, ऑनलाइन जेनरेटेड रसीद, ऑनलाइन वेरिफिकेशन के बाद पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान, राइस मिलों द्वारा ऑनलाइन प्राप्ति/प्रेषण भारतीय खाद्य निगम डिपो पर प्राप्ति सभी एक ऑनलाइन चेन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी क्रय नीति में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लघु और सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में गठित शांता कुमार कमेटी के अनुसार मात्र 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचते हैं, शेष ओपन मार्केट में बेचते हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व इस निष्कर्ष को सतही मानते हुए आइआइटी दिल्ली की रीतिका खेड़ा, प्रांकुर गुप्ता और सुधा नारायण द्वारा एक शोध पत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार लगभग 15-18 प्रतिशत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है, क्योंकि सभी किसानों द्वारा गेंहू/धान का उत्पादन नहीं किया जाता है तो हम यदि धान/गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों में इसकी तुलना करेंगे तो सहभागिता बढ़ जाती है। इस शोध पत्र में आंकड़ों के साथ यह भी कहा गया कि जिन राज्यों ने खरीद व्यवस्था की विकेंद्रीकृत प्रणाली अपनाई है जैसे छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि में लगभग 30-35 प्रतिशत किसानों द्वारा इस योजना का लाभ उठाया जा रहा है।

पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में यह प्रतिशत भी उच्च है। यहां यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसानों को मार्केट में अच्छा प्राइस मिल रहा है तो वो भी इसी योजना का प्रतिफल है, परंतु हम आंकड़ों में उन किसानों को शामिल नहीं करते। उदाहरण स्वरूप गत वर्ष 90 प्रतिशत गेहूं बेचने वाले किसानों ने ओपन मार्केट को चुना, क्योंकि यहां मूल्य एमएसपी से अधिक था, अर्थात यहां तुलना भी हम एमएसपी से ही करते हैं। गत वर्षों में गेहूं खरीद के आंकड़ों पर हम नजर डालते हैं तो किसानों को ओपन मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पैसा मिला है। गेहूं को वो तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचना ही नहीं चाहते, क्योंकि उससे ज्यादा मूल्य पर व्यापारी उनके घरों से उठाकर ले जाते हैं। इस तरह से देखें तो यहां पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अपना उद्देश्य प्राप्त कर रही है और किसानों को उससे अधिक मूल्य मिल रहा है।

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं? जाहिर है, उन्हें पता है कि मंडियों मे उनके खाद्यान्न की नीलामी जब होती है तो उसकी बोली का आधार एमएसपी ही होता है। प्रत्येक वर्ष बोली का रेट स्वतः एमएसपी में हुई वृद्धि के अनुरूप बढ़ जाता है। वस्तुतः पीडीएस और एमएसपी मार्केट रेट कंट्रोल करता है। पीडीएस के लाभार्थी भी तो एक दूसरे छोर से एमएसपी योजना से ही जुड़े हैं, क्योंकि यहां खरीदे गए खाद्यान्न का उपयोग ही अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य किया जाता है।

## प्रसंगवश

# धार्मिक स्थलों की समस्या

भगवान राम के दरबार में एक दिन एक कुत्ता न्याय की गुहार लेकर आया। आरोप था कि एक ब्राह्मण ने अकारण उसे डंडे से मारकर चोट पहुंचाया है। ब्राह्मण तलब हुआ। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि कई दिनों से भूखा रहने के कारण उसे कुत्ते के अकारण भूंकने पर क्रोध आ गया, जिसके कारण उससे यह अपराध हो गया। धर्म संकट देखकर श्रीराम ने कुत्ते से कहा कि इस ब्राह्मण के दंड का अब तुम्हीं निर्धारण करो। कुत्ते ने बहुत सोच विचार कर कहा, महाराज! इस ब्राह्मण को किसी मठ का मठाधीश बना दिया जाए। सारी सभा अवाक्। भगवान मुस्कुराए। मंत्री ने कुत्ते से पूछा कि तुम इस ब्राह्मण को दंड दे रहे या पुरस्कार? कुत्ता श्रीराम की ओर मुखातिब हुआ और बोला, महाराज! पिछले जन्म में मैं मठाधीश ही था। कुत्ते की योनि में जन्म लेकर निरपराध डंडे खाने पड़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के दायित्व बोध के लिए कथा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

श्री तिरुपति बालाजी धाम अपने देश के सर्वाधिक समृद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इस स्थिति में वहां के महाप्रसादम् में घालमेल करके किसी भी स्तर पर की गई मुनाफाखोरी अक्षम्य होनी चाहिए। जहां तक प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के अपवित्र होने का प्रश्न है, अपने शास्त्र इस बिन्दु पर काफी उदार हैं। हमारी गैर-जानकारी में किए गए किसी दूसरे के कुकर्म से हमारे सत्कर्म प्रभावित नहीं होते हैं। शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अनुष्ठान में की गई त्रुटियों का परिणाम पुरोहित को भुगतना पड़ता है, न कि यजमान को। राम दरबार की उपरोक्त कथा प्रमाण।

किसी भी यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी का आवाहन किया जाता है, ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न समाप्त हो। समापन के पूर्व, अनुष्ठान के मध्य जाने-अनजाने हुई त्रुटियों लिए क्षमा याचना भी अनुष्ठान का ही एक अंग है। इन सब सावधानियों के बावजूद जो त्रुटियां हो जाती हैं, वे "वैगुण्यदोष" के रूप में क्षम्य हैं। तमाम प्रयास के बावजूद कुछ कमियों, त्रुटियों, अपराधों की संभावना बनी रहती है, जैसे हवन सामग्री, हवन की लकड़ी के अंदर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़ों की उपस्थिति, प्रज्वलित हवन कुंड के आसपास उड़ते सूक्ष्म कीट-पतंगों का जल जाना आदि इत्यादि। इन्हें वैगुण्य, अर्थात अनजाने में हुए अपरिहार्य, दोष मानकर क्षम्य बताया गया है। अतएव अनजाने में दूषित प्रसाद ग्रहण करने का अपराध बोध वांछनीय नहीं है। अपनी अंतरात्मा की पुकार के अनुसार प्रायश्चित करने में भी कोई हर्ज नहीं।

दरअसल आजकल हमारे धार्मिक स्थलों की समस्या कुछ अलग है। तीर्थाटन गुजरे जमाने की बात होती जा रही, देशाटन भी पर्यटन का रूप ले चुका है। अब यह पर्यटन भी एक तरह से तीर्थाटन व देशाटन का कार्पोरेटाइजेशन हो चुका है, जिसमें आस्था व जिज्ञासा के स्थान पर उत्सव व आमोद-प्रमोद को वरीयता मिल रही है। कारपोरेट कल्चर का मूल स्वरूप अधिकाधिक विस्तार से एकाधिकार और मुनाफाखोरी है। सो प्रसाद जैसे पावन सामग्री में भी इन्हें हाथ आजमाने से कोई गुरेज नहीं। पर्यटन भी धीरे-धीरे अति की ओर अग्रसर है। पर्यटन के अतिरेक, ओवर टूरिज्म के दुष्परिणाम को देखते हुए वर्ष 2002 में ही समेकित विकास वर्ल्ड समिट, केपटाउन, में उत्तरदायित्व पूर्ण पर्यटन को "स्थानीय निवासियों के रहने व आगंतुकों के लिए बेहतर स्थान" के रूप में परिभाषित किया गया था। सभी सहभागियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे स्थलों की स्थानीय विरासत को अपनी अगली तथा उससे आगे आने वाली पीढ़ी के लिए यथावत सुरक्षित रखें। स्थानीय निवासी व आगंतुक पारस्परिक अनुभवों से लाभान्वित हों।

प्रो हारोल्ड गुडविन, "इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रेसपांसिबल टूरिज्म" के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया है कि किस तरह से ओवर टूरिज्म के चलते बार्सीलोना में बाहरी लोगों के अत्यधिक आवागमन करने के कारण स्थानीय लोग बेघर हो गए और कारपोरेट्स द्वारा संचालित होटलों में कर्मचारी के रूप में काम करने के लिए विवश हो गए हैं। केरल के भी कुछ हिस्सों में यही स्थिति बताई जाती है। इसी ओवर टूरिज्म के चलते, जो अब एक भेड़चाल का रूप ले चुका है, विगत के कई आकर्षक पर्यटन स्थल अपनी आभा खोते जा रहे हैं। उन्होंने वृंदावन के जैतवन व निधिवन को एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया है, जहां कोलाहल से दूर उसकी आध्यात्मिक अस्मिता सुरक्षित है। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि ऐसे पर्यटन स्थलों को ऐसा संरक्षण दिया जाए, ताकि उनका मूल स्वरूप सुरक्षित रह सके। पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों की संपत्ति है, यह पांच सितारा होटलों के मालिकों व उसमें ठहरने वाले बाहरी लोगों की संपत्ति नहीं है।

## जयंती

# भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ जरूरी



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे।

भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अकेले गैर कांग्रेसी योद्धा हैं, जिनकी ख्याति महात्मा गांधी के मुकाबले हो गई थी। उनकी फांसी के मुद्दे पर कांग्रेस लगभग आधे-आधे में बंट गई थी। असहमति के बावजूद गांधी के प्रति उनके मन में बेहद सम्मान था। भगत सिंह का कांग्रेस पर नैतिक पौरुषपूर्ण प्रभाव भी पड़ा था। वे गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को एक वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे।

लाहौर अधिवेशन में भगत सिंह ने कांग्रेस की ही सहमति से भगवतीचरण वोहरा द्वारा लिखा पर्चा बंटवाया भी था। उसमें विदेशी गुलामी से मुक्ति के लिए क्रांतिकारियों के हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सशस्त्र संगठन द्वारा क्रांति के लिए संकल्पबद्धता का ऐलान था। नौजवानों को दिए संदेश में भगत सिंह ने इशारा भी किया था कि लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबर्दस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। तब राष्ट्रीय इतिहास में कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी। चाचा सरदार अजीत सिंह, पिता किशन सिंह, लाला लाजपत राय, प्राचार्य छबीलदास, लाइब्रेरियन राजाराम शास्त्री के समर्थन और गांधी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के बावजूद कांग्रेस के प्रस्तावों ने भगत सिंह के साथ न्याय नहीं किया।

भगत सिंह ने पूरी तौर पर सशस्त्र क्रांति को खारिज नहीं किया। उन्होंने साफ किया कि सशस्त्र क्रांति उस समय ही अनिवार्य विकल्प है, जब जनता पूरी तौर पर क्रांति के नियामक मूल्यों के लिए सुशिक्षित हो पाए। असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम के बदले क्रांति के अग्निमय शोलों से लकदक लाल पर्चे फेंके। वे किसी भी मुर्दा कौम में बगावत के स्फुलिंग भर सकते थे। सांडर्स की हत्या के बाद क्रांतिकारी पर्चे में साफ लिखा था कि उन्हें एक मनुष्य का खून बहाने में गहरा दुख है। जिन परिस्थितियों में शांति मार्च की अगुआई कर रहे लाला लाजपत राय को लाठियों से पीटकर मार डाला गया, उस घटना का बदला बौद्धिक के बदले यौद्धिक तरीके से ही कारगर ढंग से संसूचित किया जा सकता था। इससे ही अंग्रेज शासक में खौफ पैदा होता कि वह वहशी इरादों के साथ स्वतंत्रता सैनिकों की हत्या करने की कोशिश न करें।

'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ जोड़ा था 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' और 'दुनिया के मजदूरों एक हो।" असेंबली बमकांड पर दिए सनसनीखेज ऐतिहासिक बयान में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने समाजवादी प्रतिबद्धता के बावजूद क्रांतिकारी आंदोलन का श्रेय गुरु गोविन्द सिंह, शिवाजी, कमाल पाशा, रिजा खां, जार्ज वाशिंगटन, गेरीबाल्डी, लायाफेर और लेनिन को भी दिया। भगत सिंह का कहना था-"मैंने एक आतंकवादी की तरह काम किया है, लेकिन आतंकवादी नहीं हूं। मैं तो ऐसा क्रांतिकारी हूं, जिसके पास एक लंबा कार्यक्रम और उसके बारे में सुनिश्चित विचार होते हैं। मैं पूरी ताकत के साथ बताना चाहता हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं और कभी था भी नहीं, कदाचित कुछ उन दिनों को छोड़कर जब मैं अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत कर रहा था। मुझे विश्वास है कि हम ऐसे तरीकों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।"

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे। किस्सा मुख्तसर है कि मुसलमानों के रूढ़ विश्वासों के कायम रहते झटका और हलाल किस्म के मांस को एक साथ परोसकर खिलाए जाने के रोमांचक प्रयत्न भी क्रांतिकारियों के बीच प्रफुल्ल होते रहते थे। भगत सिंह पहले आधुनिक महत्वपूर्ण वैचारिक थे, जो पूरी तौर पर प्रचलित मजहबी रूढ़ियों के दायरों से बाहर थे। अंग्रेज जल्लादों से बचने के लिए उन्होंने अपने केश काटकर दुर्गा देवी वोहरा के साथ कलकत्ता तक यात्रा की। कुछ सिखों ने आलोचना की कि पांच धार्मिक प्रतीकों में से केश को उन्होंने क्यों कटवा लिया? भगत सिंह ने धार्मिक जुमले में उन्हें निरुत्तर किया कि गुरु गोविंद सिंह का आदेश है कि अपने कौम और धर्म की रक्षा के लिए शरीर का अंग-अंग कटवा दो। मैंने उसी मकसद से केश कटवा दिए। मौका मिलेगा तो अगला अंग अपनी गरदन कटवा लूंगा।

आज भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ बेहद जरूरी है। भगत सिंह हमारी प्रशंसा के साथ-साथ शोधपूर्ण जिरह के आधार हैं। यदि वे आजाद भारत में होते तो स्थितियों का अपनी मौलिकता के साथ आकलन करते। देश तब उस आकलन से सहमत, असहमत या तटस्थ होने की अपनी भूमिका तलाशता।

## सोशल फोरम

# तर्क करने का माद्दा

कोर्ट में केस चल रहा था। सारे सबूत अपराधी को गुनहगार ठहरा रहे थे। जब अपराधी से सफाई में कुछ कहने के लिए कहा गया तो उसने कहा-श्रीमान मैं गंगा स्नान कर अपने सारे पाप धो चुका हूं। अब चूंकि मैं पाप मुक्त हो चुका हूं, इसलिए मुझे दंड नहीं मिलना चाहिए।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सवाल है कि कोई भी समाज क्या अपराधी को केवल इसलिए माफ कर देगा कि उसने गंगा स्नान कर लिया है। शायद कोई भी समाज ऐसा नहीं करेगा। तो आखिर ये कौन लोग हैं और कैसी ये सोच है, जो केवल स्नान से आपके पाप कटवाने का ठेका लिए घूमते हैं। समाज आस्था से आपके विश्वास से नहीं चलता। कोई भी स्वस्थ समाज चलता है, नियमों से, तर्कों के बलबूते।

आजादी के बाद भारत की प्रगति की राह में ये सबसे बड़ी बाधा रही कि हम एक तर्कशील समाज का निर्माण करने में असफल रहे। तर्क के ऊपर आस्था को महत्व देने का नतीजा है कि एक स्कूल में बच्चों की शुरुआत प्रार्थना से होती है और फिर क्लास में जाकर ये फिजिक्स और केमेस्ट्री पढ़ते हैं। न्यूटन, आइंस्टाइन और डार्विन को रटते हैं। रटते हैं यहां इसलिए कहा गया कि फिर यही लोग बड़े होकर रफैल पर नींबू मिर्च लटकाने से खुश होते हैं। दरअसल दिक्कत है कि जो समाज के अग्रणी लोग हैं, जिन पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है। वो सब खुद कर्मकांड में लिप्त हैं। शिक्षा हमें तार्किक बनाती है।

अंधविश्वास भगाती है, लेकिन आज एक शिक्षित व्यक्ति भी बिल्ली के रास्ता काटने पर सोचने लगता है। हमारी दिक्कत है कि हमने तर्कों पर हमेशा आस्था को महत्व दिया। अगर हमारी आस्था, विश्वास इतने ही मजबूत हैं तो तर्कों से डरना क्यों? जो विज्ञान हजारों साल पहले हुए डायनासोर्स के बारे में बता सकता है। वो आपके सारे अंधविश्वास और किस्से कहानियों की सत्यता भी परख सकता है। बशर्ते आपमें जानने और अपने ही विश्वासों की बखिया उधेड़ उस पर तर्क करने का माद्दा हो।

-फेसबुक वॉल से

# रेबीज के कारगर निवारण को जागरूकता जरूरी

दुनिया के 150 से अधिक देशों मुख्यतः एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70,000 लोग रेबीज के कारण असामयिक मौत का शिकार होते हैं। रेबीज संक्रमण से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें संक्रमित कुत्तों के काटने से होती हैं। रेबीज के कारण दुनिया में 40 प्रतिशत मौतें 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। हालांकि रेबीज संक्रमण का संचरण बिल्लियों, लोमड़ी, सियार, नेवला जैसे जंगली जंतुओं से भी हो सकता है। रेबीज एक वायरल, जूनोटिक (जंतुजन्य) रोग है, जिसका यदि लक्षणों की शुरुआत होने से पहले इलाज न किया गया तो जानलेवा साबित हो सकता है। मानव और पालतू जंतुओं में रेबीज का संक्रमण मुख्यतया किसी संक्रमित जंतु के काटने अथवा उसके द्वारा नोचने, खरोंचने से अथवा संक्रमित जंतु के आंख, मुंह और खुले घाव के सीधे संपर्क में आने पर फैलता है। रेबीज वायरस केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली को संक्रमित करता है और यदि इलाज में देरी हुई तो लक्षणों की शुरुआत के साथ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रेबीज से बचने के लिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है।



डॉ. कृष्णा नंद पांडेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक
नोएडा

भारत में गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के आतंक की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा छोटे बच्चों को घेरकर काटने, नोचने के उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। यह झुंड खासकर वृद्धों, महिलाओं और बच्चओं को आसानी से शिकार बनाता है। अमेरिका जैसे देश में प्रतिवर्ष 7000 से अधिक रेबीज से संक्रमित होते हैं, जिनमें लगभग 10 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। कुत्ते पालने के अधिकांश शौकीन आकर्षक नस्लों के विदेशी कुत्ते पालते हैं। जाहिर है उनका आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुत्तों की आयात प्रक्रिया कड़े नियमों के अनुपालन पर आधारित होती है। यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2007 से आयातित संक्रमित कुत्तों से फैलने वाले रेबीज की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने से बचाव मनुष्य के लिए बिल्कुल आसान है, फिर भी संक्रमित जंतुओं के काटने अथवा खरोचने की स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ की परामर्श में इलाज कराना जरूरी होता है। अविलंब उपचार के द्वारा इससे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। पेट लवर्स अपने पेट्स के भोजन, स्वास्थ्य तथा उनकी स्वच्छता सफाई के प्रति बहुत सजग रहते हैं। फिर भी लोगों को दूसरों के पालतू कुत्तों से भी सजग और सावधान रहने की आवश्यकता होती है। पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट डॉग्स से बचना जरूरी है।

विश्व के अनेक देशों में अभी भी रेबीज के कारण बड़ी संख्या में लोगों और जंतुओं की मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को रेबीज से संबंधित किसी महत्वपूर्ण विषय यानी थीम पर केंद्रित "विश्व रेबीज दिवस" के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर जन सामान्य में रेबीज संक्रमण के विषय में जानकारी, उनसे बचाव के तरीके, निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाने जैसे पहलुओं पर जागरूकता फैलाना होता है। 28 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रो बायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि भी है, जिन्होंने प्रथम रेबीज वैक्सीन को तैयार किया था। उनके योगदानों के संस्मरण में रेबीज के कारगर निवारण की दिशा में समुदाय के लोगों में जागरूकता फैलाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 के "विश्व रेबीज दिवस" के लिए निर्धारित विषय है 'ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज' यानी 'रेबीज की सरहदें तोड़ना'। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रेबीज की सुरक्षा में व्यापक टीकाकरण अभियान, जागरूकता फैलाने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सुनिश्चित कर हम भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक बाधाओं के रूप में सीमाएं तोड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण पर काबू पाने की दिशा में आने वाली रुकावटों को दूर करना इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम का हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को कुत्तों से फैलने वाले रेबीज से होने वाली मौतें बिल्कुल समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग करने के साथ-साथ सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों, वेटरनरी सेवाओं और समुदायों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# आईटी हब बैंगलोर

इन दिनों सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर हो चुके बैंगलोर में हूं। तमाम आईटी सेक्टर कंपनियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के बड़े कार्यालय होने से इस जगमग क्षेत्र की रौनक देखने लायक है। आईटी कंपनियों के हब में देश के अनेक प्रांतों से आए युवा जगह-जगह चहल कदमी करते और ग्रुप्स में चाय पर चर्चा करते मिल जाएंगे। इलेक्ट्रोनिक सिटी में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बहुलता से प्रदूषण काफी कम है। जगह-जगह कतार में खड़ी बैटरी वाली साइकिल जो मिरेकल के नाम से जानी जाती हैं। एक ऐप के जरिए पिन प्राप्त कर कम दूरी के लिए यूज करना बड़ा आसान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यहां गगन चुंबी इमारतें तो नहीं हैं, परंतु ऊंची-ऊंची इमारतों की भव्यता जरूर है। युवाओं और युवतियों के लिए बड़ी संख्या में पीजी मिल जाएंगे जो स्थानीय लोगों का साइड बिजनेस भी है। देश के सभी प्रांतों के युवाओं की उपस्थिति से अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मराठी, बंगला, भोजपुरी, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जा सकता है। यहां ओला या उबर के मुकाबले रैपिडो के माध्यम से बाइक, ऑटो और कैब का प्रयोग अधिक किया जाता है। वहीं देश की दुग्ध उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी नंदनी का दूध अमूल के दूध के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। स्थानीय दुकानदार भी इसी को प्रमोट भी करते देखे जा सकते हैं। शिक्षित लोगों का क्षेत्र होने से यूपीआई से पेमेंट बहुत ज्यादा है। 75 प्रतिशत लेन-देन इसी पद्धति से होता दिखाई दे रहा है।

कैश में लेन-देन काफी कम है। छोटे खुदरा दुकानदार, फड़ वाले, रेहड़ी वाले ऑटो पेटीएम पर ही पेमेंट लेना पसंद करते हैं। आईटी हब होने के साथ-साथ दुकानों, मॉल, घरेलू काम ऑटो और कार चलाने, स्विगी, ज़मोटो, ब्लिंकिट तथा सिक्युरिटी आदि के लिए अर्द्धकुशल और अकुशल सभी तरह के श्रमिकों की मांग बनी रहती हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी यहां काम करते देखे जा सकते हैं। काश देश के अन्य बड़े शहरों में भी इस तरह का विकास हो सके।

## सार-संक्षेप

### छावनी स्कूल के सामने चलाया सफाई अभियान

**काशीपुर :** नगर निगम काशीपुर ने छावनी स्कूल के सामने "स्वच्छता लक्ष्य एकाई" नामक एक विशेष सफाई अभियान आयोजित किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक ब्लैक स्पॉट को साफ करना था, जहां लंबे समय से कचरा जमा हो रहा था। अभियान की देखरेख उप नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, और स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा की गई।


काशीपुर में बच्चों के साथ अतिथि।

### पोषण मेले में 22 लक्ष्मी किट का किया वितरण

**काशीपुर :** बांसखेड़ा खुर्द में शुक्रवार को पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री मोहन बिष्ट ने किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला बाराकोटी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में 10 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गयी। 10 बच्चियों का अन्नप्राशन कराया गया व 22 लक्ष्मी किट वितरित की गयी। केन्द्र से स्कूल जाने वाले बच्चों को गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पोषण परी रही। कार्यक्रम का संचालन सुपर वाइजर वंदना चौहान ने किया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर अनिता गुप्ता, उर्मिला सिंह, प्रर्मिला कोहली आदि मौजूद रहे।



शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करती होम्योपैथिक चिकित्सा टीम।

### खमरिया में शिविर लगा डेंगू से बचाव को जागरूक किया

**बाजपुर :** निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड डा .जेएल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ .महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार वार्ड-13 राजीवनगर, खमरिया में शिविर लगा डेंगू के प्रति लोगों को सचेत किया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर ( आयुष) बाजपुर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.शिखा सम्मल, फार्मासिस्ट वतन कुमार एवं आशा कार्यकर्ता कुलविंदर कौर ने जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही होम्योपैथिक औषधि का निशुल्क वितरण किया गया। योग अनुदेशक कुलदीप सिंह ने योगाभ्यास सत्र आयोजित किया। 26 लोगों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच की गई। शिविर में कुल 111 लाभार्थी पहुंचे।


भारतीय बजरंग दल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**गदरपुर :** भारतीय बजरंग दल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ . पुष्पेन्द्र कश्यप का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ . राजीव कुमार महाजन ने बताया कि दल की केंद्रीय टोली से विचार विमर्श करने के उपरांत नगर के सुप्रसिद्ध फिजियोथपिस्ट डॉ . पुष्पेन्द्र कश्यप को भारतीय बजरंग दल का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर सती मठ मंदिर परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डॉ . राजीव कुमार महाजन ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि डॉ . पुष्पेन्द्र शीघ्र ही नवीन इकाइयों का गठन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

### शिक्षक ने नवोदय के पुस्तकालय को सौंपी 20 पुस्तकें

**खटीमा :** राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक रत्नाकर पांडेय ने संसाधन विकास एवं छात्रावासों में छात्र/छात्राओं के लिए साहित्यिक, वैज्ञानिक, हास्य और बाल कविताओं की 20 पुस्तकें प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे को सौंपी। पुस्तकालय के लिए दी गईं इन पुस्तकों में अखंड ज्योति, ज्ञान विज्ञान बुलेटिन, हंसते रहो हंसाते रहो, मिर्जा गालिब की शायरी में वेदांत दर्शन आदि पुस्तकें शामिल हैं।


सितारगंज में आचार्य प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते महेश मित्तल।

### प्रशिक्षण से प्राप्त होता है लक्ष्य : मित्तल

**सितारगंज :** एकल परिवार द्वारा आयोजित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी आईबीडी संरक्षक महेश मित्तल व सम्भाग सचिव लाल सिंह दायमा ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संरक्षक महेश मित्तल ने कहा कि आचार्य बहनों को प्रशिक्षण से लक्ष्य प्राप्त होता है और बच्चों के भविष्य हेतु सदैव समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। वर्ग में संभाग प्रशिक्षक प्रभारी संतोष मिश्रा, संभाग प्राथमिक फील्ड कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र, ई शिक्षा प्रशिक्षिका पूजा राणा, संच व्यास कथाकार बबली राणा, अनुराधा, प्रेमजीत, दीप्ति आदि उपस्थित रहे।



नानकमत्ता में पर्यटन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व अन्य।

### पर्यटन दिवस पर छात्र-छात्राओं को मोटर बोटिंग कराई

**नानकमत्ता :** विश्व पर्यटन दिवस पर केजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। टिहरी एडवेंचर द्वारा नानकसागर वाटर स्पोर्ट्स नानकमत्ता पर जिला पर्यटन विभाग से दीपक मौर्य ने स्वच्छता सेवा अभियान चलाया। पर्यटन विभाग की ओर टिहरी एडवेंचर द्वारा संचालित नानकसागर वाटर स्पोर्ट्स पर सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क मोटर बोटिंग कराई गई। इस कार्यक्रम में केजेएम स्कूल के वाइस प्रिंसिपल पीयूष गुप्ता, केडी गहतोड़ी, वाटर स्पोर्ट्स के संचालक गगनदीप व गौरव वर्मा, राकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# शिशिक्षु मेले में 210 अभ्यर्थियों का चयन

## आईटीआई में मेले का आयोजन, 18 प्रमुख उद्योगों ने भाग लिया, योजनाओं के बारे में बताया

**उत्साह**

- मेले में 382 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में मेले का दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान काशीपुर में आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिशिक्षु मेले में साक्षात्कार के बाद 210 अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप के लिए विभिन्न उद्योग/ अधिष्ठानों में चयनित हुए।

शुक्रवार को आईटीआई संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय शिशिक्षु मेले में शिशिक्षु प्रशिक्षण के इच्छुक लगभग 382 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में 18 प्रमुख उद्योगों ने भाग लिया। अभ्यर्थियों ने नेशनल अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर मेले में भाग लिया था। इस दौरान साक्षात्कार में 210 अभ्यर्थी अप्रेंटिसशिप के लिए विभिन्न उद्योगों में चयनित हुए। इससे पूर्व मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर निदेशक ऋचा सिंह, संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल एवं नोडल प्रधानाचार्य जेपी टम्टा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई जग प्रीतम टम्टा ने बताया गया कि प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस मेले का मकसद कॉर्पोरेट जगत में युवाओं को प्रशिक्षण देने और रोजगार हासिल करने के लिये युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिये प्रोत्साहित किया। प्रभारी संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल ने अभ्यर्थियों को विस्तार से प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिस मेले के बारे में बताया।

साथ ही ऑप्शनल ट्रेड में शिशिक्षु प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की गयी। अपर निदेशक ऋचा सिंह ने सीओई का भ्रमण भी किया गया। सीओई के प्रशिक्षणार्थियों की समस्या सुनते कर समस्याओं का समाधान किया। मेले में संस्थागत कार्यदेशक रामचरन पाल, सीमा कुमार, प्रेम सिंह, अर्जुन सिंह,अनुराधा, विशालाक्षी पाठक, इन्दर सिंह मेहरा, महेश प्रसाद आर्या, अनुज कुमार, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।


खटीमा के पहेनियां में आयोजित कैंप में बच्चों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# कैंप में महिलाओं को सेहत के प्रति किया गया जागरूक

- पहेनियां और जीआईसी चकरपुर में लगे निशुल्क कैंप

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** नागरिक अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. केसी पंत, डॉ. वीपी सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डॉ. देश दीपक गौड़, डॉ. सुनाक्षी सक्सेना, नुपुर पाण्डेय, अनीता द्वारा राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहेनिया में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। डॉ. सक्सेना के द्वारा 5 से 19 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं की जांच और पोषण, साफ़-सफाई के बारे में बताया गया। काउन्सलर विजेता पाण्डे ने महीने में होने वाली समस्याओं की जानकारी दी। टीबी विभाग से संजीव जोशी, मदन मोहन, नरेश चंद, सीएचओ महारानी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री कमला आदि मौजूद रहे। इधर बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम बी के डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा, निर्मला द्वारा राजकीय गोविंद बल्लभ पंत इन्टर कॉलेज चकरपुर में 5 से 19 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।

# सामाजिक सुरक्षा में लोगों की भूमिका सबसे अहम


काशीपुर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपर्क विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा को लेकर नागरिकों की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जहां संघ के प्रांत प्रचारक ने अपने विचार रखे।

गुरुवार की शाम बाजपुर रोड स्थित एक होटल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संपर्क विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा को लेकर नागरिकों की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया। समारोह की अध्यक्षता सूर्य रोशनी के प्लांट हेड शुभम चमोली ने की। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने संघ की रीति-नीति को विस्तार से बताया। वहां पर आरएसएस के प्रांत के सह प्रचारक चंद्रशेखर, जिला प्रचारक अजय, नगर प्रचारक जगदीश, अमित मित्तल आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली प्ले स्कूल का रहा दबदबा

**शक्तिफार्म।** राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय देवनगर में न्याय पंचायत (सिसौना) स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़ व साहित्यिक प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। साहित्यिक प्रतियोगिता में दिल्ली प्ले स्कूल का दबदबा रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्मल सरकार ने किया। राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय देवनगर शक्तिफार्म में आयोजित प्रतियोगिता के अंडर 11 प्राथमिक स्तर मे बालक वर्ग के 200 मीटर में कपिल चन्द, 400मी.मे विनोद प्रथम रहे। बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में डोली फर्त्याल, 200 मीटर में पलक पाल, 400 मीटर में परिधि बिष्ट प्रथम रहे। अंडर 14 उच्च प्राथमिक स्तर मे बालक वर्ग के 200 मीटर दौड़ में आयुष आर्या, 400 मीटर में पवन जोशी, 600 मीटर में आयुष आर्या प्रथम, बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ में कृष्णा हालदार विजेता रहे।

# यूएस नगर प्रथम, नैनीताल द्वितीय

- पांचवीं उत्तराखंड स्टेट ओलंपिक मॉडर्न पेंटाथलन ट्रायथल प्रतियोगिता का हुआ समापन

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में प्रतियोगिता के दौरान अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पांचवीं उत्तराखंड स्टेट ओलंपिक मॉडर्न पेंटाथलन ट्रायथल प्रतियोगिता का समापन हो गया। शुक्रवार को अंतिम दिन लिटिल स्कॉलर्स स्कूल काशीपुर में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तराखंड के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

ट्रायथल के सीनियर पुरुष वर्ग में सक्षम प्रताप ने प्रथम, नीरज नेगी ने द्वितीय एवं अमन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में आरना चौहान देहरादून ने प्रथम, कोमल नैनीताल ने द्वितीय, ममता खाली बागेश्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला पुरुष मिक्स्ड रिले में अमन, कोमल नैनीताल प्रथम, आरना, मनोज देहरादून द्वितीय, आदित्य, निकिता यूएस नगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष टीम में सक्षम नीरज आदित्य यूएस नगर प्रथम, अमन, तानिष्क अंश नैनीताल द्वितीय एवं गौरख, मानस, अजय अल्मोड़ा तृतीय स्थान पर रहे।

महिला टीम में माधुरी, ममता, डिम्पल बागेश्वर प्रथम, कोमल, दीपाशी, नव्या नैनीताल द्वितीय, निकिता, कशिश, युक्ति यूएस नगर तृतीय स्थान पर रहे। पूरी प्रतियोगिता में 2 गोल्ड मेडल के साथ यूएस नगर प्रथम, एक गोल्ड व एक सिल्वर के साथ नैनीताल द्वितीय एवं एक गोल्ड, एक सिल्वर लेकर देहरादून तीसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर पंकज भल्ला, नन्दन सिंह नेगी, रमेश खर्कवाल, पूरन चन्द्र पाण्डे, जितेन्द्र बिष्ट, गोपाल, संजय, जीवन बोरा आदि मौजूद रहे।



विजेता ट्रॉफी के साथ एमेनिटी स्कूल की टीम। ● अमृत विचार

# फुटबॉल में एमेनिटी रहा विजेता

- तीनों वर्गों के खिलाड़ियों ने जीती ट्रॉफी
- ग्रेटर नोएडा में हुई कलस्टर प्रतिस्पर्धा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा के एक विद्यालय में हुए सीबीएसई कलस्टर फुटबॉल प्रतिस्पर्धा 2024 का आयोजन हुआ।

जिसमें एमेनिटी स्कूल के अंडर 14 वर्ग, अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में 200 से अधिक सीबीएसई विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। यूपी के अलावा कई प्रदेशों की टीम से एमेनिटी फुटबॉल खिलाड़ियों का टकराव हुआ। जहां बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के खिलाड़ियों ने सभी टीमों को पराजित कर फाइनल मुकाबला भी जीत लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय की टीम ने कई ऐतिहासिक जीत दर्ज की है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बनाई। प्रबंधक सुभाष अरोरा ने बताया कि विद्यालय हरसंभव फुटबाल टीम को सहयोग करता रहेगा और बेहतर टीम बनाने की ओर अग्रसर रहेगा।

## 6 दिवसीय विशेष यात्रा कल रवाना

**बाजपुर।** गुरु रामदास जी गुरुगद्दी व गुरु अमर दास जी के ज्योति जोत दिवस को समर्पित 6 दिवसीय विशेष यात्रा गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला से श्री हेमकुंड साहिब के लिए 29 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 5:00 बजे गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह की अगुवाई में रवाना होगी। गुरुद्वारा नानकसर के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि 26 बसों व 13 चौपहिया एवं 30 दो पहिया वाहनों की व्यवस्था की गई है। यात्रा में 1100 महिला पुरुष श्रद्धालुओं का जत्था गुरुद्वारा नानकसर से रवाना होगा। श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा संपूर्ण होने के पश्चात 4 अक्टूबर को 5 बजे गुरुद्वारा नानकसर गजरौला में यात्रा की वापसी होगी।


बाबा प्रताप सिंह।

# आरएएन की सान्वी का राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन


छात्रा को सम्मानित करते विद्यालय प्रबंधन। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मेरठ में हुए सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धा में आरएएन स्कूल की छात्रा का दबदबा रहा। स्वर्ण पदक जीतने के बाद छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेलकूद प्रतिस्पर्धा में चयन हुआ। इसके बाद प्रबंधन ने छात्रा को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।

विद्यालय के एमडी मोहित राय ने बताया कि 10 से 13 सितंबर तक मेरठ के हस्तिनापुर में सीबीएसई नॉर्थ जोन कल स्टर ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धा आयोजित हुई थी। इसमें 92 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतिस्पर्धा में विद्यालय की अंडर-17 वर्ग की छात्रा सान्वी भोसले ने बेहतर खेल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके आधार पर छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्धा में चयन हो गया है।

# नोएडा के तैराकों ने जीती चैपिंयनशिप

- सीबीएसई नॉर्थ जोन की पांच दिवसीय तैराकी चैंपियनशिप का समापन

संवाददाता, जसपुर



जसपुर में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता की चैंपियन टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीबीएसई नॉर्थ जोन की तैराकी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा के तैराकों ने सर्वाधिक 362 अंक प्राप्त किए। उन्हें तैराकी प्रतियोगिता के चैंपियनशिप खिताब से नवाजा गया। एकेडमी के संस्थापक सुनील कांबोज ने चैंपियन टीम को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने बताया कि ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन डीपीएस, ग्रेटर नोएडा के तैराकों ने 277 तथा डीएवी पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद ने 218 अंक प्राप्त किए। उन्हें क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय उप-विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता में 169 स्कूलों के एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। अंडर-11 बालक वर्ग में लिटिल एंजेल्स पीलीभीत के दक्ष पांडे व बालिका वर्ग में प्रज्ञान ग्रेटर नोएडा की आरोही रॉय ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। अंडर-14 बालक वर्ग में पीएमएस पब्लिक स्कूल मुरादाबाद के ओम वर्धन व बालिका वर्ग में डीएलएफ पब्लिक स्कूल गाजियाबाद की इरा गौर एवं विश्व भारती पब्लिक स्कूल नोएडा की सिदक कौर ने संयुक्त रूप से सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। अंडर-17 बालक वर्ग में स्टेप बाय स्टेप नोएडा के वेदांत चंद्रा तथा बालिका वर्ग में डीपीएस, ग्रेटर नोएडा की शायला भाटी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। अंडर-19 बालक वर्ग में सैक्रेड हार्ट्स पब्लिक स्कूल, बरेली के गौतम शाह व बालिका वर्ग में डीपीएस, ग्रेटर नोएडा की त्रिश्ना अभय वाघमारे ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। वहां एमडी सुमित कांबोज, अमित कांबोज मौजूद रहे।

### जैव प्रौद्योगिकी में शोध प्रक्रिया से रूबरू हुए छात्र

**पंतनगर :** जैव प्रौद्योगिकी की शिक्षा और शोध के प्रति जागरूकता के लिए भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल रुद्रपुर के 50 छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को बायोटेक मुख्यालय में प्रयोगशालाओं व शोध सुविधाओं की जानकारी हासिल की। बायोटेक निदेशक डॉ . संजय कुमार के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को पादप ऊतक संवर्धन विधि से कीवी पादपों का विकास, पर्यावरणीय प्रयोगशाला में जल, मृदा एवं वायु गुणवत्ता जांच की विधि और आणविक जीव विज्ञान प्रयोगशाला में डीएनए पृथक्करण, बायोसेंसर आदि की जानकारी दी गई। वैज्ञानिक डॉ . मणिंद्र मोहन, डॉ . सुमित पुरोहित व डॉ . कंचन कार्की ने छात्रों को प्रयोगशाला की नवीन तकनीकों को विस्तार से बताया। यहां छात्रों को पॉलीहाउस में हाइड्रोपोनिक व मृदारहित विधि से विकसित प्रजातियों की भी जानकारी दी गई। अध्यापिका डॉ . कल्पना मौर्या व रोहित शर्मा ने छात्रों का नेतृत्व किया। इस दौरान अनुज कुमार, सौरभ पंडा, भूपाल सिंह, चंद्रशेखर सिंह, ललित मिश्रा, नितिन सक्सेना व सरिता बिष्ट आदि मौजूद रहे।



छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक और बायोटेक के वैज्ञानिक।

## सार-संक्षेप


मिस यूनिवर्स उत्तराखंड बनी अनन्या के साथ नोजगे स्कूल की प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता।

### मिस यूनिवर्स उत्तराखंड अनन्या का किया स्वागत

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल की छात्रा रही अनन्या सक्सेना के " मिस यूनिवर्स उत्तराखंड " बनने और " मिस इंडिया " प्रतियोगिता में " द टियारा क्वीन " के खिताब से नवाजे जाने के बाद पहली बार विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन और बच्चों ने उनका स्वागत किया। विद्यालय की छात्रा रही अनन्या बीटेक की पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में एक मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में सेवारत हैं। अनन्या को इस वर्ष " मिस यूनिवर्स उत्तराखंड " चुना गया है। बाद में अनन्या ने नौ से 23 सितंबर तक आयोजित " मिस इंडिया " प्रतियोगिता में भी भाग लिया। अनन्या मिस इंडिया का खिताब तो हासिल नहीं कर सकीं लेकिन प्रतियोगिता में अनन्या को " दि टियारा क्वीन " के खिताब से नवाजा गया। अनन्या के शुक्रवार को विद्यालय में पहुंचने पर प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने स्वागत किया। प्रबंधिका टिवंकल दत्ता ने अनन्या को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. विनय जैन, अमित शर्मा, जसविन्दर पाल कौर, श्वेता बत्रा, लवली सुनील, रमेश रौतेला, प्रभदीप कौर, डिंपल, सुनीता वर्मा, प्रिया पाण्डे, विवेक राना, मुकेश भट्ट, विमला जोशी आदि उपस्थित थे।

### ग्राम प्रधान के घर में घुसे तीन गुलदार

**जसपुर :** गांव देवीपुरा के ग्राम प्रधान के घर में रात्रि के दौरान तीन गुलदार घुस गए। कुत्तों द्वारा मुकाबला किये जाने पर गुलदार पेड़ पर चढ़ गए। गांव वासियों की भीड़ जमा होने पर गुलदार भाग खड़े हुए। बृहस्पतिवार की देर रात्रि करीब 1:00 बजे तीन गुलदार जसपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव देवीपुरा के प्रधान वेद प्रकाश सिंह उर्फ दारा की पशुशाला में चहारदीवारी फांद कर घुस गए, जहां उनके दो कुत्ते पशुशाला की रखवाली कर रहे थे। गुलदारों के अंदर घुसते ही कुत्तों ने भौंकना शुरू कर दिया। गुलदार अपना बचाव करते हुए पेड़ पर चढ़ गए। कुत्तों को लगातार भौंकने पर दारा सिंह पशुशाला पहुंचे और टॉर्च लगा कर देखा तो गुलदार पेड़ पर चढ़े हुए दिखाई दिए। इस पर उन्होंने आसपास के लोगों को बताया। मौके पर गांव वासियों की भारी भीड़ जमा हो गई। गुलदार अपने को घेरा हुआ देखकर खेतों की ओर भाग गए। इस घटना से गांव वासियों में दहशत है। ग्राम प्रधान व गांव वासियों ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी है।

### 10 वर्षों से फरार ट्रक चालक को बिहार से किया गिरफ्तार

**किच्छा :** कोतवाली पुलिस की टीम ने 10 वर्षों से फरार चल रहे ट्रक चालक को बिहार से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि ग्राम अजीतपुर निवासी महेंद्री देवी ने ट्रक संख्या एन एल 02 जी 7539 के चालक पर तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाकर उसके पति वेद प्रकाश को टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना में वेद प्रकाश की मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक शर्मा ने बताया कि विवेचना के दौरान ग्राम बेला, थाना हजारीबाग, झारखंड निवासी मोहम्मद नसरुद्दीन का नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार वर्ष 2014 में न्यायालय से आरोपी मोहम्मद नसरुद्दीन को जमानत मिलने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार के निर्देशन में टीम का गठन किया गया और टीम को बिहार तथा झारखंड भेजा गया। पुलिस टीम ने बिहार तथा झारखंड में आरोपी की तलाश की और मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोहम्मद नसरुद्दीन को बिहार के ग्राम कुदरा स्थित जाधव जी का ढाबा के पास से दबोच लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम किच्छा लौट आई और आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दाह ढाकी में जंगली सुअर के मीट सहित तीन बाइकें बरामद

**खटीमा :** वन विभाग टीम ने यूपी सीमा से सटे दाह-ढाकी में जंगली सुअर का मांस बरामद किया। आरोपी अंधेरे के फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। टीम ने मौके पर तीन बाइकें भी बरामद की हैं। मुखबिर ने वन विभाग को सूचना दी कि यूपी सीमा से सटे दाह-ढाकी में वन्य जीव तस्करों ने एक जंगली सूअर मारा हुआ है और वह लोग मांस को ले जाने की फिराक में है। सूचना पर एसडीओ संचिता वर्मा और आईएफएस प्रशिक्षु प्रभारी राहुल मिश्रा ने वन दरोगा धन सिंह अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल मौके पर भेजा। वन्य जीव तस्करों को वन विभाग टीम के आने की भनक लगते ही वह अंधेरे का फायदा उठाते हुए देवहा नदी पार कर यूपी की ओर भाग गए। टीम ने मौके से तीन बाइक और जंगली सुअर का मांस बरामद किया है। एसडीओ वर्मा ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। बरामद मांस को सील कर जांच के लिए देहरादून स्थित फॉरेंसिक लैब में भेजा जा रहा है। बरामद तीनों बाइकों को सीज कर कर दिया गया है।


कार्यशाला के दौरान बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरित करते संस्था के लोग।

### छात्र-छात्राओं को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में बताया

**बाजपुर :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम महेशपुरा में पिरामल फाउन्डेशन तथा उनके कॉलेब्रेटिव पार्टनर आन चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के सभी छात्र-छात्राओं को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में जागरुक किया गया। आन चैरिटेबल ट्रस्ट की को-फाउंडर नमिता व आईआईएम काशीपुर के इंटर्न संजना और ऋगवेद पाठक ने एक्सपीरिएंशियल लर्निंग के तहत पिरामल फाउंडेशन व विद्यालय के सहयोग से कार्यक्रम को आयोजित किया। गांधी फैलो निशा और इंटर्न ऋगवेद पाठक ने कार्यशाला में बच्चों को जागरुक किया। इस दौरान बच्चों को ड्राइंग कॉपी, कलर आदि का भी वितरण किया गया। इस दौरान देवयानी यादव, शुएब अहमद, संध्या सुबेदी, प्रधानाचार्य अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# 5 गोल्ड मेडल जीतने वाले हरिद्वार के पार्थ को मिली ई-बाइक

## 4 गोल्ड मेडल जीतने वाली टिहरी गढ़वाल की सोनिया को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी, मंडलायुक्त दीपक रावत ने किया राज्य खेलों का समापन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहे पांचवें राज्य ओलंपिक खेल 2024 का विधिवत समापन हो गया है। मुख्य अतिथि आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों व टीमों को मेडल प्रदान किए। साथ ही विशेष सम्मान में बालक वर्ग में 5 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले हरिद्वार के पार्थ को इलेक्ट्रिक मोटरबाइक व बालिका वर्ग में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली टिहरी गढ़वाल की सोनिया को इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की गयी।

शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मंडलायुक्त दीपक रावत ने कहा कि देश-प्रदेश में खेल का स्वर्ण युग चल रहा है। सरकार खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधा मुहैया कराने के साथ ही प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी सेवा में भी लाभ दे रही है।


हरिद्वार के पार्थ को इलेक्ट्रिक बाइक की चाबी सौंपते आयुक्त दीपक रावत।


ट्रॉफी मिलने के बाद जश्न मनाती विजेता टीम। ● अमृत विचार

### 6000 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**रुद्रपुर :** राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मनीष नेगी व कोषाध्यक्ष महेश जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मंडलायुक्त, जिला प्रशासन, खेल कोच व रेफरियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पांचवें राज्य ओलंपिक खेलों में कुल 33 खेल आयोजित किए गए। जिसमें से 22 खेल जनपद ऊधमसिंह नगर में आयोजित हुए। उन्होंने बताया कि राज्य खेलों में लगभग 6000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

### महिला बास्केट बॉल में पिथौरागढ़ की जीत

**रुद्रपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन महिला वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच देहरादून और पिथौरागढ़ की टीम के मध्य खेला गया। इस दौरान पिथौरागढ़ की टीम ने देहरादून की टीम को 47-39 के अंक के अंतर से पराजित किया और जीत दर्ज की।


अंक के लिए संघर्ष करते पिथौरागढ़-देहरादून के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, महासचिव राज्य ओलंपिक संघ डीके सिंह, जिलाध्यक्ष ओलंपिक संघ नागेंद्र शर्मा, सुरेश चंद पांडे, मुखर्जी निर्वाण, घनश्याम रामपुरिया, गोपाल सिंह, दीवान खत्री, पुष्कर जैन, मिथिलेश, कमलेश तिवारी, लियाकत अली, अख्तर अली, देवेश पांडे, रजत राय, शेखर त्रिपाठी, प्रेम थापा, लक्ष्मण पाटनी, चेतन गुरुंग, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत सहित अनेक खेल प्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## बॉलीवाल में खेरा क्लब हरियाणा ने ट्रॉफी कब्जाई

**खटीमा:** महाराणा प्रताप ओपन बॉलीवाल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में खेरा क्लब हरियाणा ने महाराणा क्लब को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

महाराणा प्रताप खेल समिति की ओर से थारू विकास भवन में आयोजित महाराणा प्रताप ओपन बॉलीवाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला महाराणा क्लब और खेरा क्लब हरियाणा के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, समाजसेवी श्रीपाल राणा, सुरेश राणा, वरुण अग्रवाल, उदय सिंह राणा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मुकाबला खेरा क्लब हरियाणा ने महाराणा क्लब को 2-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम अध्यक्ष हरीश राणा मौजूद रहे।



विजेता टीम के साथ अतिथि और आयोजक। ● अमृत विचार

## योजनाओं में बाल हित के कार्यक्रमों को जोड़ें

**बाजपुर:** राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को खंड विकास कार्यालय सभागार में प्रगतिशील संस्था की ओर से सतत् विकास लक्ष्य के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों को बाल हितैषी और महिला हितैषी पंचायत के निर्माण में ग्राम पंचायत की भूमिका पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रगतिशील संस्था के निदेशक शशि कुमार रावत ने बताया कि पंचायतें अपने कार्य योजनाओं में बाल हितैषी और महिला हितैषी कार्यक्रमों को जोड़ें, जिससे एक आदर्श पंचायत का निर्माण हो सके। 100 प्रतिशत बच्चे स्कूल में पढ़ाई कर रहे हों और 100 प्रतिशत टीकाकरण हो गया हो। इस मौके पर एडीओ पंचायत ललित ग्वाल, मास्टर ट्रेनर रजनी, विजय सिंह रावत, प्रधान महेश राठौर, प्रमोद कुमार, चतर सिंह, रश्मि, शारदा आदि मौजूद रहे।


ब्लाक कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करते पंचायत प्रतिनिधि।


काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को जानकारी देते अतिथि। ● अमृत विचार

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**काशीपुर :** खोखराताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र एवं विशिष्ट अतिथि बाजपुर डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आदर्श चौधरी ने छात्र-छात्राओं को अहिल्याबाई के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय ने बताया कि किस प्रकार छात्रों को अहिल्याबाई होल्कर को अपना आदर्श मानकर उनके बताए पथ पर चलना चाहिए। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह नगर कार्यवाहक सुरेंद्र कोठारी मौजूद रहे। कार्यक्रम संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी स्टाफ एवं अध्यापक मौजूद रहे।

### चोरी-छिपे स्क्रैप बेचने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बाजपुर :** चोरी-छिपे स्क्रैप बेचने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति के चोटें आई हैं, जिसे पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए कोतवाली में बैठा लिया है। मुगलमाजरा थाना मंडी गोविंदघर फतेहगढ़ साहिब पंजाब निवासी अमन ने पुलिस को बताया कि वह ट्रक संख्या (पीबी12/9852) में स्क्रैप लेकर पंजाब से रुद्रपुर जा रहा था। गुरुवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे दोराहा पुलिस चौकी के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर स्थित एक ढाबे पर भोजन ग्रहण करने लगा। आरोप है कि इसी बीच वहां मौजूद साथी पांच ट्रक चालकों से स्क्रैप की चोरी को लेकर कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अमन पर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दोराहा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक हमलावर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### बेटी ने की कोर्ट मैरिज परिजनों ने की मारपीट

**बाजपुर:** बेटी की कोर्ट मैरिज की जानकारी हुई तो आक्रोशित परिजनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस पर उसने 112 नंबर डायल कर पुलिस बुला ली। बाद में पुलिस ने युवती के बयान दर्ज कर जेठ की सुपुर्दगी में दे दिया है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी युवती ने गुरुवार की देर रात 112 नंबर डायल कर सूचना दी कि उसने दूसरे गांव में निवासरत एक युवक से कोर्ट मैरिज कर ली है। आरोप है कि इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उन्होंने युवती के साथ मारपीट कर दी है। इस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और सुरक्षा की दृष्टि से युवती को अपने साथ ले आई। युवती ने कहा कि उसने अपनी पसंद के युवक के साथ शादी कर ली है।

### कच्ची शराब के साथ दो धरे

**सितारगंज :** पुलिस ने करीब 106 पाउच कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सरकड़ा पुलिस ने नकटपुरा के पास अमरजीत सिंह निवासी विचवा भूड़ नानकमत्ता के पास से एक कट्टे में 63 पाउच कच्ची शराब बरामद की। दूसरा मामला सिडकुल चौकी का है जहां फेस-2 में एक व्यक्ति के पास से 43 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रीतम सिंह निवासी बरुआबाग सितारगंज बताया।

### वर्ग पहेली-205

बाएं से दाएं

1. 1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।
5. 1. बादल; मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।
8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक; पनहरा।
10. 1. मुद्राचलन; प्रचलित मुद्रा; सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।
11. 1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियाँ या बंद लगे होते थे 2. अँगिया; चोली।

ऊपर से नीचे

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।
3. राक्षस; असुर; दानव।
4. 1. आँख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा
6. 1. आटे का पतला हलवा; लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।
7. 1. समाप्त होना; बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।
9. 1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।




### वर्ग पहेली -204 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धों | | | 2 अ | | 3 थे |
| धा | | 4 अ | नु | रा | ग |
| | 5 नि | | भ | | ली |
| | 6 शि | ला | व | त | |
| | | | ही | | 7 म |
| | 8 ज् | ञा | न | यो | ग |
| | | | ता | | ही |

### सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 5 | 1 |
| | 4 | | | 8 | | | | 9 |
| | | 3 | | 2 | | 6 | | 7 |
| | 9 | | 4 | | | | | 6 |
| | 7 | 2 | | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | | | 5 | | 7 | |
| 3 | | 9 | | 4 | | 8 | | |
| 1 | | | | 3 | | | 4 | |
| 7 | 2 | | 6 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 14.49 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** — आज आत्मग्लानि जैसी महसूस हो तो मित्रों से बात करें वो आपका मनोबल बढ़ाएंगे। अपनी तरक्की को लेकर आशंकित रहेंगे। कर्मचारियों के ऊपर काम का काफी दबाव हो सकता है। खाली समय में कोई उपन्यास और कहानी आदि पढ़कर समय बिता सकते हैं।

**वृष** — आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मिथुन** — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। बैंकिंग से जुड़े लोगों को काफी काम करना पड़ेगा। जॉब में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। परिवार में मंगल कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं।

**कर्क** — आज मनोनुकूल नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको प्राप्त हो सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे, लेकिन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें।

**सिंह** — आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बातचीत के माध्यम से परेशानी सुलझाने का प्रयास करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आत्ममनन और विश्लेषण में समय जरूर लगाएं।

**कन्या** — आज लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। काफी प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। थोड़ी सी मेहनत में अच्छा परिणाम अर्जित करेंगे। घर पर अच्छा समय बिताएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है।

**तुला** — आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे। आप लोगों के बीच प्रेरणा बनकर उभर सकते हैं। जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे। साझेदारी के कार्यों के लिए समय उत्तम है। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से शाबाशी मिल सकती है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल होंगे।

**धनु** — आज आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निश्चित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है।

**मकर** — आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है। व्यवसाय और करियर में स्थायीत्व देखने को मिलेगा। बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर आश्वस्त रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें।

**कुंभ** — आज आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। एकाग्रता के साथ मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य ही अच्छे मिलेंगे। व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

**मीन** — आज आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपका ध्यान रहेगा। आपके मन का बोझ घटेगा। जॉब के लिए इंटरव्यू का बुलावा आ सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन और ताजे फलों का सेवन करें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 29 सितंबर 03.38 तक तत्पश्चात मघा।

### आज की फिल्में

**पुलिस और मुजरिम** — सुबह : 09.20
**सिंह इज ब्लिंग** — रात : 07.00
**इंडियन** — सुबह : 10.39
**द ताशकंद फाइल्स** — रात : 08.00
**सैन एंड्रियास** — दोपहर : 12.00
**जर्नी 2** — रात : 07.45
**किसी का भाई किसी की जान** — सुबह : 10.26
**फुकरे 3** — शाम : 04.54
**रावण राज** — सुबह : 10.48
**सूर्या द सोल्जर** — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04.54 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों आई लव यू का आविष्कार किस देश में हुआ?
चिंटू (स्टूडेंट)- चीन में।
टीचर- वह कैसे?
स्टूडेंट- मैम, इसमें चीनी गुण हैं, न कोई गारंटी, न कोई वारंटी। चले तो जिदंगी भर, न चले तो घंटे भर।

कर्मचारी- सर बहुत बारिश हो रही है, आंधी आ रही है, लग रहा है आज तूफान आएगा, क्या आज छुट्टी ले सकता हूं?
बॉस- खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है, मुझसे या पत्नी से?
कर्मचारी- ठीक है सर, मैं आ रहा हूं।

## सार-संक्षेप

### कोट केंद्री धूरा गांव में नाला उफनाने से फसल बर्बाद


कोट केंद्री धूरा गांव में प्रभावित लोग।

**टनकपुर :** डीएम साहब हमारे घर और गांव को नालों के तेज बहाव से बचा लो.... यह पीड़ा ग्राम पंचायत कालीगूंठ पूर्णागिरि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कोट केंद्री धूरा के ग्रामीणों की है। टनकपुर चम्पावत हाईवे के सूखीढांग क्षेत्र से लगे श्यामलाताल से करीब 18 किलोमीटर दूर कोट केंद्री धूरा गांव में दर्जन भर परिवार कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां रह रहे ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक पखवाड़े पूर्व क्षेत्र में हुई भारी बरसात से इस गांव में पहाड़ों से आने वाले नालों से कई घरों में पानी आ गया। कई मकान नालों की जद में आ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां वायर क्रेट्स लगाने से नालों से हो रहे कटाव को रोका जा सकता है। इधर इस गांव में रह रहे चंचल सिंह धामी, शंकर सिंह धामी, महेंद्र सिंह, पूरन राम आदि ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों हुई भारी बरसात से उनकी अदरक, केले का बाग, गडरी व अन्य फसल नालों के तेज बहाव से बह गए। ग्रामीणों ने कहा कि शासन प्रशासन व पंचायती प्रतिनिधियों द्वारा उनके गांव की कोई सुध नहीं ली जाती है। कहा गया कि उनके गांव में न तो कोई अधिकारी आते हैं और ना ही कोई पंचायती प्रतिनिधि जिससे यहां की समस्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक उनके नुकसान हुए फसल के एवज में उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से उनके गांव की समस्याओं के निस्तारण करने की मांग की है।

### रजत का अंडर 17 राज्य स्तरीय वॉलीबॉल में चयन


रजत कुमार।

**रानीखेत :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र रजत कुमार का चयन अंडर 17 राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कोच मनमोहन देव ने बताया कि दिनांक 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक बैरागी खेल मैदान नई टिहरी गढ़वाल में आयोजित होने वाली राजकीय विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में रजत कुमार अल्मोड़ा जनपद की ओर से प्रतिभागी करेंगे। उनके चयन पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह चिलवाल, खंड शिक्षा अधिकारी रोशन लाल टम्टा, ब्लॉक क्रीडा समन्वयक डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट, जिला खेल समन्वयक नवीन वर्मा, ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, मिशन इंटर कॉलेज के कीड़ा प्रभारी अजय चंद आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत कला उत्सव का आयोजन

**बनबसा :** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक दो एनएचपीसी में संकुल स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। टनकपुर पावर स्टेशन के महाप्रबंधक राजिल व्यास और संगीता व्यास ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महाप्रबंधक राजिल व्यास ने छात्रों को पूरे मनोयोग से प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जीवन में सतत रूप से आगे बढ़ते रहना चाहिए, कभी हार नहीं माननी चाहिए। प्राचार्य राजेश कुमार वत्स ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन मो. मुदस्सिर ने किया। प्राचार्य वत्स ने बताया कि बनबसा संकुल में केंद्रीय विद्यालय खटीमा, केंद्रीय विद्यालय रानीखेत, केंद्रीय विद्यालय काशीपुर एवं केंद्रीय विद्यालय बनबसा छावनी भाग ले रहे हैं। कई स्कूलों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई।



सराईखेत में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मौजूद अतिथि।

### 1500 मीटर दौड़ में दीपक और सरोजनी ने बाजी मारी

**अल्मोड़ा :** स्याल्दे विकासखंड में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। शुक्रवार को विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में दीपक मनराल और सरोजनी ने बाजी मारी। अटल उत्कृष्ट राइंका सराईखेत के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी प्रधानाचार्य पुष्कर राम, विशिष्ट अतिथि राशिसं ब्लॉक अध्यक्ष मान सिंह रावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद प्रतियोगिता के अंडर 19 बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में दीपक मनराल, बालिका वर्ग में सरोजनी, अंडर-17 में पीयूष चंद्र शर्मा, लंबी कूद में पंकज कुमार ने बाजी मारी। अतिथियों ने विजली खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लॉक खेल समन्वयक यशपाल सिंह बिष्ट, हरेंद्र कुमार शर्मा, हरीश सिंह रावत, दिनेश रावत, नितिन चौहान, तुलसी रावत, ट्विंकल नरूला, मनीष भैसोड़ा, पंकज कुमार, सुरेंद्र मनराल आदि मौजूद रहे।

### शुभम कपकोटी अध्यक्ष, संजय बिष्ट महामंत्री बने


नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत।

**अल्मोड़ा :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने लमगड़ा ग्रामीण इकाई विस्तार कर दिया है। लमगड़ा मंडल से शुभम कपकोटी को अध्यक्ष और महामंत्री पद पर संजय सिंह बिष्ट सोनू को मनोनित किया है। जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने कहा कि युवा एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों के शामिल होने से देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा संगठन को और अधिक मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि लमगड़ा ग्रामीण ईकाई के नवनियुक्ति पदाधिकारियों को शुभकमनाएं देते हुए व्यापारियों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। यहां प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, महामंत्री राज कुमार केसरवानी, नगर अध्यक्ष संजय साह, प्रमोद पवार, वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, अशोक तिवारी, दर्शन जोशी, गिरीश आर्या, मोहन रायल, मोहन सिंह डंगवाल, चंदन बिष्ट, कुंदन सिंह नगरकोटी रहे।

# सुविधाओं से लैस होंगे थाने: डीजीपी

## थानों को ए, बी व सी श्रेणी के आधार पर मिलेंगी सुविधाएं, पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

**जनसंवाद**

- अल्मोड़ा में उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने जनसंवाद किया
- महिला अपराधों और नशा तस्करी से निपटने को सख्ती से होंगे प्रयास

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा पुलिस लाइन में निर्माण कार्यों का शुक्रवार को डीजीपी ने निरीक्षण किया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने शुक्रवार को अल्मोड़ा में जनसंवाद किया। इस दौरान जनसंवाद में महिला अपराध, नशा तस्करी और नगर के यातायात व्यवस्था को लेकर स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों और आम लोगों ने अपनी बात रखी। जिस पर डीजीपी ने सभी मामलों में सख्ती से निपटने का आश्वासन दिया।

शुक्रवार को अल्मोड़ा पहुंचे डीजीपी ने अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों में अपराधों की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस कप्तानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अल्मोड़ा पुलिस लाइन का भी निरीक्षण किया और वहां चल रहे निर्माण कार्यो का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस कानून के दायरे में रहकर कार्य करे। एनकाउंटर के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड पुलिस, गंभीर अपराध करने वाले बाहरी राज्यों के अपराधियों के प्रति मित्र पुलिस की भूमिका का रोल किसी भी हालत में नहीं निभाएगी। जबकि ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा डीजीपी ने स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि पुलिस महिला अपराध, नशे का व्यापार और यातायात सुधार पर सक्रियता से काम कर रही है। नशे का बड़ा कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि युवाओं को सुधारने के लिए रिहैब सेंटर भेजा जाएगा। वहीं, उन्होंने प्रदेश की चौकियों को सोलर प्लांट से लेस किए जाने, राज्य के थानों को ए, बी, सी श्रेणी के आधार पर सुविधाओं से लेस किए जाने की बात कहीं। इस मौके पर एसएसपी देवेंद्र पींचा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में शुक्रवार को बैठक लेते सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

# घर-घर सत्यापन के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

- सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की

**अमृत विचार :** सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड मस्तु दास ने अल्मोड़ा में शुक्रवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम समेत निर्वाचन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी दास ने घर-घर सत्यापन का कार्य में तेजी लाने, मतदाता सूची, एपिक कार्ड में विसंगतियों को दूर करने, मतदेय स्थलों का सुधारीकरण एवं कंट्रोल टेबल समेत अन्य कार्यों की समीक्षा कर कार्यों को व्यवस्थित एवं तेजी से करने के निर्देश दिए। बताया कि दावे एवं आपातियों के निस्तारण की तिथि 24 दिसंबर और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा। बैठक में एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा, सुनील कुमार राज, सीमा विश्वकर्मा, एनएस नगन्याल, भरत सिंह रावत रहे।


लमगड़ा में शुक्रवार को पूर्व विस अध्यक्ष कुंजवाल ने लोगों के साथ धरना दिया।

# समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर धरना

संवाददाता, अल्मोड़ा

- पूर्व विस अध्यक्ष ने ग्रामीणों को साथ लेकर लमगड़ा में सरकार के खिलाफ धरना दिया

**अमृत विचार :** जागेश्वर विधानसभा की समस्याओं को लेकर पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने शुक्रवार को लोगों के साथ लमगड़ा में धरना दिया। क्षेत्र की तीन प्रमुख पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति नहीं होने और योजनाओं में अनियमितता का आरोप लगाया। मामले को लेकर एडीएम लमगड़ा को ज्ञापन सौंपा।

धरना स्थल पर पूर्व विस अध्यक्ष कुंजवाल ने कहा कि फड़का-भागादेवली-मोतियापाथर, कपकोट-लमगड़ा और गैराड़-गुरूड़ाबाज पंपिंग पेयजल योजना लंबे समय से बदहाल बनी हुई है। कहा कि विस क्षेत्र के कपकोट लमगड़ा ग्राम समूह पंपिंग योजना का मूल स्रोत सत्ता के दबाव में आकर ऐसे स्थान पर परिवर्तित कर दिया गया है जहां गर्मियों में पानी नहीं आता है। इससे लमगड़ा बाजार, कपकोट, गोलीमहर, धूरासग्रोली, ध्यूली रौतेला, दुवरौली, जाख तिवारी, गैलाकोट आदि गांवों को पानी नहीं मिल पाएगा।

### बसभीड़ा में देर तालीम में जुटे हैं कलाकार

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के बसभीड़ा में 14 अक्टूबर से होने वाली रामलीला के लिए नव प्रभात स्कूल बसभीड़ा में प्रशिक्षण जोरों पर चल रहा है। डायरेक्टर चंद्र लाल वर्मा एवं सह डायरेक्टर किरन कुमार पांडेय के निर्देशन में अपराह्न 4 बजे से सायं 6:30 बजे तथा रात 9 बजे से 12 तक तालीम चल रही है। पात्रों के उत्साहवर्धन हेतु रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जगत सिंह किरोला एवं कोषाध्यक्ष मोहन सिंह किरोला भी तालीम में जमे रहते हैं। राम, लक्ष्मण, सीता, भरत एवं शत्रुघ्न की भूमिका में क्रमशः तमन्ना चौधरी, वैष्णवी किरोला, खुशी चौधरी, दक्षेश पांडे एवं रितवेश तिवारी हैं। वही रावण की भूमिका दीनदयाल वर्मा, परशुराम एवं अंगद किरन कुमार पांडेय, हनुमान की भूमिका में अंकुश वर्मा, मेघनाद की भूमिका में हीरा नेगी आदि प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग

- दुग्ध सचिवों ने गांधी पार्क में शासन- प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया
- आठ सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा गांधी पार्क में शुक्रवार को प्रदर्शन करते दुग्ध सचिव।

**अमृत विचार:** आठ सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर दुग्ध संघ सचिवों ने मोर्चो खोल दिया है। नाराज दुग्ध सचिवों ने शुक्रवार को गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि दुग्ध सचिव लंबे समय से ग्रुप सचिवों की नियुक्ति समेत तमाम समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे है। लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

जिससे दुग्ध सचिवों में रोष व्याप्त है। उन्होंने सचिव प्रोत्साहन राशि दो रुपये प्रति लीटर करने, बीमा और पीएफ फंड बनाने, दुग्ध संघ में दुग्ध सचिवों की नियुक्ति करने, दुग्ध संघ में किए गए भुगतान का पूरा विवरण सचिव को भेजने, वित्तीय अनियमितताओं को दुरुस्त करने, फील्ड स्टाफ सचिव की कमी के मद्देनजर ग्रुप सचिव नियुक्त करने, पिछले वर्ष की दुग्ध वृद्धि प्रोत्साहन सचिवों को देने समेत तमाम मांगों को उठाया। जल्द समस्याएं दूर नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। यहां धरना-प्रदर्शन करने वालों में आनंद सिंह बिष्ट, पुष्पा देवी, चांदनी, हंसी चौधरी, विजय कुमार, महेश चंद्र पंत, लक्ष्मण सिंह, मोहन सिंह चम्याल, हरीश तिवारी, रविंद्र सिंह खाती, गोपाल सिंह, सुरेश चंद्र, गिरधर सिंह, श्याम सुंदर नेगी, बलवंत बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# मासूमों को पता नहीं कब काट दिया मां का गला

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** कपकोट क्षेत्र अंतर्गत गैरखेत में नेपाली मजदूर देवा पहले पत्नी की हत्या और फिर अपना गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश से ग्रामीण भी सन्न हैं। वहीं पुलिस के लिए भी इस मामले को सुलझाना किसी चुनौती से कम नहीं है।

मृतका के तीन बच्चे भी इस घटना का कारण नहीं बता पा रहे हैं। तीनों बच्चे घटना से सन्न हैं। घटना के दौरान महिला की हत्या कब हुई इसका भी मासूमों को पता नहीं है। बच्चों का कहना है कि जब उसके पिता ने अपना गला काट दिया तब उन्हें घटना का पता चला। इधर चिकित्सकों के अनुसार घायल नेपाली युवक की हालत गंभीर एवं स्थिर है। उसका अत्यधिक रक्तस्राव हो चुका है।

> घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। फौरेंसिक टीम ने अपना कार्य प्रारंभ करके मौके से रक्त आदि एकत्र कर लिया है। अभी तहरीर नहीं आई है। परंतु पुलिस कार्रवाई कर रही है।
> **- चंद्रशेखर आर घोड़के**, पुलिस अधीक्षक बागेश्वर

## उत्तर प्रदेश

# छेड़खानी की शिकायत करने पर पुलिस ने भी धमकाया तो छोड़नी पड़ी नौकरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑफिस आते-जाते रास्ता रोकते थे शोहदे, चौकी इंचार्ज ने भाई समेत जेल भेजने की दी धमकी
- एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट, दरोगा के खिलाफ कार्रवाई नहीं
- पीछा छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये की रंगदारी भी मांगने का आरोप



**अमृत विचार :** महिला सुरक्षा के दावों के उलट शोहदों से परेशान युवती को ही पुलिस की ओर से धमकाने की एक और घटना सामने आई है। रास्ते में लगातार छेड़खानी और रास्ता रोके जाने की शिकायत करने पहुंची युवती को दरोगा ने भी धमकाया तो उसे नौकरी छोड़कर घर बैठना पड़ा।

अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर युवती की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली गई है लेकिन उसे और उसके भाई को फर्जी केस में जेल भेजने की धमकी देने वाले दरोगा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्राइवेट नौकरी करने वाली बारादरी इलाके की युवती के मुताबिक रामपुर बाग में उसके कार्यालय आते-जाते हुए वैभव वर्मा नाम का युवक चार-पांच साथियों के साथ कई महीनों से उसका पीछा कर रहा था। कई बार उसने उसका रास्ता रोककर उससे बात करने की कोशिश की। काफी समय अनदेखी करने के बाद भी वह बाज नहीं आया तो उसने सख्त विरोध जताया। इस पर वह उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। 12 सितंबर को कार्यालय जाते समय वैभव वर्मा ने फिर चार-पांच साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया और आगे न जाने देने पर अड़ गया।

युवती के मुताबिक पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर वह उसे जान से मारने और पूरे परिवार को झूठे केस में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीछा छोड़ने के लिए उससे 50 हजार रुपये भी मांगे। पीड़िता के मुताबिक उसने उसी दिन कांकरटोला चौकी जाकर पुलिस से शिकायत की तो चौकी इंचार्ज वाकर अहमद ने उसे और उसके भाई को ही फंसाने की धमकी देने लगे। इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी। बुधवार को उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। उनके आदेश पर थाना बारादरी में रिपोर्ट आरोपी वैभव और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। उधर, चौकी इंचार्ज वकार अहमद ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है।

# किसानों को संसाधन देने पर जोर

- सीडीओ ने आईएफएस क्लस्टर की कार्य योजना को लेकर चर्चा की
- अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा विकास भवन में शुक्रवार को सीडीओ ने आईएफएस की बैठक ली।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आईएफएस की शुक्रवार को आयोजित हुई। सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आईएफएस क्लस्टर की कार्य योजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों को प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ दिवेश शाशनी ने कहा कि उनका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को साकार करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आईएफएस के तहत किसानों को उन्नत सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए गहन समन्वय और सहयोग का आह्वान किया।

बताया कि आईएफएस क्लस्टर की कार्य योजना को शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाएगा। जिससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को नई दिशा और गति मिलेगी और किसानों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने इस योजना को ग्रामीण विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया और कहा कि इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि उनके जीवन में समृद्धि और स्थिरता भी आएगी।

बैठक में डीडीओ एसके पंत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश अग्रवाल, मुख्य कृषि अधिकारी विनोद शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### भूस्खलन से बचाव के उपाय करने की मांग

**रानीखेत :** विकासखण्ड ताड़ीखेत अंतर्गत भूस्खलन से भयभीत ग्राम सभा बग्वाली रौतेला के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से भू-स्खलन से बचाव के उपाय करने की गुहार लगाई है।

जिला पंचायत सदस्य मोवड़ी शोभा रौतेला ने संयुक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में ग्राम सभा बग्वाली रौतेला के आमगैर तोक और हुकुम सिंह के ग्वेल मंदिर काकड़ा तोक में भू-स्खलन हो रहा है। गनियाद्योली सिंगोली अम्याडी. मोटरमार्ग के किलोमीटर आठ में सड़क बैठ रही है। उससे भारी दरारें आ चुकी हैं। ज्ञापन में कहा कि बग्वाली रौतेला ग्रामसभा क्षेत्र 2009-10 व 2013-14 से ही आपदाग्रस्त गांव है।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक का शव खेत में शीशम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर जैनी निवासी रौदास उर्फ काले (22 वर्ष) पुत्र नत्थू सिंह गुरुवार को शाम खाना खाने के बाद घर से खेत पर छुट्टा पशुओं से धान फसल की रखवाली के लिए गया था। शुक्रवार सुबह रौदास का शव खेत में शीशम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और कोहराम मच गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दो और अभियंताओं के नाम घोटाले में शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली और पीलीभीत में हुए घोटाले में अब तक 33 अधिकारी-कर्मचारी मिले दोषी

**अमृत विचार :** बरेली और पीलीभीत में सितारगंज फोरलेन और रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले में दोषियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

सत्यापन और मूल्यांकन में गड़बड़ी करने के मामले में अब पीलीभीत में लोनिवि के तत्कालीन अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता के नाम भी सामने आए हैं। अभियंताओं के नाम शासन को भेज दिए गए हैं। अब पीलीभीत में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या 20 हो गई है और बरेली के 13 अधिकारी-कर्मचारी दोषी मिले हैं। पीडब्ल्यूडी के पांच अधिकारियों का निलंबन हो चुका है। बरेली में सीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने 21.52 करोड़ और पीलीभीत में अपर आयुक्त प्रशासन प्रीती जायसवाल की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने 58.91 करोड़ का घोटाला पकड़ा है। मंडलीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल द्वारा शासन को भेजी रिपोर्ट में दो तत्कालीन पीडी, कई लेखपाल, एनएचएआई के साइट इंजीनियर, नोडल एजेंसी और जिला प्रतिनिधि समेत तत्कालीन अधिकारियोंको जिम्मेदार और चार विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारियों की भूमिका को भी संदिग्ध माना है।

### बस से दिल्ली भेजे 10.50 लाख गायब

**पीलीभीत, अमृत विचार:** मोबाइल कारोबारी ने रोडवेज से दिल्ली के व्यापारी को भेजे 10.50 लाख रुपये गायब हो गए। उसने पार्सल में रुपये रखकर दिये थे। कई दिन बाद भी दिल्ली के व्यापारी तक रुपये न पहुंचने पर कारोबारी ने चालक-परिचालक पर रुपये हड़पने का आरोप लगाकार सुनगढ़ी थाने में तहरीर दी है। चालक-परिचालक का कहना है कि पार्सल में रुपये हैं व्यापारी ने यह नहीं बताया था। पुलिस जांच कर रही है। शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी मोबाइल विक्रेता मुल्तकिम ने बताया कि उनका माल दिल्ली से आता है। 20 दिन पहले उन्होंने दिल्ली जाने वाली एक बस में पार्सल रखवाया था। पार्सल में 10.50 लाख रुपये रखे थे। पार्सल बस के परिचालक व चालक को दिया था। पार्सल में रुपयों की जानकारी दे दी थी।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2490, राज श्री 1850, फॉर्चून कि. 2205, रविन्द्रा 2400, फॉर्चून ली. 2025, जय जवान 1975, सचिन 2080, सूरज 2000, असवर 2090, राग गोल्ड 2160, गृहणी ली 2050, क्लासिक (किलो) 2145, मोर 2170, चक्र टिन 2260, ब्लू 2220, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2460 । किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायन 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकिo) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शरबती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती (1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी–डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

# भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी : सीईए

## मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी

कोलकाता, एजेंसी

केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए यह वृद्धि दर सराहनीय है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर (नॉमिनल) वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी।



● वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद ही अच्छी उपलब्धि : नागेश्वरन

नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्त वर्ष में स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद अच्छी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जबकि विश्व मध्यम अवधि की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है और वैश्विक व्यापार धीमा पड़ रहा है, भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना सरकार द्वारा अपनाई संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों के दम पर मजबूत हो गया है।

### चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं

नागेश्वरन ने कहा कि घरेलू बाजारों और बैंकिंग प्रणाली की अच्छी स्थिति से देश के चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं है। वृहद संकेतक स्थिरता का संकेत देते हैं। पूंजीगत व्यय में भारी बदलाव आया है, जीडीपी के मुकाबले बाह्य ऋण का अनुपात कम हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों से देश की ऋण प्रणाली को उन्नत करने की आवश्यकता है।

# डेरिवेटिव्स : शेयर के दर में बदलाव पर लाभ का अवसर

इक्विटी डेरिवेटिव्स वित्तीय बाजारों में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो निवेशकों को शेयरों के मूल्य में बदलाव के आधार पर लाभ उठाने का अवसर देते हैं। ये ऑप्शंस और फ्यूचर्स, निवेशकों को अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में मदद करते हैं। हालांकि, इनके साथ उच्च जोखिम भी जुड़ा होता है, जिसमें मार्केट उतार-चढ़ाव और समय सीमाएं शामिल हैं। सही जानकारी और रणनीति के साथ, डेरिवेटिव्स निवेशकों के लिए प्रभावशाली साधन बन सकते हैं, लेकिन सावधानी और ज्ञान जरूरी है। आइए इस पर नजर डालें...



**मार्केट वॉच :** इक्विटी डेरिवेटिव्स का मतलब शेयर बाजार में उपयोग होने वाले डेरिवेटिव्स की निगरानी करना। डेरिवेटिव्स ऐसे वित्तीय अनुबंध हैं जिनकी कीमत किसी अन्य संपत्ति, जैसे कि शेयरों, पर निर्भर करती है।

### निवेश के लाभ

**हेजिंग :** डेरिवेटिव्स का उपयोग निवेशक पोर्टफोलियो को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, पुट ऑप्शंस का उपयोग करके वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।

**लिवरेज :** डेरिवेटिव्स से निवेशक छोटी पूंजी के साथ बड़ी मात्रा में शेयरों का नियंत्रण पा सकते हैं। इससे संभावित लाभ बढ़ता है, लेकिन जोखिम भी बढ़ता है।

**रिटर्न का विविधीकरण :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से रिटर्न उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि स्ट्रैडल या स्ट्रैंगल ऑप्शंस।

### ऑप्शंस और फ्यूचर्स

**फ्यूचर्स :** ये अनुबंध हैं जिनमें दो पक्ष एक निश्चित तिथि पर एक निश्चित मूल्य पर संपत्ति का आदान-प्रदान करने के लिए सहमत होते हैं।

**ऑप्शंस :** ये अनुबंध किसी को एक तय कीमत पर तय समय में शेयरों को खरीदने (कॉल) या बेचने (पुट) का अधिकार देते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

**उच्च जोखिम :** डेरिवेटिव्स का उपयोग लिवरेज के माध्यम से होता है, जिससे लाभ के साथ नुकसान भी बढ़ सकता है। एक छोटे मूल्य परिवर्तन से बड़े नुकसान हो सकते हैं।

**जटिलता :** डेरिवेटिव्स के कई प्रकार और रणनीतियां होती हैं, जिनको समझना और सही से उपयोग करना चुनौतीपूर्ण होता है। गलत निर्णय लेने पर नुकसान हो सकता है।

**मार्जिन कॉल :** यदि बाजार आपके खिलाफ है, तो आपको मार्जिन खाते में अतिरिक्त पूंजी जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ सकता है।

**कम लागत :** शेयरों की सीधी खरीदारी की तुलना में, डेरिवेटिव्स खरीदने की लागत आमतौर पर कम होती है, जिससे छोटे निवेशक भी भाग ले सकते हैं।

**सामरिक निवेश :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न सामरिक निवेश दृष्टिकोणों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि कवरिंग शॉर्ट पोजीशंस या रिवर्स स्ट्रैटेजीज।

**लचीलापन :** डेरिवेटिव्स में कई प्रकार के अनुबंध होते हैं, जिससे निवेशकों को जोखिम सहिष्णुता और निवेश लक्ष्यों के अनुसार रणनीति बनाने की सुविधा मिलती है।

**ऑनलाइन रिसर्च :** विभिन्न वित्तीय वेबसाइटों जैसे कि याहू फाइनेंस, ब्लूमबर्ग और मनी कंट्रोल पर डेरिवेटिव्स से संबंधित जानकारी और अपडेट्स मिल सकते हैं।

**पुस्तकें :** वित्तीय बाजारों और डेरिवेटिव्स पर पुस्तकें पढ़ना अच्छा तरीका है। इनमें सिद्धांत, रणनीतियां और वास्तविक जीवन के उदाहरण शामिल होते हैं।

**कोर्स और वेबिनार :** कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कोरसेरा, यूडेमी और ईडीएक्स डेरिवेटिव्स पर पाठ्यक्रम देते हैं।

**ब्रोकर और वित्तीय सलाहकार :** ब्रोकर या वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना भी अच्छा विकल्प है। वे व्यक्तिगत सलाह और मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**मार्केट रिपोर्ट्स :** विभिन्न वित्तीय संस्थान और शोध संस्थान नियमित रूप से मार्केट की रिपोर्ट्स जारी करते हैं। इनका अध्ययन करना भी सहायक होता है।

**ग्रुप्स :** निवेशक फोरम और सोशल मीडिया समूहों में अनुभव साझा कर सकते हैं और सवाल पूछ सकते हैं।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती– 5650 मसूरी– 5200 बासमती– 9100 परमल– 3700 दाल दलहन : काला चना– 8800 साबुत चना दाल– 9300 मूंग साबुत– 10500 राजमा– 13000–16300 दाल उड़द–10400 साबुत मसूर दाल– 7500 मसूर दाल– 9100 उड़द साबुत–10600 काबुली चना– 13500–16200 अरहर दाल– 15900 लोबिया/करमानी– 8500 सोयाबीन– 5200 मूंगफली– 11900 मटर (सूखी)–5950 मक्का– 3800 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 915 (अनुमानित) |

# नवाचार में भारत ऊंचाइयों पर वैश्विक सूची में 39वां स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

● लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 133 देश शामिल, 2015 में 81वें व गत वर्ष 40 में स्थान पर था भारत

देश में नई प्रौद्योगिकी और प्रक्रियाओं के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के बढ़ते प्रयास के साथ भारत लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024 में 133 देशों की सूची में भारत 39वें स्थान पर है। भारत 2015 में इस सूची में 81वें स्थान और पिछले साल 40 में स्थान पर था।

सूचकांक में भारत मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। 2024 की सूची में स्वीटजरलैंड, स्वीडन और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची में नवाचार की दृष्टि से शीर्ष 10 देश में क्रमशः सिंगापुर, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, नीदरलैंड ,जर्मनी और डेनमार्क है। 10 देश में सभी उच्च आय वर्ग के देश हैं। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व से प्रेरित होकर, भारत ने ये उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

## विशेष इस्पात को एक और पीएलआई योजना होगी शुरू : सचिव

**नई दिल्ली।** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के एक और दौर पर काम कर रही है, क्योंकि पहले दौर की प्रतिक्रिया अनुरूप नहीं रही। शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के इस्पात शिखर सम्मेलन 2024 में पौंड्रिक ने कहा कि विशेष इस्पात ऐसा क्षेत्र है जहां काम की जरूरत है। सरकार इसे प्रोत्साहित करने को पीएलआई योजना लाई, लेकिन इसका उठाव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा



● 2.84 अरब डॉलर की बढ़ोतरी गत सप्ताह 22.3 करोड़ डॉलर की हुई थी वृद्धि

आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।

## क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय मंत्री समूह का गठन किया है। यह मार्च 2026 में क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर कर पर निर्णय करेगा। मंत्री समूह (जीओएम) में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और बंगाल के सदस्य हैं। यह 31 दिसंबर तक परिषद को रिपोर्ट सौंपेगा।जीएसटी में विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28% कर के अलावा कई दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर है।



# आतंकियों को न कफन मिलेगा, न दो गज जमीन

## जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में बोले मुख्यमंत्री योगी, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को दी चेतावनी

जम्मू, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में हिंसा भड़काने के किसी भी प्रयास से आतंकवादियों खात्मा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि उसे कुचल देगा, दफना देगा।

योगी ने उधमपुर जिले के रामनगर की रैली में कहा कि भारत आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर है। यदि पाकिस्तान के समर्थन से कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके पास न



जम्मू कश्मीर के उधमपुर के रामनगर में रैली में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

तो ओढ़ने को कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन होगी।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को डबल इंजन सरकार मॉडल की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप डबल इंजन सरकार का उदाहरण देखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में राम मंदिर है, जो 500 साल बाद बनाया गया। जब हमने राम मंदिर की प्रक्रिया शुरू की तो कुछ लोगों ने कहा कि यदि राम मंदिर का फैसला आया और निर्माण शुरू हुआ तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा कि यह नया भारत है, जहां सुरक्षा सर्वोच्च है। योगी ने दावा किया कि साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में दंगे की एक भी घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जम्मू-कश्मीर को भी ऐसे विकास का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देकर राजनीतिक लाभ के लिए जम्मू-कश्मीर का शोषण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अलगाववाद और वंशवाद के पुराने दिन वापस नहीं लौटेंगे। जनता ने इन तीनों परिवारों को विदाई देने का फैसला कर लिया है और चुनाव के बाद उनकी विदाई तय हो जायेगी।

### कश्मीर ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना



**जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवा मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं। जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा कि दो चरणों में मतदान शांतपूर्ण रहा। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। 370 के निरसन से पहले, हर साल 300–400 युवा आतंकी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे।

### रेवाड़ी में चुनावी रैली के दौरान शाह ने राहुल गांधी से पूछा

# क्या एमएसपी का मतलब जानते हैं

रेवाड़ी, एजेंसी

किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में चुनावी रैली में भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ एनजीओ ने राहुल बाबा से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा कि राहुल बाबा आप एमएसपी



● गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

● बोले- हरियाणा सरकार एमएसपी पर खरीद रही है 24 फसलें

का पूरा नाम जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है? शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1300 रुपये प्रति क्विंटल थी लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) पर धान खरीदेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरा किया है। भाजपा ने हरियाणा में एक समान विकास किया है और 10 साल में भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार के आधार पर चलती थीं जबकि डीलर, दलाल और दामाद राज करते थे।

## एक नजर

### सिक्किम में भारी बारिश से भूस्खलन, पुल क्षतिग्रस्त

**गंगटोक।** सिक्किम में तीन दिन से जारी भारी बारिश से कई इलाकों में भूस्खलन हुआ है और राज्य के उत्तरी हिस्से का प्रवेशद्वार माने जाने वाले पुराने रंग–रंग पुल को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से मंगन जिला मुख्यालय राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है। संकलांग पुल के पिछले साल क्षतिग्रस्त होने से जोंगू से होकर जाने वाला वैकल्पिक मार्ग भी अवरुद्ध हो गया था। जिला प्रशासन सड़क संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम कर रहा है और बारिश के कारण हुए नुकसान का आकलन कर रहा है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सिक्किम में अगले दो दिन के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करके भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### भागलपुर में एक और छोटा पुल ढहा

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को छोटे पुल का खंभा ढह गया। भागलपुर के जिलाधिकारी (डीएम) नवल किशोर चौधरी ने कहा कि पीरपैंती–बाबूपुर इलाके को बाखरपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर छोटे पुल का खंभा शुक्रवार सुबह छह बजे थोड़ा नीचे गिर गया। पूरा पुल नहीं गिरा है... पुल पर यातायात बंद है और तकनीकी विशेषज्ञ मरम्मत में लगे हुए हैं। ऐसा संभवत: गंगा नदी से बाढ़ का पानी सड़क पर आ जाने से हुआ होगा । डीएम ने कहा कि घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

# बदलापुर आरोपी के शव को दफनाने के लिए स्थान की पहचान करे पुलिस

मुंबई, एजेंसी

● पिता की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्जन स्थान की तलाश का निर्देश

● शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की प्रथा नहीं की दलील को ठुकराया

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पुलिस को बदलापुर मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के शव को दफनाने को निर्जन स्थान की पहचान का निर्देश दिया। आरोपी पुलिस की जवाबी गोलीबारी में मारा गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की पीठ ने कहा कि स्थान की पहचान होने पर पुलिस शिंदे के परिजनों को सूचना देगी।

कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को रद कर दिया कि शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की कोई प्रथा नहीं है तथा इसे उनके माता-पिता की इच्छा बताया। शिंदे के पिता ने बेटे के शव को दफनाने के लिए जगह की व्यवस्था का अनुरोध करते हुए कोर्ट का रुख किया। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने बताया कि बदलापुर और पड़ोसी इलाकों के सभी कब्रिस्तानों ने शिंदे के शव को दफनाने से इनकार कर दिया है और इसका विरोध किया है।

### शीना बोरा हत्याकांड

## इंद्राणी की विदेश यात्रा की अनुमति रद

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से दी अनुमति शुक्रवार को रद कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति श्याम सी चांडक की एकल पीठ ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सीबीआई ने इस आधार पर याचिका दायर की है कि इंद्राणी एक गंभीर अपराध के लिए मुकदमे का सामना कर रही हैं और उनके देश से भागने की संभावना है।

# प्रधानमंत्री के एकाधिकार मॉडल ने एमएसएमई को किया तबाह : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है। राहुल ने पिछले दिनों जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो एक्स पर साझा किया।

राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि जम्मू - कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे - व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है।



● लोस में नेता प्रतिपक्ष ने जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात का वीडियो एक्स पर किया साझा

मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने उत्पादक से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न लोगों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसलों के सारांश के साथ वेब पेज किया शुरू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अपने महत्वपूर्ण निर्णयों का सारांश उपलब्ध कराने को नया वेब पेज शुरू किया है। इस संबंध में कहा गया कि वेब पेज लैंडमार्क जजमेंट समरीज नागरिकों के लिए सुविज्ञ सूचना देने, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और कानून के साथ सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ाने के अदालत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों को समझना आसान बनाता है।

इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले देश भर में सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। इसलिए न्यायालय अपने निर्णयों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाने के महत्व को पहचानता है। हालांकि, जटिल कानूनी भाषा और लंबे फैसले नागरिकों को न्यायालय के काम और निर्णयों को समझने में बाधा बन सकते हैं, और यहां तक कि महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में गलत धारणाएं भी पैदा हो सकती हैं। वेब पेज पर सार्वजनिक हित के महत्वपूर्ण फैसलों की वर्ष-वार सूची शामिल है।

## बिहार में स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि बीती रात नौ बजकर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया।

# आतिशी, केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को शीर्ष सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

### मानहानि मामला

सुप्रीम कोर्ट मानहानि के मामले में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप नेता अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। दोनों नेताओं ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मतदाता सूची से कुछ समुदायों के 30 लाख मतदाताओं के नाम कथित तौर पर हटाने के बारे में उनकी टिप्पणियों पर मानहानि का मामला रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस. वीएन भट्टी की पीठ ने शुक्रवार को भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से पेश अधिवक्ता सोनिया माथुर की दलीलों पर गौर किया कि रिपोर्ट में उनके कैविएट का उल्लेख नहीं किया है और वे जवाब दाखिल नहीं कर सकीं, क्योंकि याचिका गुरुवार देर शाम सौंपी गई। पीठ ने सुनवाई के लिए सोमवार का दिन तय किया।

## एमसीडी की रिक्त सीट भाजपा ने जीती

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर शुक्रवार को निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ भाजपा के पास अब समिति में 10 सदस्य हैं।

# भारत माता की जय का नारा नफरती नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधानों का दुरुपयोग करने की निंदा करते हुए ''भारत माता की जय'' नारा लगाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी रद कर दिया है।

कर्नाटक के उल्लाल तालुक के निवासियों पर भारत माता की जय के नारे लगाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत

● कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- यह राष्ट्रीय एकता को देता है बढ़ावा



मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इस नारे को घृणा भाषण या धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नहीं माना। यह फैसला धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण की परिभाषा को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए का अभूतपूर्व दुरुपयोग है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 153ए के तहत आरोप साबित करने के लिए आवश्यक कोई भी तत्व इस मामले में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह मामला धारा 153ए का क्लासिक दुरुपयोग है और यह केवल एक प्रतिकार के रूप में दर्ज किया गया था। भारत माता की जय का नारा लगाना किसी भी तरह से धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा नहीं देता है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है।

## खेल डायरी

### चोटिल जॉश हल पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल क्वाड चोट के कारण अक्टूबर में वाले पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ओवल में तीसरे टेस्ट में तीन विकेट लिए थे। इसी टेस्ट मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओ ने हल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा है। पाकिस्तान दौरे के लिए क्रिस वोक्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कप्तान बेन स्टोक्स के सा अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला सात अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी और 15 अक्टूबर को दूसरे टेस्ट भी उसी मैदान पर खेला जायेगा। जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को रावलपिंडी में होगा।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

# बारिश बनी बाधा, धुला डेढ़ सत्र

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 166 मिनट में तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 107 रन

- **शुरूआती दो विकेट की सफलता आकाशदीप ने दिलाई, अश्विन को मिला एक विकेट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में पहले दिन शुक्रवार को बारिश बड़ी बाधा बनी रही। पहले दिन का डेढ़ सत्र का खेल बारिश में धुल गया। सुबह पहले सत्र में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन सत्र समाप्त होते ही बारिश शुरु हो गई।

भारत को दोनों सफलता आकाशदीप ने दिलाई। भोजन के बाद के दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने अपना तीसरा विकेट खोया। इस सत्र में अभी कुल 9 ओवर का ही खेल हो सका था कि तेज बारिश फिर बाधा बनी। तेज बारिश देखकर अंपायर्स ने खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। पहले दिन 166 मिनट का ही खेल हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए।

पहले दिन का मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरु हुआ। टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह व मो. सिराज की गेंदों का सामना करने में बांग्लादेश की ओपनर जोड़ी जाकिर व शादमान परेशान नजर आए। इसके बाद एक छोर पर अश्विन और दूसरे छोर पर आकाशदीप को लाते ही सफलता मिली। पारी के नौवें ओवर में आकाश दीप ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर जाकिर हसन को (0) पर चलता किया। इसके बाद 29 रन के स्कोर पर आकाशदीप ने शादमान को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद मोमिन उल हक के साथ कप्तान नाजमुल शांतो सधे अंदाज में रन जुटाते रहे और खेल को पहले सत्र के अंत तक ले गए। पहले सत्र में कुल 26 ओवर डाले गए। बांग्लादेश ने लंच तक 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। लंच के बाद 29वें ओवर में अश्विन ने मेहमान कप्तान नाजमुल शांतो को 31 रन पर एलबीडब्ल्यू करके तीसरी सफलता दिलाई।

### स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश (पहली पारी)** 107/3 35 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश दीप | 0 | 24 | 0/0 |
| शदमन इस्लाम पगबाधा आकाश दीप | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 40 | 81 | 7/0 |
| नजमुल हसन शंटो पगबाधा अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम नाबाद | 6 | 13 | 1/0 |

**अतिरिक्त :** 6, **विकेट पतन :** 1-26, 2-29, 3-80

**गेंदबाजी :** बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन 9-0-22-1, आकाश दीप 10-4-34-2



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे सत्र के दौरान हुई बारिश के बाद मैदान को किया कवर। ● एजेंसी

# नतीजा निर्भर होगा अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं।



- **ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन बोले- लगातार तीसरी शृंखला जीतना चाहेगी भारतीय टीम**

भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी श्रृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट शृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है। मैक्सवेल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है। मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं जिसमें से 50 दफा वे पांच विकेट झटक चुके हैं।

# मेदवेदेव ने बीजिंग में मोनफिल्स को हराया, अल्काराज एकतरफा जीते

बीजिंग, एजेंसी

डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।

लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी



वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। हुबर्ट हुर्काज तोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से हार गए। टेलर फ्रिट्ज और कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# श्रीलंका ने बनाया 602 का बड़ा स्कोर

गाले, एजेंसी

कामिंडू मेंडिस (नाबाद 182), दिनेश चांदीमल (116), कुसल मेंडिस (नाबाद 106) की शतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 602 रन बनाने के बाद पारी घोषित करने के बाद न्यूजीलैंड के 22 रन पर दो विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

श्रीलंका ने कल के तीन विकेट पर 306 रन से आगे खेलते हुए अभी 22 रन ही जोड़े थे कि ग्लेन फिलिप्स ने एंजलो मैथ्यूज (88)को आउट कर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 402 रन पर धनंजय डीसिल्वा (44) के रूप में गिरा। कप्तान धनजय डी सिल्वा के आउट होने के बाद मैदान पर आए कुसल



- **कामिंडू मेंडिस ने खेली नाबाद 182 रनों की पारी चांदीमल और कुसल ने भी जड़े शतक**

शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कुसल ● एजेंसी

ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। कुसल ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ा। शतक पूरा करने के लिए मेंडिस ने छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। कामिंडू मेंडिस ने 250 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 182) रनों की पारी खेली। श्रीलंका ने दूसरे दिन 602 रन पर पारी घोषित की। कामिंदु मेंडिस (नाबाद 182) और कुसल मेंडिस (106) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन विकेट लिये। वहीं टीम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में टॉम लेथम (2) का विकेट गवां दिया।

# ड्वेन ब्रावो ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया, मेंटोर बनकर केकेआर से जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की



- **वेस्टइंडीज के हरफनमौला ने छोड़ दिया चेन्नई का साथ**

जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।

# चोट ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप

सोनीपत, एजेंसी

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी।

### यह साल चोटों से भरा रहा है, नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा

सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे, लेकिन इस बार हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।



## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत टॉप लेवल के एक अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत जहां एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। वहीं अमिताभ भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पुष्पा 2: द रूल के सेट पर पहुंचे एसएस राजामौली

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली पुष्पा 2 द रूल के सेट पर पहुंचे और निर्देशक सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाईं। इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के धमाकेदार टीजर और गानों के रिलीज के साथ, यह फिल्म वास्तव में सबसे बड़ा फिनोमेना बन चुकी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सबके बीच, निर्देशक एसएस राजामौली ने पुष्पा 2 द रूल के सेट पर दौरा किया और सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाई। इन दोनों निर्देशकों के बीच इस आइकोनिक मुलाकात का पल कैद करते हुए, टीम ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा सेट्स से एक आइकोनिक तस्वीर #पुष्पा, भारतीय सिनेमा का गर्व ‹bha›@‹/bha›एसएस राजामौली ने सबसे बड़े मास फिल्म- #पुष्पा2 द रूल के सेट पर दौरा किया। पुष्पा 2 द रूल का प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को विश्वभर के सिनेमाघरों में होने वाला है। इस फिल्म को सुकुमार ने निर्देशित किया है और इसे माइट्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फ़हद फासिल शामिल हैं। संगीत टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

### एक्टर नहीं बनना चाहती हैं नव्या नवेली नंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। नव्या नवेली नंदा शोबिज़ का हिस्सा नहीं हैं। इसके बावजूद, नव्या का बहुत बड़ा फैनबेस है। उनका पॉडकास्ट, व्हाट द हेल नव्या? अपने दो सफल सीज़न के साथ हिट रहा है। नव्या अपने पिता निखिल नंदा के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अपने फैमिली बिजनेस में शामिल हो गई हैं। नव्या नवेली नंदा हाल ही में इंडिया टुडे मुंबई कॉन्क्लेव 2024 में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने बताया है कि वह एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से उनकी पसंद का है। चाहे मैं किसी भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं जो आज मेरी रियलिटी हैं। भारत में कई लोगों के लिए ये रियलिटी नहीं है. मैं कभी भी एक्टिंग नहीं करना चाहती थी। नव्या नवेली नंदा ने ये भी बताया कि आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला लेने के बाद उन्होंने ट्रोलिंग से कैसे डील किया था।

# अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा भारत

**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान किए हासिल**

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किये। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्चा, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में प्रियानुज भट्टाचार्य को चीनी ताइपे के लियू शिह-मिंग से करीबी अंतर से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि अभिनंद ने एक और कांस्य पदक हासिल किया। एम हंसिनी ने सिंड्रेला दास को हराकर लड़कियों का अंडर-17 फाइनल जीता तो दिव्यांशी बोमिक और जेनिफर वर्गीज ने क्रमशः कांस्य पदक जीते। लड़कों की अंडर-15 श्रेणी में भारत के सार्थक आर्य ने कांस्य पदक हासिल किया और वहीं लड़कियों की इसी श्रेणी में काव्या भट्ट, हंसिनी, सिंड्रेला और दिव्यांशी ने क्लीन स्वीप किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## रोमांचकारी लहरें



समुद्री हलचल के बीच ऊंची लहरे अकसर रोमांचित करती हैं। इंग्लैंड के काउंटी डरहम के सीहैम हार्बर में शुक्रवार को लाइटहाउस से लहरें टकराईं जिन्हें कैमरे में कैद किया गया। एजेंसी

## अमेरिका में भारतीय मूल के न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में अपने चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के उद्देश्य से खुद के बारे में गलत जानकारी देने के लिए फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश केपी जॉर्ज को गुरुवार शाम को जेल भेज दिया गया। फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायिक रिकॉर्ड के अनुसार, न्यायाधीश के तौर पर अपने चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर फैलाई गई गलत जानकारी से जुड़े कदाचार के लिए शाम 7:17 बजे जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक बयान में कहा गया है कि उन्हें निजी मुचलके पर जेल से रिहा किया गया, साल 2022 में अपने चुनाव अभियान के दौरान, जॉर्ज ने दावा किया था कि वह नस्लवादी और जेनोफोबिक हमलों के शिकार हुए थे।

# मेरा भारत को बाहर करने का एजेंडा कभी नहीं रहा

### मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू ने कहा- राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति थी गंभीर समस्या

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को बाहर करने (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम डीन्स लीडरशिप सीरीज में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

मालदीव के समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम ने उनके हवाले से कहा हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे।



यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मुइज्जू ने कहा, मालदीव के लोग नहीं चाहते कि एक भी विदेशी सैनिक देश में रहे।

### पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे दोनों देशों के संबंध

भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले। भारत ने 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया और उनकी जगह डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टरों के संचालन के लिए असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया।

### कहा- नेता हो या आम व्यक्ति किसी का भी अपमान बर्दाश्त नहीं

मालदीव के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने के लिए मालदीव के उपमंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। माइज्जू ने कहा कि मैंने स्पष्ट संदेश दिया था कि वह किसी का भी इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वह नेता हो या कोई आम व्यक्ति। हर इंसान की अपनी प्रतिष्ठा होती है। इस साल की शुरुआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था।

## एक नजर

### प्रख्यात लेखक व कवि केकी एन दारूवाला का निधन

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी के मशहूर कवि और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी केकी एन दारूवाला का लंबी बीमारी और निमोनिया के बाद 87 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी बेटी अनाहिता कपाड़िया ने बताया कि उन्हें एक साल पहले स्ट्रोक हुआ था और तब से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। स्ट्रोक से जुड़ी समस्याएं थीं, लेकिन इस बार स्ट्रोक नहीं पड़ा था, बल्कि निमोनिया से उनकी मृत्यु हुई। लघु कथाओं के लिए भी प्रसिद्ध दारूवाला के परिवार में दो बेटियां अनाहिता और रूकवेन, दामाद और चार नाती-नातिन हैं। अंतिम संस्कार शुक्रवार को शाम 4:30 बजे खान मार्केट के निकट पारसी आरामगाह में किया जाएगा।

### हैरी पॉटर में काम कर चुकीं अभिनेत्री मैगी का निधन

**लंदन।** हैरी पॉटर और डाउनटन एबे में अपने किरदार से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मैगी स्मिथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मैगी स्मिथ ने 1969 में 'द प्राइम ऑफ मिस जीन ब्रॉडी' के लिए ऑस्कर जीता और 'डाउनटन एबे' में विधवा 'काउंटेस ऑफ ग्रांथम' के रूप में 21वीं सदी में एक बार फिर प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उन्हें अक्सर उस पीढ़ी की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश अभिनेत्री माना जाता था, जिसमें वैनेसा रेडग्रेव और जूडी डेन्च भी शामिल थीं। 'जीन ब्रॉडी' के लिए उन्हें 1969 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अकादमी अवॉर्ड और ब्रिटिश अकादमी (बाफ्टा) पुरस्कार भी मिला।

### यूक्रेन को आठ अरब डॉलर की सैन्य सहायता की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए लंबी दूरी के हथियारों और एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली सहित लगभग आठ अरब डॉलर मूल्य की सैन्य सहायता की घोषणा की। व्हाइट हाउस से जारी बयान में यह जानकारी दी गयी।

### चीन की परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी डूबी

**वॉशिंगटन।** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित चीन की निर्माणाधीन हमलावर पनडुब्बी घाट के पास डूब गई। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# जयशंकर ने प. एशिया, यूक्रेन का उठाया मुद्दा

### विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस और महासभा अध्यक्ष यांग से की मुलाकात

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा विविधता में एकता, शांति एवं मानव कल्याण के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष का मुद्दा उठाया। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने गुरुवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे ''विस्तारित'' करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक अलग पोस्ट में कहा आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग के साथ।

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू ने कहा- उन्हें अन्य नेताओं के झूठ का खंडन करने के लिए यहां आना पड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में इसी मंच से किये गए झूठे दावों का खंडन करने के लिए वह यहां आए हैं। नेतन्याहू ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल की धरती पर हुए हमास के हमले के प्रति अपने देश की जवाबी कार्रवाई का बचाव किया। हमास के हमले की प्रतिक्रिया में चलाये गए इजराइली सैन्य अभियान ने गाजा पट्टी को तहस-नहस कर दिया। इस साल मैं यहां नहीं आना चाहता था। मेरा देश अपना अस्तित्व बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। लेकिन जब मैंने, कई वक्ताओं द्वारा इस मंच से मेरे देश पर लगाए गए झूठे आरोप और (उसकी) बदनामी को सुना, तो मैंने यहां आना पड़ा।

### पाकिस्तान ने यूएनजीए में फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि भारत को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने के फैसले को वापस लेना चाहिए और मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए उसके (पाकिस्तान) साथ बातचीत करनी चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में 20 मिनट से अधिक के अपने संबोधन में जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया साथ ही अनुच्छेद 370 और आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादी बुरहान वानी का संदर्भ दिया। शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि फिलिस्तीन के लोगों की ही तरह जम्मू कश्मीर के लोगों ने भी अपनी आजादी और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए एक सदी तक संघर्ष किया है। शरीफ ने आरोप लगाया कि शांति की दिशा में आगे बढ़ने के बजाय भारत जम्मू-कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हट गया है। उन्होंने कहा इन प्रस्तावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों को आत्मनिर्णय के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए जनमत संग्रह कराने की बात कहीं गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि इस्लामोफोबिया का बढ़ना ऐसा वैश्विक घटनाक्रम है जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा भारत में हिंदू श्रेष्ठतावादी एजेंडा इस्लामोफोबिया की सबसे चिंताजनक अभिव्यक्ति है। उम्मीद की जा रही है कि भारत उत्तर देने के अपने अधिकार के तहत पाकिस्तान के आरोपों का करारा जवाब देगा।

### तुर्किये ने नहीं किया कश्मीर का जिक्र

**न्यूयॉर्क।** तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पहली बार इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इस साल मंगलवार को दिये गए लगभग 35 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने गाजा की मानवीय संकट पर ध्यान केंद्रित किया, जहां हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों में 40 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा 2019 में वापस लिए जाने के बाद एर्दोआन ने हर साल यहां यूएनजीए सत्र में दुनियाभर के नेताओं के सामने कश्मीर का उल्लेख किया था।

# सुरक्षा बलों ने हिजबुल्ला के कई लड़ाके किए ढेर

- मारे गए आतंकियों में कबीसी के उप अब्बास इब्राहिम शराफ एड-दीन भी

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बेरूत पर हमले के बाद हिजबुल्ला आंदोलन के मिसाइल और रॉकेट बल के उप प्रमुख सहित कुछ शीर्ष लड़ाकों को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा मारे गए आतंकवादियों में कबीसी के उप अब्बास इब्राहिम शराफ एड-दीन शामिल हैं, साथ ही हिजबुल्ला की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल इकाई के एक शीर्ष ऑपरेटिव फुआद शफीक खजल खानफर को भी हमले में मार गिराया गया।

गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद इजराइल-लेबनानी सीमा पर स्थिति और खराब हो गई। सीमा से लगे इलाकों में इजराइली सेना और हिजबुल्ला के लड़ाके लगभग रोजाना गोलीबारी करते हैं। इजराइल ने सोमवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए। आईडीएफ के जनरल स्टाफ के प्रमुख हर्जी हलेवी ने लेबनान में आक्रामक अभियान को नॉर्दर्न एरोज करार दिया। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बमबारी से मरने वालों की संख्या 1,500 से अधिक हो गई है। हिजबुल्ला ने बदले में उत्तरी इजराइल की ओर 12 से अधिक रॉकेट दागे।

### लेबनान में सात दिन में 700 की गई जान

**यरूशलम।** लेबनान में इस सप्ताह इजराइल के हमलों में करीब 700 लोग मारे गये हैं। इजराइल ने लेबनान पर यह कहते हुए हमले तेज कर दिये हैं कि वह हिजबुल्ला की सैन्य क्षमताओं और उसके वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बना रहा है। शीर्ष इजराइली अधिकारियों ने धमकी दी है कि यदि हिजबुल्ला की ओर से गोलीबारी जारी रही, तो वह लेबनान में भी गाजा जैसे विध्वंस को दोहराएगा।

### हजारों लोगों ने सीरिया लेबनान सीमा पार की

**दमिश्क।** लेबनान में इजराइल हमले से बचने के लिए मंगलवार से गुरुवार दोपहर के बीच लगभग 42 हजार लोग सीरिया में प्रवेश कर चुके हैं। सीरिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जदीदत याबूस सीमा को पार कर आने वालों में 31 हजार सीरियाई और 11 हजार लेबनानी नागरिक शामिल हैं।

# कई राज्यों के सर्वेक्षणों में ट्रंप से आगे हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी



- यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किया गया नया सर्वेक्षण

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई।

यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बढ़त बनाए हुए हैं। यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस के 'असिस्टेंट प्रोफेसर और सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के एसोसिएट डायरेक्टर रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है। कॉर्नेजो ने कहा अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें ग्रेट लेक्स स्टेट में मजबूती से लड़ना होगा। अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को ग्रेट लेक्स स्टेट कहते हैं।

### पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों समर्थन

यूमास लोवेल सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के सर्वेक्षण के अनुसार, पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का जबकि ट्रंप को 46 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। फॉक्स न्यूज के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस अपने प्रतिद्वंदी ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन एरिजोना में वह पीछे हैं। इसके अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस को 51 प्रतिशत जबकि ट्रंप को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, एरिजोना में ट्रंप हैरिस से लगभग इतने ही अंतर से आगे हैं। उन्हें 51 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है, जबकि हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है।

## इमरान बोले- सरकार और उसकी एजेंसियों से दूर रहें पीटीआई नेता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने पार्टी नेताओं को सरकार और सेना के साथ बातचीत के प्रयासों से बचने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस तरह की किसी भी चर्चा से केवल उनके दुश्मन मजबूत होंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। अदियला जेल में लगभग एक वर्ष से बंद खान ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार और सैन्य एजेंसियों के साथ बातचीत करने से कोई लाभ नहीं होगा।उन्होंने कहा जितना हम पीछे हटेंगे, उतना ही वे हमें कुचलेंगे।उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान की सरकारी संस्थाओं, सैन्य एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों की आधिकारिक नीति नहीं है।

# चर्च में यौन शोषण के मामलों को लेकर पोप की आलोचना

ब्रसेल्स, एजेंसी

- बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने पीड़ितों के हितों को संस्था के हितों से ऊपर रखने की मांग की

बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में यौन शोषण की घटनाओं को छिपाने की भयावह परिपाटी को लेकर पोप फ्रांसिस पर निशाना साधते हुए इस सिलसिले में ठोस कदम उठाने तथा पीड़िताओं के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शुक्रवार को फ्रांसिस की यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह बात कही।

क्रू का भाषण, पोप की किसी विदेश यात्रा के दौरान उनपर अब तक दिए गए सबसे तीखे भाषणों में से एक था, जबकि राजनयिक प्रोटोकॉल के अनुसार सार्वजनिक भाषणों से आक्रोश को आमतौर पर दूर रखा जाता है। राजा फिलिप ने भी फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तमाल किया था और उन्होंने चर्च से प्रायश्चित करने और पीड़ितों को उबारने में मदद करने के लिए अनवरत काम करने की मांग की थी। फ्रांसिस ने क्रू के भाषण के अंत में तालियां बजाईं और शुक्रवार को ही पीड़ितों से उनके अकेले में मिलने की उम्मीद है।

### कहा- पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत

क्रू ने राजपरिवार के सदस्यों, चर्च के पदाधिकारियों, राजनयिकों और राजनेताओं समेत अन्य श्रोताओं के समक्ष कहा पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत है। दुराचार का पता लगाने की जरूरत है। जब कुछ गलत होता है तो हम उसे छिपाने की कोशिश नहीं कर सकते। चर्च का अपने अतीत से पाक-साफ होकर बाहर निकलना होगा।

## पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा अगले सप्ताह बनेंगे जापान के प्रधानमंत्री

**तोक्यो।** जापान की सत्तारूढ़ पार्टी ने पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरु इशिबा को शुक्रवार को अपना नेता चुन लिया जो प्रधानमंत्री के रूप में अगले सप्ताह कार्यभार संभालेंगे। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में मतदान के जरिए इशिबा को तकनीकी रूप से पार्टी का नया नेता चुना गया। अगले सप्ताह संसद में प्रस्तावित मतदान में उनका प्रधानमंत्री के रूप में चुना जाना तय है क्योंकि पार्टी का सत्तारूढ़ गठबंधन दोनों सदनों में बहुमत में है। पार्टी के इस चुनाव में दो महिलाओं सहित नौ उम्मीदवार मैदान में थे। इशिबा को पार्टी के सांसदों और जमीनी स्तर के सदस्यों ने मतदान के जरिए चुना। वर्तमान प्रधानमंत्री किशिदा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं और उनकी पार्टी अगले चुनाव से पहले जनता का विश्वास हासिल करना चाहती है।

# अमेरिका निष्पक्ष चुनाव कराने में बांग्लादेश का करेगा समर्थन

ढाका, एजेंसी

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा- अंतरिम प्रशासन के लिए अमेरिकी सहायता पर भी जोर दिया

अमेरिका ने बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने की प्रक्रिया को पूरा समर्थन देने का बात कही है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अनुसार, बांग्लादेश को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अमेरिकी सहायता मिलेगी, जो देश के समावेशी, लोकतांत्रिक और सभी के लिए न्यायसंगत भविष्य का निर्धारण करेगा। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया कि उन्होंने बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के लिए अमेरिकी समर्थन और सहायता पर भी जोर दिया क्योंकि इसने देश को आर्थिक स्थिरता की ओर अग्रसर किया और चल रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की गारंटी के लिए सुधारों के महत्व पर जोर दिया। द डेली स्टार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से निपटने, मीडिया की स्वतंत्रता को बनाए रखने, विश्व स्तर पर स्वीकृत श्रम अधिकारों का सम्मान करने और सभी बांग्लादेशियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए मजबूत संस्थानों की स्थापना के महत्व पर गुरुवार को मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस और ब्लिंकन ने विचार-विमर्श किया।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन की चपेट में आने से 15 की मौत

**इंडोनेशिया।** सुमात्रा द्वीप में अनधिकृत रूप से सोने का खनन कर रहे लोगों के मूसलाधार बारिश के चलते हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दर्जनों की संख्या में लोग लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय आपदा शमन एजेंसी कार्यालय के प्रमुख इरवान एफेंदोई ने कहा कि पश्चिम सुमात्रा प्रांत के सूदूर सोलोक जिले में स्वर्ण निकालने के लिए खुदाई कर रहे लोग भूस्खलन के कारण आस-पास के पहाड़ी इलाके से बहकर आए कीचड़ और अन्य तरह के मलबे में दब गए। कम से कम 25 लोग अब भी दबे हुए हैं और बचावकर्मियों ने तीन लोगों को जीवित बाहर निकाला है।

खगोल विज्ञान | ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास का रहस्य खोल सकती है आकाशगंगा

# जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड के अभिन्न अंग आकाशगंगा है। इनके निर्माण को लेकर कई प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जिसे समझने के लिए अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने एक ऐसी प्राचीन आकाशगंगा खोज निकाली है, जो आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, विकास अथवा निर्माण में प्रकाश डाल सकती है। नई खोज के अनुसार खोजी गई आकाशगंगा बेहद अजीब है। जिसका नाम जीएसएनडीजी-9422 है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने इसकी धुंधली तस्वीर खोजी है।



यह तस्वीर खगोलविदों को प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगा के विकास को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है। यह ऐसी आकाशगंगा है, जिसकी गैस अपने तारों से भी अधिक चमकीली नजर आती है। इस आकाशगंगा को लेकर माना जा रहा है कि यह ब्रह्मांड के पहले तारों और आकाशगंगाओं के बीच विकास की एक खोई हुई कड़ी हो सकती है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में 25 सितंबर को यह खोज प्रकाशित हुई है। आकाशगंगा जीएस-एनडीजी-9422 बिग बैंग के लगभग 1 अरब वर्ष अस्तित्व में आई। इस तरह की आकाशगंगा पहले कभी नही देखी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह खोज यह नई तरह की घटना है। जिस कारण यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा सकती है।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। प्रारंभिक ब्रह्मांड की घटनाओं में इसके सबूत मिल सकते हैं। यह खोज ब्रह्मांडीय विस्तार का श्रृंखलाबद्ध विवरण प्रस्तुत कर सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों प्रारंभिक ब्रह्मांड बहुत ही अलग वातावरण था। तुलनात्मक दृष्टि से वर्तमान स्थानीय ब्रह्मांड में विशाल तारों का तापमान 40,000 से 50,000 डिग्री सेल्सियस पाया जाता है, जबकि आकाशगंगा 9422 के तारों का तापमान 80,000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। इससे पता चलता है कि ब्रह्मांड का तब का वातावरण आजकी तुलना में भिन्न हुआ करता था।

### आसान नही ब्रह्मांड का मायाजाल समझना

नैनीताल : अनंत में फैला ब्रह्मांड के मायाजाल को समझना आसान नही है। वैज्ञानिकों ने जितने शोध पृथ्वी को समझने के लिए नही किए हैं, उससे कई गुना अधिक ब्रह्मांड को समझने के लिए किए है। मगर इसकी बारीकियां आजभी नही समझ पाए हैं। बहरहाल अंतरिक्ष के रहस्यों का राज भविष्य में ही खुलेगा। वर्तमान तकनीक भी ब्रह्मांड को समझने के लिए नाकाफी हैं।